CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $21^{0}$ C
न्यूनतम : $08^{0}$ C

हल्द्वानी, रविवार 8 फरवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 164 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भारत-अमेरिका व्यापार ढांचा मेक इन इंडिया को देगा नई गतिः योगी पेज 2



टी-20 विश्व कप से हर्षित राणा बाहर, सिराज भारतीय टीम में शामिल खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्सः अनिल अंबानी की चैट सामने आई पेज 11



रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी बॉलीवुड

## भारत पर लगा अमेरिकी एक्स्ट्रा टैरिफ हुआ खत्म

- अमेरिका में भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी
- अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई
- समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार को खोलेगाः पीयूष गोयल

**नई दिल्ली/वाशिंगटन।** कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है।



पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50 फीसदी घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25 फीसदी अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है। पीयूष गोयल ने कहा कि समझौते में साफ किया गया है कि भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी। मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे। यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है। दोनों देशों ने कहा कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी।

भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे। पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देशों ने फैसला किया है कि वे इसके कुछ नियम तय करेंगे, ताकि इस समझौते का लाभ मुख्य रूप से अमेरिका और भारत को ही मिले, न कि किसी तीसरे देश को। भारत और अमेरिका का इस व्यापार समझौते में नॉन-टैरिफ बैरियर्स को दूर करने पर खास फोकस है। ये बाधाएं टैरिफ नहीं होतीं, लेकिन व्यापार को मुश्किल बनाती हैं।

## सोनिया गांधी का वोटर लिस्ट केस में कोर्ट को जवाब

- वोटर लिस्ट-नागरिकता सरकार के मसले
- क्रिमिनल कोर्ट का निजी शिकायत पर एक्शन लेना सही नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम जोड़े जाने के केस में अपना जवाब दाखिल किया है। शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट को दिए जवाब में कहा उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका गलत और अनुमानित तथ्यों पर आधारित है।

यह याचिका ओछी राजनीति से प्रेरित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। स्पेशल जज (सीबीआई) विशाल गोगने की कोर्ट में वकील के जरिये दायर जवाब में सोनिया गांधी ने भारतीय नागरिकता हासिल करने से पहले वोटर लिस्ट में शामिल होने से जुड़े आरोपों का खंडन किया। साथ ही पुनर्विचार याचिका को खारिज करने की मांग की है। मामले की सुनवाई अब 21 फरवरी को होगी। कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने आथेंटिक रिकॉर्ड की जगह अनुमानों, मीडिया रिपोर्टों और व्यक्तिगत धारणाओं के आधार पर लापरवाही से गंभीर आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मथुरा में बस यात्रियों को कंटेनर ने रौंदा, छह लोगों की मौत

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के एक सड़क हादसे में छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के पास सुबह करीब पौने तीन बजे यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली के नांगलोई से कानपुर के रसूलाबाद जा रही एक निजी बस यमुना एक्सप्रेस-वे से गुजर रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने लघुशंका के लिए चालक से बस रोकने का अनुरोध किया। बताया जा रहा है कि चालक ने निर्धारित ग्रीन जोन में बस न रोककर सड़क किनारे ही बस खड़ी कर दी। इसके बाद कई यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कंटेनर ने बस के पास खड़े यात्रियों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में औरैया के सरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती के अलेवल निवासी देवेश, कन्नौज के गणेश का पुरवा निवासी असलम, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष सहित दो अन्य यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। दो मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

### सूरजकुंड मेले में झूला टूटने से इंस्पेक्टर की मौत

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले में एक झूला गिर जाने से एक की मौत और 13 लोग घायल हो गए। घायलों के इलाज के लिए तुरंत व्यवस्था की गई। इस हादसे में एक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई है, जो पलवल में तैनात थे। मेला ड्यूटी पर यहां बुलाए गए थे। झूले वाले एरिया में इंचार्ज थे। बचाव कार्य के दौरान ऐसे दूसरी बार झूला गिरा। जिसके बाद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। झूले में उस समय लगभग 15 लोग सवार थे। हादसा होने पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की मदद के लिए बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। इसी बचाव कार्य के दौरान, एक स्टॉल संचालक राघव पर भी झूले की ग्रिल गिर गई, जिससे उनके कंधे में चोट आई। जो मेले में अपना स्टॉल चलाते हैं। राघव ने कहा कि उन्होंने घायलों की मदद करने का प्रयास किया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई जिला उपायुक्त के मौके पर पहुंचने के बाद, घायलों के इलाज के लिए तत्काल व्यवस्था की गई।

## पीओके और अक्साई चिन भारत का हिस्साः अमेरिका

### ट्रेड डील के बाद अमेरिका ने इंडियन मैप किया शेयर

**वाशिंगटन, वार्ता**





- अमेरिका ने मैप शेयर कर पाकिस्तान को दिया कड़ा संदेश
- पाक पीएम ने कहा थाः कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा

**भारत और** अमेरिका ने एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क घोषित किया। इस घोषणा के साथ अमेरिकी ट्रेड ऑफिस (यूएसटीआर) ने इंडियन मैप शेयर किया। इस मैप में पूरा जम्मू-कश्मीर क्षेत्र, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) हैं, उन्हें भारत का हिस्सा दिखाया गया है। यह नक्शा सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

अमेरिका पहले के नक्शों में पीओके को अलग से दिखाता था। अंतर्राष्ट्रीय मंचों और पश्चिमी देशों के सरकारी नक्शों में भी विवादित हिस्सों को अलग रंग या डॉटेड लाइन्स से दिखाया जाता है। इस बार ट्रम्प प्रशासन ने जानबूझकर या अनजाने में एक ऐसा नक्शा शेयर किया जो भारत की सीमाओं को पूरी तरह मान्यता देता है। भारत हमेशा से जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता आया है। भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है। भारत-पाकिस्तान विभाजन- भारत के विभाजन के समय जम्मू-कश्मीर एक रियासत (प्रिंसली स्टेट) थी, जिसके महाराजा हरि सिंह हिंदू थे, लेकिन आबादी में मुस्लिम बहुमत में थे। विभाजन के नियम के अनुसार, रियासतें भारत या पाकिस्तान में शामिल हो सकती थीं या स्वतंत्र रह सकती थीं। 1947-48- पहला भारत-पाकिस्तान युद्ध- पाकिस्तान से आए मिलिशिया ने कश्मीर पर हमला किया। महाराजा हरि सिंह ने मदद के लिए भारत से संपर्क किया और 26 अक्टूबर 1947 को इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन (विलय पत्र) पर हस्ताक्षर किए, जिससे जम्मू- कश्मीर भारत का हिस्सा बन गया। भारत ने सैन्य मदद भेजी। युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने क्षेत्र के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे अब पीओके कहा जाता है। 1949 में यूएन की मध्यस्थता से युद्धविराम हुआ और सीजफायर लाइन (बाद में लाइन ऑफ कंट्रोल - एलओसी) बनाई गई, जो दोनों देशों के नियंत्रण को अलग करती है। भारत कहता है कि पूरा जम्मू-कश्मीर (पीओके सहित) उसका अभिन्न अंग है।

## रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम




- विदेश मंत्रालय ने कहाः देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा। मीडिया की ओर से बार-बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिए गए वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया।

### कूनो नेशनल पार्क में पांच चीता शावकों का जन्म

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई चीता आशा ने पांच चीता शावकों को जन्म दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए यह बहुत गर्व और खुशी का पल है, क्योंकि नामीबियाई चीता आशा दूसरी बार मां बनी और उसने शनिवार को कूनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि पांच नए शावकों के साथ, भारत में पैदा हुए जीवित शावकों की संख्या 24 हो गई है। भारतीय धरती पर चीतों का आठवीं बार सफल जन्म हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण के प्रति जागरूक नेतृत्व में शुरू की गई और पोषित भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## लंदन हाईकोर्ट ने ठुकराया भगोड़े नीरव मोदी का बहाना

- भारत से फरार हीरा व्यापारी का दृष्टि दोष और अवसाद के बावजूद 23 मार्च से होगा ट्रायल

**लंदन।** लंदन की हाईकोर्ट ने फरार हीरा व्यापारी नीरव मोदी की बैंक ऑफ इंडिया के बकाया ऋण मामले में ट्रायल स्थगित करने की याचिका खारिज कर दी। मोदी ने अपने स्वास्थ्य कारणों गंभीर दृष्टि दोष, क्लिनिकल डिप्रेशन और जेल की सीमाओं को आधार बनाकर ट्रायल में स्थगन की मांग की थी।

54 वर्षीय नीरव मोदी, जो भारत में अनुमानित 2 अरब डॉलर के पीएनबी धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रत्यर्पण का सामना कर रहे हैं, ने नॉर्थ लंदन की एचएमपी पेंटनविल जेल से वीडियो लिंक के जरिए 8 मिलियन डॉलर के बीओआई केस के प्री-ट्रायल रिव्यू में हिस्सा लिया। विशेष जज साइमन टिंक्लर ने कहा कि आरोपी को कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं होगा और आठ दिन के ट्रायल में वह समान अवसर के साथ अपनी दलील पेश कर सकते हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### योगी ने अपने गांव के बुजुर्गों का पूछा हाल बच्चों से संवाद

**पंचूर (पौड़ी गढ़वाल)।** उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े-बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की।

### सब कुछ अमेरिकी हिसाब से चल रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारत सरकार अमेरिका के टाइम जोन के हिसाब से चल रही है, क्योंकि सारे निर्णय अमेरिका के हिसाब से हो रहे हैं। हमारे लिए इससे ज्यादा खेदजनक बात और कुछ नहीं हो सकती। डील सामने बैठकर तय की जाती है, लेकिन कनपटी पर बंदूक रख, सीडी दिखाकर, ब्लैकमेल कर जो किया जाए- वो सरेंडर होता है। खेड़ा ने कहा कि यह डील उन सभी चीजों के साथ धोखा है, जिनके लिए भारत खड़ा है, उन सभी चीजों के लिए जिनके लिए भारत पिछले 75 वर्षों से खड़ा रहा है। यह ऐसी डील नहीं है जो हमारे हित में हो। यह प्रधानमंत्री का पूरी तरह से सरेंडर है। प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह व्यक्ति सिर्फ देश के हितों को सरेंडर करना जानता है, क्या ऐसा प्रधानमंत्री देश के लिए फायदेमंद हो सकता है? वह हितों से समझौता है।

## भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी: योगी

# अमेरिकी डील मेक इन इंडिया को देगी गति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत-अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार ढांचे को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता मेक इन इंडिया को निर्णायक बढ़ावा देगा, जिससे भारतीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक व्यापक पहुंच मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि यह व्यापार ढांचा किसानों के हितों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए संतुलित तरीके से तैयार किया गया है। इससे देश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को मजबूती मिलेगी, निर्यात को नई ऊर्जा प्राप्त होगी और आपूर्ति शृंखलाएं अधिक सशक्त होंगी। योगी ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत-प्रथम दृष्टिकोण पर आधारित एक संतुलित और पारस्परिक लाभ वाला समझौता है, जो युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग मेड इन इंडिया पर वैश्विक विश्वास को दर्शाता है और भारत को वैश्विक विकास का प्रमुख चालक बनने की दिशा में और सुदृढ़ करता है।



### नारी चेतना की सशक्त प्रतीक रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

वहीं योगी ने सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति तथा नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर का जीवन संघर्ष, आत्मबल और सामाजिक चेतना का प्रेरक उदाहरण है। शिक्षित, समरस और जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है, जो सदैव समाज को नई दिशा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षा और सामाजिक समानता के मूल्यों को जीवंत रखा, जिससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलती रहेगी।

### डील एकतरफा नहीं होती, भाजपा से देश की जनता सवाल पूछ रही है: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ तौर पर पूछ रही है कि 'डील' कभी एकतरफा नहीं होती। देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा यह बताए कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अट्ठारह (18)-और क्या भाजपा के हिंसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाजी भरे शब्दों के अलावा कोई सुरक्षा-कवच या संरक्षण- योजना है भी या नहीं।

# विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज करें कार्यकर्ता: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को पार्टी की एक अहम बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अब ज्यादा समय नहीं बचा है, ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और जनता के बीच सक्रिय रहना बेहद जरूरी है।

■ पूर्व सीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा: बसपा के खिलाफ हो रही साजिशें

मीडिया को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के चलते हाल के दिनों में पार्टी की गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, लेकिन अब सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारी में लग जाना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। बसपा सुप्रीमो ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक पार्टियां बसपा के खिलाफ साजिश कर रही हैं और पार्टी को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी साजिशों के प्रति सतर्क रहने और पार्टी की विचारधारा व नीतियों को मजबूती से जनता तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में मौजूद सरकारें जनहित के मुद्दों पर काम करने के बजाय धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे समाज में विभाजन और नफरत का माहौल बन रहा है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि गरीबों, ओबीसी, एससी-एसटी, अल्पसंख्यकों, किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाए और जनता के बीच जाकर उनकी आवाज बना जाए। मायावती ने कहा कि बीएसपी हमेशा सामाजिक न्याय और 'सर्वजन हिताय' की राजनीति करती आई है और आगामी विधानसभा चुनावों में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी।

# नमस्ते ट्रम्प, हाउडी मोदी पर पड़ गया भारी: कांग्रेस

## व्यापार समझौते पर बोला हमला



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का जो संयुक्त विवरण सामने आया है उससे साफ हो गया है कि अमेरिका इस समझौते में भारी पड़ गया है और इसका खामियाजा भारत के किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को भुगतना पड़ेगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स' एक पर एक पोस्ट में कहा कि अभी जारी किए गए अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में डिटेल्स पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है, लेकिन जो बातें अब तक सामने आई हैं, उनसे यह साफ होता है कि इस समझौते में भारत के हितों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है और इसका पूरा फायदा अमेरिका को ही होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से यह भी स्पष्ट हो गया है कि भारत अब रूस से तेल आयात नहीं करेगा। अलग से, अमेरिका ने यह भी घोषणा की है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल खरीदता है, तो 25 प्रतिशत कर का दंड दोबारा लगाया जा सकता है। इसमें भारतीय किसानों की कीमत पर अमेरिकी किसानों की मदद के लिए भारत आयात शुल्कों में भारी कटौती करेगा।

### गोवा को लेकर पेश गैर सरकारी विधेयक को पारित करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा के लोगों से किए वादे पूरे नहीं किए हैं इसलिए कांग्रेस सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने लोकसभा में एक गैरसरकारी विधेयक पेश किया है। पार्टी का कहना है कि इसमें गोवा के समग्र विकास का प्रावधान है इसलिए इसको पारित कराना आवश्यक है और यदि ऐसा नहीं होता है तो इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के गोवा के प्रभारी माणिकराव ठाकरे, प्रदेश अध्यक्ष अमित पाटकर और गोवा से सांसद कैप्टन विरियातो फर्नांडिस ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया है कि गोवा के हितों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है और गोवा को बर्बादी की तरफ धकेला जा रहा है।

# आकांक्षा को न्याय दिलाने में सरकार का रवैया संदिग्ध

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि पटना में नीट की तैयारी कर रही आकांक्षा की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में भी भाजपा सरकार का रवैया संदिग्ध बना हुआ है और जब सांसद पप्पू यादव इसे लेकर आवाज उठाते हैं, तो उनके साथ असंवेदनशील व्यवहार किया जाता है।

वाड्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पटना के हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला झकझोर देने वाला है। यह केस सामने आने के बाद सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। प्राथमिकी दर्ज होने से लेकर जांच और कार्रवाई तक-सब कुछ संदिग्ध बना दिया गया है। यह सब किसे बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। इस केस में आवाज उठा रहे सांसद पप्पू यादव जी की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैए की एक और कड़ी है। भाजपा और उनके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है- वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं। आकांक्षा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है।

### इस्लामाबाद धमाके को लेकर कश्मीर में शिया-समुदाय का विरोध प्रदर्शन

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके में 31 लोगों की मौत के बाद कश्मीर के कई शिया-बहुल इलाकों में शुक्रवार रात विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के चैनाबल पट्टन, श्रीनगर के इमामबाड़ा जादीबल एवं हरवान और बांदीपोरा के इंदरकोट-सुंबल में विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए नमाजियों पर हुए हमले की निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ितों के साथ संवेदना व्यक्त करते हुए सांप्रदायिक हिंसा की निंदा की। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे और देर रात प्रदर्शनकारी अपने-अपने घर लौट गए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में जुम्मे की नमाज के दौरान एक मस्जिद खदीजतुल कुबरा में विस्फोट से कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 85871.73
**निफ्टी** 25727.55



**सोना रु.** 156750
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 250300
प्रति किलो



# भारतीय बाजार के संवेदनशील क्षेत्र पूरी तरह सुरक्षित: वाणिज्य सचिव

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापारिक क्षमताओं के नए रास्ते खुलेंगे और इससे भारत को अमेरिकी बाजार के उन क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त मिलेगी, जहां भारत की स्थिति पहले से मजबूत है। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि इस समझौते में भारत के संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह अंतरिम समझौता भारत और अमेरिका के बीच वस्तुओं के व्यापार की क्षमताओं के लिए नए मार्ग प्रशस्त करेगा।

■ अमेरिकी डील को लेकर वाणिज्य सचिव राजेश ने रुख साफ किया

यह अमेरिकी बाजार में भारत को उसकी ताकत वाले क्षेत्रों में बढ़त दिलाएगा। साथ ही, वर्जनाओं, चरणबद्ध टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) के प्रावधानों और शुल्कों के माध्यम से हमारे घरेलू संवेदनशील क्षेत्रों की प्रभावी ढंग से रक्षा भी करेगा। गौरतलब है कि इस अंतरिम समझौते को लेकर दोनों देशों ने शनिवार को ही एक साझा वक्तव्य जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस समझौते के लागू होने के बाद दोनों देश एक व्यापक और पूर्ण व्यापार समझौते की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### अमेरिका से हार्ले डेविडसन बाइक का शून्य शुल्क पर हो सकेगा आयात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते से भारत में हार्ले डेविडसन की की बाइकें और अमेरिकी कंपनियों की लग्जरी कारें सस्ती होंगी। समझौते के जानकार सूत्रों ने बताया कि भारत अमेरिकी कंपनियों की 1,500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य करेगा। इसके अलावा 2,500 सीसी से ऊपर की डीजल कारों और 3,000 सीसी से ऊपर की पेट्रोल कारों पर भी सीमा शुल्क में कटौती की जाएगी।

### सोना और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** भारत के साथ-साथ इंटरनेशनल मार्केट में गोल्ड-सिल्वर के रेट घटे हैं। आज 7 फरवरी के दिन एमसीएक्स पर गोल्ड-सिल्वर के रेट्स में लगातार उतार-चढ़ाव दिख रहा है। राकेट की रफ्तार से चढ़े सोने-चांदी के दाम अपने ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हो गए हैं। एक बार फिर चांदी की कीमतों में 9,000 रुपये से ज्यादा का उछाल दिख रहा है। मार्च डिलीवरी वाली चांदी 2.5 लाख के पार पहुंच गई है। एमसीएक्स पर चांदी का ताजा भाव 2,50,300 रुपये/किलो चल रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोने का दाम 1,56,750 रुपये/10 ग्राम है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,700 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है, 18 कैरेट सोने का भाव 1,17,600 रुपये/ 10 ग्राम चल रहा है। मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद में 24 कैरेट सोने का दाम दिल्ली से कम है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार आखिरी सेशन में 24 कैरेट सोने की कीमत 424 रुपए कम होकर 1,52,078 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई थी। उससे पहले यह 1,52,502 रुपए पर बंद हुआ था। वहीं 22 कैरेट सोने के दाम 1,39,692 रुपए से घटकर अब 1,39,303 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गए।

# चावल और दालें सस्ती, गेहूं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में तेजी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों के दाम टूट गए। वहीं खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 29 रुपये घटकर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,863 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 26 रुपये सस्ता हुआ। दाल- दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। मसूर दाल 39 रुपये और चना दाल 36 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल का भाव 26 रुपये और मूंग दाल का 16 रुपये प्रति क्विंटल कम हुआ। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 165 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति में 20 रुपये की गिरावट रही। सोया तेल की कीमत 37 रुपये और पाम ऑयल की 28 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 25 रुपये और सरसों तेल 16 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी की कीमत गत दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7778.16 रुपये, मसूर काली 8087.02 रुपये, मूंग दाल 10125.58 रुपये, उड़द दाल 10587.13 रुपये, तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4299.09 रुपये और गुड़ 5001.32 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17680.02 रुपये, मूंगफली तेल 17969.08 रुपये, सूरजमुखी तेल 16347.81 रुपये, सोया तेल 13996.31 रुपये, पाम ऑयल 12702.35 रुपये और वनस्पति 14537.85 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के कार्यक्रम में किसानों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का विरोध

**वाराणसी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के सर्किट हाउस स्थित कार्यक्रम के दौरान शनिवार को कुछ किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशी द्वार योजना के तहत प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण के विरोध में हंगामा किया। पासवान केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर निर्धारित प्रेस कांफ्रेंस के लिए सर्किट हाउस पहुंचे थे।

इसी दौरान कुछ किसान स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। सहायक पुलिस आयुक्त नितिन तनेजा ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ लोग वैभव त्रिपाठी के साथ पहुंचे और अचानक विरोध करने लगे। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन पूर्व निर्धारित या विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं था। सभी को वहां से हटा दिया गया। यदि तहरीर मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिडरा क्षेत्र में काशी द्वार योजना के अंतर्गत आठ से दस गांवों की भूमि अधिग्रहित की जानी प्रस्तावित है। इसको लेकर किसान लंबे समय से विरोध जता रहे हैं। कुछ गांवों में सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौंपा, जिसमें भूमि अधिग्रहण पर पुनर्विचार की मांग की गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि बजट में गरीब, किसान, युवा, महिलाएं और मध्यम वर्ग को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रमुख शहरों को जोड़ने के लिए सात हाई-स्पीड रेल लाइनों, पांच बड़े मेडिकल हब, सेमीकंडक्टर एवं चिप निर्माण के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के प्रावधान तथा लघु उद्योगों के पुनर्जीवन की योजनाओं से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# एपस्टीन में नाम आने पर सफाई दें पीएम मोदी

वाराणसी, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जेफरी एपस्टीन फाइल में नाम आने से राजनीतिक सरगर्मी तेजी से बढ़ गई है। इसको लेकर तरह-तरह के चर्चाओं से बाजार गर्म है। विपक्ष पूरे मामले को लेकर सरकार से सफाई देने की मांग कर रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि एपस्टीन ने अनिल अंबानी को उनका दोस्त बताया है, यह भी कहा गया है कि इजरायल में अनिल अंबानी के माध्यम से मीटिंग तय हुई थी। इन तथ्यों पर स्पष्टीकरण देना चाहिए है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक जमीनी पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा निकाली। इसके तहत पीएम मोदी के गोद लिए आदेश गांव डोमरी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर तक यह पद यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव डोमरी में किसानों के बीच सभा को संबोधित किया। पटेल चबूतरा पर आयोजित सभा में संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस गांव को प्रधानमंत्री ने गोद लिया है, उसी गांव को उजाड़ने की तैयारी की जा रही है।



■ एपस्टीन ने अनिल अंबानी को मोदी का दोस्त बताया था: संजय

लोगों को गांव खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं, क्या कोई गोद लिया हुआ गांव उजाड़ता है? संजय सिंह ने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के 16 हजार करोड़ रुपये तक के कर्ज माफ कर रही है, जबकि किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर हैं। विकास के नाम पर किसानों से जमीन छीनी जा रही है और वहीं जमीन उद्योगपतियों को कौड़ियों के भाव दी जा रही है। मणिकर्णिका घाट मूर्ति विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि हमें नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब दे दिया गया है। दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रशासन को समय दिया गया है। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम खुद मुकदमा दर्ज कराएंगे। संजय सिंह की रैली सभा में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे। रैली को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेगी। संजय सिंह चंदौली पहुंचे, इस दौरान जन जागरण यात्रा में शिरकत की। मीडिया से बातचीत करते हुए संजय सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील को लेकर भी सरकार पर बड़ा हमला किया। उन्होंने इस ट्रेड डील को किसानों के लिए डेथ वारंट बताया। संजय सिंह का दावा है कि इस समझौते से देश के कृषि सेक्टर को भारी नुकसान होगा। वहीं अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदने के फैसले पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे देश को करीब 80 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होगा।

# अदालत ने मुर्दा घोषित किया आरोपी निकला जिंदा

आगरा, वार्ता

जिस आरोपी को अदालत ने मृत घोषित कर दिया गया था, वह शहर में स्कूटी दौड़ाते हुए पाया गया। आरोपी ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मुकदमा बंद कर लिया था। वहीं अब उसको जीवंत देखकर वादी के पसीने छूट गए, उन्होंने पुलिस में शिकायत की। पुलिस जांच में भी मृत घोषित आरोपी जिंदा पाया गया है।

पुलिस की ताजा जांच रिपोर्ट ने आरोपी के इस बड़े फर्जीवाड़े की पोल खोल दी है। आरोपी की ओर से अदालत को गुमराह कर केस बंद करवाया गया था। फर्जीवाड़ा तब सामने आया, जब उसके नाम पर 2016 में एक्टिवा स्कूटरी खरीदी गई, वहीं साल 2019 में उस वाहन का चालान भी कटा था। अब मुकदमा पुनर्जीवित होगा और आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की नई धाराएं लगेंगी।

■ आगरा में 12 साल पुराने केस में नया मोड़ आया

वादी ने सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। मामला राजकुमार वर्मा बनाम विद्या देवी आदि वर्तमान परिवाद संख्या 1266/2012 से जुड़ा है, जो आगरा के थाना न्यू आगरा में मूल परिवाद संख्या 242/1999 के अंतर्गत धारा 467 और 468 (जालसाजी) के तहत चल रहा था। इस मामले में आरोपी तारा चंद्र शर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे, लेकिन उसने कोर्ट को गुमराह कर मुकदमा बंद करा लिया। आरोपी तारा चंद्र शर्मा ने खुद को मृत घोषित करते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाया।

# भारत के आत्मविश्वास को दर्शाता है केंद्रीय बजट: हरदीप

## केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री ने देहरादून में केंद्रीय बजट 2026-27 पर मीडिया के सामने रखी खास बातें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मोदी सरकार का बजट भारत के आत्मविश्वास को दर्शाता है। यह बजट एक ऐसी अर्थव्यवस्था के आत्मविश्वास और परिपक्वता को परिचायक है जिसमें 2014 से मौलिक बदलाव आया है।




शनिवार को देहरादून में राजपुर रोड स्थित केंद्रीय बजट 2026-27 पर एक प्रेस बातचीत के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बजट विकास को बढ़ावा देने और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के बीच एक सावधानीपूर्वक संतुलन बनाता है, जो भारत की कमजोर पांच देशों में गिने जाने से लेकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे भरोसेमंद वैश्विक विकास कहानियों में से एक बनने तक की यात्रा को रेखांकित करता है। वित्त वर्ष 26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत अनुमानित है, जो खपत और निवेश से प्रेरित है, जो लगातार चौथे वर्ष सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि करता है, जबकि वैश्विक विकास लगभग 3 प्रतिशत के आसपास है।

मूल्य स्थिरता पर, केंद्रीय मंत्री ने 2014 के बाद से हासिल किए गए तेज सुधार पर प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि भारत ने 2025 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में हेडलाइन मुद्रास्फीति में सबसे तेज कमी दर्ज की, जो लगभग 1.8 प्रतिशत थी। अप्रैल और दिसंबर 2025 के बीच, मुद्रास्फीति औसतन लगभग 1.7 प्रतिशत रही, जो कम खाद्य कीमतों, विशेष रूप से सब्जियों और दालों के कारण थी। उन्होंने बताया कि भारत में मुद्रास्फीति का स्तर कई उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी कम है।

2014 के बाद से पूंजी-संचालित विकास की ओर निर्णायक बदलाव पर जोर देते हुए, श्री पुरी ने कहा कि 2026-27 में कुल पूंजीगत व्यय लगभग 12.2 लाख करोड़ है, जो 2013-14 की तुलना में 430 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। इस अवधि के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए आवंटन में लगभग 500 प्रतिशत, रक्षा में 210 प्रतिशत से अधिक, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण में लगभग 176 प्रतिशत और शिक्षा में 110 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च एक प्रमुख विकास इंजन बन गया है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग विकास पर खर्च किए गए हर रुपये से जीडीपी में 3.2 की बढ़ोतरी होती है।

रक्षा और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने पर जोर देते हुए, मंत्री ने कहा कि 2014 से लगातार निवेश ने आयात पर निर्भरता कम करने में मदद की है, साथ ही आत्मनिर्भरता विजन के अनुरूप स्वदेशी रक्षा विनिर्माण में तेजी लाई है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार ने रोजमर्रा की जिंदगी को बदला

मंत्री ने कहा कि 2014 से इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने पूरे देश में कनेक्टिविटी और रोजमर्रा की जिंदगी को बदल दिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 2014 में लगभग 91,000 किमी से बढ़कर 2026 में लगभग 1.46 लाख किमी हो गई है, जबकि मेट्रो नेटवर्क 248 किमी से बढ़कर 1,000 किमी से अधिक हो गया है। हवाई अड्डों की संख्या 70 से बढ़कर लगभग 160 हो गई है, जो दोगुनी से भी ज्यादा है। अकेले पिछले पांच वर्षों में, 57,000 किमी से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जिससे सालाना लगभग 33 करोड़ व्यक्ति-दिन का रोजगार पैदा हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि आज 164 से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं, 260 स्लीपर ट्रेनसेट की योजना है, और सात नए घोषित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर को स्वदेशी तकनीकें पावर देंगी।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बना

केन्द्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि भारत ने 2014 से घरेलू स्तर पर 2,000 से अधिक मेट्रो कोच बनाने में 2.5 लाख करोड़ से अधिक का निवेश किया है। उडान योजना के तहत, 1.5 करोड़ यात्रियों ने उन रूटों पर यात्रा की है जो पहले मौजूद नहीं थे, जिससे भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। एमएसएमई और स्वच्छ विकास पर, मंत्री ने कहा कि बजट 2014 से हुई प्रगति को आगे बढ़ाता है और प्रतिस्पर्धात्मकता को स्थिरता के साथ जोड़ता है। बायो-फार्मा शक्ति जैसी पहल, जिसमें 10,000 करोड़ का खर्च होगा, 10,000 करोड़ का एमएसएमई ग्रोथ फंड, और आत्मनिर्भर भारत फंड में 2,000 करोड़ का टॉप-अप, इनोवेशन और एंटरप्राइज को और मजबूत करेगा।

पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले एक दशक में भारत के विकास पथ में मानव पूंजी विकास केंद्रीय रहा है। 2014 से, आईआईटी की संख्या 16 से बढ़कर 23, आईआईएम की 13 से 21, एम्स की 7 से 23 और मेडिकल कॉलेजों की 387 से 819 हो गई है। उन्होंने कहा कि अब भारत के जांजीबार और अबू धाबी में अंतरराष्ट्रीय आईआईटी कैंपस हैं, जो भारत के शिक्षा इकोसिस्टम की वैश्विक पहचान को दर्शाता है।

पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक विनोद चमोली, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान व सह मीडिया प्रभारी राजेन्द्र नेगी मौजूद रहे।

# सीएम ने किया चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव का टीजर लॉन्च

**■ 18 से 24 फरवरी तक जनपद में होगा सात दिवसीय आयोजन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एनएचपीसी सभागार बनबसा में सरस कॉर्बेट महोत्सव का आधिकारिक टीजर लॉन्च किया।

यह भव्य 7 दिवसीय आयोजन 18 से 24 फरवरी तक जनपद चम्पावत में आयोजित होगा। महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने की दूरदर्शी परिकल्पना को साकार रूप देते हुए किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह महोत्सव चम्पावत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था, प्राकृतिक सौंदर्य और साहसिक पर्यटन गतिविधियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि देवभूमि के सांस्कृतिक रंग, लोक परंपराएँ और प्रकृति की अद्भुत छटा इस आयोजन के माध्यम से देश-विदेश तक पहुँचेगी। महोत्सव में कुमाऊँ की लोकसंस्कृति की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। बांसुरी, मस्कबीन और हुड़का की धुनों के बीच झोड़ा, छपेली और चांचरी जैसे पारंपरिक लोकनृत्य सांस्कृतिक संध्याओं को विशेष बनाएँगे। जनपद के प्रमुख आस्था केंद्र ख्र बालेश्वर मंदिर, पूर्णागिरि मंदिर और गोल्ज्यू देवता मंदिर ख्र की आध्यात्मिक गरिमा भी महोत्सव की पहचान बनेगी।

सरस मेला महोत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा, जहाँ स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय शिल्पकारों और ग्रामीण उद्यमियों के उत्पाद प्रदर्शित होंगे। फूड फेस्टिवल में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों के साथ देशभर के स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा।

पर्यटन और रोमांच के शौकीनों के लिए कॉर्बेट महोत्सव विशेष रहेगा। पंचेश्वर क्षेत्र में एंगलिंग, शारदा नदी में राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग और हॉट एयर बैलून जैसी गतिविधियाँ पर्यटकों को रोमांच का अनूठा अनुभव देंगी। रात्रि में लेजर शो आयोजन को और भव्य बनाएगा।

# महापंचायत की आड़ में कांग्रेस व क्षेत्रीय दलों की राज्य विरोधी दलों से साठगांठ दुर्भाग्यपूर्ण: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने महापंचायत को लेकर कांग्रेस समेत क्षेत्रीय दलों पर राज्य विरोधी पार्टियों के साथ सांठगांठ का आरोप लगाया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि जिस संवेदनशील मुद्दे पर पीड़ित परिवार और जन भावना अनुसार सीबीआई जांच हो रही है, उसे विपक्ष अपनी चुनावी राजनीति का एजेंडा बनाना चाहता है। आंदोलनकारियों के खून से सने हाथों से कांग्रेसी 'हाथ' मिलाने की साजिश को जनता देख रही है।



**■ परिवार, जनभावना अनुसार सीबीआई जांच, विरोध विपक्ष का चुनावी एजेंडा: भाजपा**

मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने कल होने वाली विपक्षी पंचायत को राज्य विरोधी नकारात्मक राजनीति का हिस्सा बताया है। उन्होंने कहा, दुखद बेटी के साथ हुए अन्याय को लेकर सरकार ने पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई की है। जिसका नतीजा रहा कि सभी दोषियों को अदालत से उम्रकैद की सजा हुई है। मुख्यमंत्री धामी और भाजपा सरकार के स्पष्ट निर्देश और मॉनिटरिंग का परिणाम रहा कि एक भी दिन दोषी सलाखों से बाहर नहीं आ पाए। इतना ही नहीं जब तथाकथित सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो वीडियो से भ्रम और संशय का माहौल खड़ा करने का प्रयास किया गया तो मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए उसे प्राथमिकता पर लिया। इसी क्रम में पीड़ित परिवार से अन्य उच्च स्तरीय जांच को लेकर मशवरा किया गया। उनकी राय के आधार पर ही सीबीआई जांच की संस्तुति की गई, जिसका उद्देश्य है सभी आशंकाओं का निवारण। प्रदेश की जनता पूर्व में भी इस मुद्दे पर सरकार के पूरी तरह साथ थी, ऐसे में अब सभी को विश्वास है कि सीबीआई जांच से पूरी तरह दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सभी शंकाओं पर पूर्ण विराम लगाने की यही कोशिश विपक्ष को नागवार गुजर रही है। क्योंकि उनके नेता अच्छी तरह जानते हैं कि इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को लेकर जो कुछ वे विगत वर्षों से कर रहे हैं वो पूरी तरह झूठ, भ्रम, अफवाह और साजिश पर आधारित है।

# रिवर फ्रंट से बदलेगी चम्पावत की तस्वीर: धामी

**■ टनकपुर में विकास की नई धारा, मुख्यमंत्री ने रखी 300 करोड़ योजनाओं की आधारशिला**
**■ मुख्यमंत्री द्वारा शारदा घाट का शिलान्यास, टनकपुर को मिलेगी नई पहचान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चम्पावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास के लिए 300 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया।



मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यासित प्रमुख कार्यों में जनपद चम्पावत के अंतर्गत शारदा घाट पुनर्विकास (प्रथम चरण) कार्य 10,735 लाख, सिटी ड्रेनेज प्लान (प्रथम चरण) 6,649 लाख, नायरख्रखेरा क्षेत्र में डिजास्टर रेजिलिएन्स हेतु इकोलॉजिकल कॉरिडोर विकास 8,523 लाख, टनकपुर स्थित ग्राम पंचायत बस्तिया में टनकपुर-अस्कोट सीसी मार्ग पुनर्निर्माण 115 लाख, चम्पावत-खेतीखान मोटर मार्ग (एसएचख्र64) के अंतर्गत सुयालखर्क-पुनावे मिलान मार्ग का सुधारीकरण 320 लाख, माँ पूर्णागिरि घाटी (चूका क्षेत्र) में हेलीपैड निर्माण 187 लाख, विकासखंड पाटी में धूनाघाट-बसौट मोटर मार्ग नवनिर्माण 83 लाख, लोहाघाट में कामज्यूलाख्रभनारख्ररैघाड़ी मोटर मार्ग सुधारीकरण 666.84 लाख, पाटी विकासखंड अंतर्गत सांगोख्रघिंघारूकोटख्रबांस बसवाड़ी मोटर मार्ग पुनर्निर्माण 89.36 लाख, टनकपुर के ग्राम बेलखेत में कवेराला नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य 125.96 लाख, तहसील पूर्णागिरि के ग्राम बमनपुरी में हुड्डी नदी से हो रहे भू-कटाव की रोकथाम हेतु सुरक्षा कार्य 154.63 लाख, स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में परीक्षा हॉल निर्माण 672.11 लाख, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के चम्पावत परिसर में केंद्रीय पुस्तकालय, चहारदीवारी एवं मिनी स्टेडियम निर्माण 2,045.78 लाख, कस्तूरबा गांधी छात्रावास टनकपुर का विस्तारीकरण 384.50 लाख तथा जिला कमांडेंट होमगार्ड्स कार्यालय के अनावासीय भवन का निर्माण 224.71 लाख शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शारदा रिवर फ्रंट परियोजना क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का आधार बनेगी और चम्पावत को पर्यटन, आस्था तथा आधुनिक शहरी सुविधाओं के मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगी।

### इन योजनाओं से सीमांत क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे: सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से शिक्षा, सड़क, पर्यटन, आपदा प्रबंधन, शहरी विकास तथा आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इससे सीमांत क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं, किसानों, विद्यार्थियों और पर्यटकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चम्पावत आस्था, संस्कृति और इतिहास से समृद्ध भूमि है। यहाँ की आध्यात्मिक चेतना जीवन को दिशा देने वाली शक्ति है। माँ शारदा ज्ञान, विद्या और संस्कार की प्रतीक हैं और उनके पावन धाम के घाटों का विकास करना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि टनकपुर की धरती पर आते ही उन्हें विशेष ऊर्जा का अनुभव होता है।

कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष, उत्तराखण्ड वन एवं पर्यावरण सलाहकार समिति, श्याम पाण्डेय, अध्यक्ष, जिला पंचायत चम्पावत आनन्द सिंह अधिकारी, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, चम्पावत प्रेमा पाण्डेय समेत अन्य विभिन्न अधिकारी तथा लोग मौजूद रहे।

# सैन्यधाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र: जोशी

**■ सैनिक कल्याण मंत्री ने किया निर्माणाधीन सैन्यधाम के अंतिम चरणों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्यधाम के अंतिम चरणों के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।




निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने सैन्यधाम की भव्यता एवं दिव्यता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बताया कि सैन्यधाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है और इसका निर्माण कार्य अब लगभग अंतिम चरण में है। देशभर के प्रमुख स्मारकों के अध्ययन के बाद इस सैन्यधाम का निर्माण किया जा रहा है।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह सैन्य धाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना और प्रदेश सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से समय लेकर सैन्यधाम का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। मंत्री जोशी ने विश्वास जताया कि जैसे देश-विदेश से श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखण्ड आते हैं, उसी तरह सैन्यधाम भी देश-दुनिया के लोगों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय सैनिक बोर्ड सचिव ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह बसेरा, डिप्टी जीओसी ब्रिगेडियर आरएस थापा, मेजर जनरल सम्मी सबरवाल, निदेशक श्याम सिंह, परियोजना निदेशक रविंद्र कुमार, लक्ष्मण सिंह रावत, कैप्टन दिनेश प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायत की जमीनों से हटाए जाएंगे अवैध कब्जे: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पंचायतीराज, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने पंचायतीराज विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की पंचायत की भूमि पर जहां कहीं भी कब्जों और अतिक्रमण की स्थिति है उसे तुरंत हटाया जाना चाहिए।



**■ 29 विषयों को हस्तांतरित किए जाने की कार्रवाई को तुरंत अमल लाने के निर्देश**

उन्होंने लैंड बैंक की स्थिति का आंकलन करने के साथ-साथ 73वें संविधान संशोधन के फलस्वरुप संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों की निधियों, कार्यों एवं कार्मिक त्रिस्तरीय पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने की कार्यवाही को भी तुरंत अमल में लाने के निर्देश दिए। पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को सहस्त्रधारा रोड, डंडा लखौंड स्थित पंचायती राज निदेशालय में पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की स्थिति का आंकलन करने के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उन्होंने 15वें वित्त आयोग द्वारा प्रदेश को मिली धनराशि की स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य को 2020-21 से 2025-26 तक 15वीं वित्त आयोग से टाइट फंड के तहत 1182.6 करोड़ और अनटाइड फंड से 1630.4 करोड़ की धनराशि सहित कुल 2813 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। उक्त धनराशि से पंचायतों में कंपोस्ट पिट, वर्मी कंपोस्ट पिट, कम्युनिटी डस्टबिन, कूड़ा कलेक्शन वैन, यात्री प्रतीक्षालय, रीसाइकलिंग प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन केंद्र, प्राथमिक कूड़ा संग्रहण केंद्र सहित गत पांच वर्षों में राज्य सेक्टर से 850 और आरजीएसए से 512 कुल 1362 पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। सरकार का लक्ष्य 2030 तक कुल 1953 पंचायत भवनों का निर्माण करना है। इसके लिए प्रति वर्ष औसतन 490 पंचायत भवन के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। महाराज ने बताया कि पांच दिवसीय आवासीय आधारभूत अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 58729 के सापेक्ष अभी तक 55274 नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों एवं वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। समीक्षा बैठक में पंचायती राज विभाग के विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते, पंचायत निद. `शक निधि यादव, संयुक्त निद. `शक रविनाथ रमन त्रिपाठी, हिमाली जोशी पेटवाल, अपर निदेशक मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।


**पंजाब नैशनल बैंक** .......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) **punjab national bank** ...the name you can BANK upon!

एसएएमबी दिल्ली, चौथी मंजिल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली-110066 ई-मेल: zs8343@pnb.co.in

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।** एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया था, की बिक्री सम्बद्ध कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) से बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के बकायों की वसूली हेतु नीचे तालिका में वर्णित तिथियों पर **"जहाँ है वहाँ है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है"** आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि नीचे तालिका में सम्बन्धित सम्पत्तियों के सम्मुख उल्लिखित के अनुसार होगी।

**प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची**

| लॉट सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम | अचल सम्पत्तियों का विवरण बंधककर्ता/स्वामी का नाम [सम्पत्ति(यों) के बंधककर्ता] | (A) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि (B) तिथि तक बकाया राशि (C) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि (D) कब्जे की प्रकृति (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक) | (A) आरक्षित मूल्य (B) ईएमडी (C) संविदा वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्रतिभूति क्रेडिटर के संज्ञान में ऋणभारों का विवरण | अधिकृत प्राधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सैम शाखा दिल्ली / **मैसर्स ईएमएस एंड एक्सपोर्ट्स** / **मैसर्स ईएमएस एंड एक्सपोर्ट्स (पार्टनरशिप फर्म) पंजीकृत/कॉर्पोरेट कार्यालयः** सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015, कार्य/कारखानाः सी-17 और 18, औद्योगिक एस्टेट, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड-244713, श्री अमरजीत सिंह कालरा (साझेदार) पुत्र श्री सुरिंदर सिंह कालरा सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015, श्रीमती जगजीत कौर कालरा (साझेदार) पत्नी श्री सुरिंदर सिंह कालरा सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015, श्रीमती सुरिंदर कौर कालरा (साझेदार) पत्नी श्री अमरजीत सिंह कालरा सी-130, मानसरोवर गार्डन, नई दिल्ली-110015 | काशीपुर (यू.एस. नगर) स्थित औद्योगिक एस्टेट के विकसित स्थल पर स्थित 1337.76 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले प्लॉट संख्या सी-17, 18, मेसर्स ईएमएस एंड एक्सपोर्ट्स के नाम पर सीमाएँ: उत्तरः प्लॉट संख्या सी-3 और सी-4, दक्षिणः 40 फीट चौड़ी सड़क x103, पूर्वः प्लॉट संख्या सी-16, पश्चिमः प्लॉट संख्या सी-19 (भौतिक कब्जा) | A) 25.06.2019 B) रु. 48,15,03,120.24 तथा ब्याज और अन्य शुल्क वसूली घटाकर तथा ब्याज और बैंक शुल्क तथा वसूली के लिए बैंक द्वारा लगाए गए अन्य प्रभार C) 10.10.2019 D) भौतिक कब्जा | A) रु. 58.50 लाख B) रु. 5.85 लाख C) रु. 50000/- | 27.02.2026 को 11:00 बजे पूर्वा. से 04:00 बजे अप. | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मोबाइल नं. 9717133327 |

**ई-नीलामी बिक्री की नियम एवं शर्तें :**
बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी : (1) सम्पत्तियों की बिक्री **"जहाँ है जैसे है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है"** आधार पर की जा रही है। (2) यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरण अधिकृत प्राधिकारी की सर्वोत्तम सूचना के आधार पर बताये गये हैं, किन्तु अधिकृत प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (3) प्रतिभूत परिसंपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। पहली बोली आरक्षित मूल्य से किसी भी अधिक राशि पर आरंभ होनी चाहिए। (4) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेबसाइट [illegible] पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऊपर निर्दिष्ट नीलामी तिथि और समय पर की जाएगी। (5) अधिक जानकारी और बिक्री की नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया https://Baanknet.com और https://pnb.bank.in देखें।

सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना

दिनांक : 07.02.2026 स्थान : दिल्ली | अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# जनहित की योजनाएं धरातल पर नजर आएं

## विकास कार्यों की अनदेखी पर नपेंगे अधिकारी: रेखा आर्या

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतरें और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश उन्होंने शनिवार को अल्मोड़ा विकास भवन में सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणाओं व अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों से कहा



कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए ताकि आम जनता को समय पर लाभ मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सोमेश्वर में नवनिर्मित उप जिला अस्पताल का उद्घाटन जल्द से जल्द किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्घाटन के दिन अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे कि उद्घाटन के साथ ही अस्पताल की सेवाएं आम जनता के लिए शुरू हो सकें। बैठक के दौरान विकासखंड ताकुला के गांव बीना के तोक दुर्गाथल और गांव भेटुली के तोक लो. हारखोला में सोलर पेयजल पंपिंग योजना के निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जानकारी सामने आने पर कैबिनेट मंत्री ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरवरी माह में बड़ी संख्या में योजनाओं का शिलान्यास किया जाना प्रस्तावित है, इसके लिए सभी विभाग समय रहते प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि कार्यक्रमों का आयोजन सुचारु रूप से किया जा सके। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी जनहित के कार्यों की अवहेलना करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे तथा जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिले। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश नयाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, जगदीश डंगवाल, सुंदर राणा, जिला मंत्री बिशन कन्वाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज भाकुनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र चौलवाल, ललित तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण केएन तिवारी, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद पांगती, जिला विकास अधिकारी एसके पंत, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बाल भैरव मंदिर में माघी खिचड़ी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर के मालरोड स्थित बाल भैरव मंदिर में शनिवार को माघी खिचड़ी का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़कों की संख्या में भक्तों ने भंडारे में पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अर्चना के बाद दोपहर खिचड़ी का भंडारा शुरू हुआ। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए नगर के महिला, पुरुष, बच्चे, व्यापारी, कर्मचारी सहित सभी वर्गों के लोग उमड़े। भंडारे में भैरव गोस्वामी, पूरन नाथ गोस्वामी, मनोज नाथ गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, राहुल गोस्वामी, सोनी गोस्वामी, हेम तिवारी, कैलाश वाणी, अनिल वर्मा, सुचित टम्टा, अभिषेक मेहरा, सूरज वाणी, आशीष भारती, जगदीश तिवारी, दीप चंद्र जोशी, गौरव आर्या, कमल मेहता, प्रकाश जोशी, राहुल कनवाल, प्रदीप मेहता, मोहित कुमार, राहुल कुमार, ललित अधिकारी, सोनू मेहता, इंदर गोस्वामी, हिमांशु चौहान, संजय पांडे, भगवान भोजक, पारस डसीला, पंकज बिष्ट आदि ने सहयोग किया।

## एक नजर...

### केन्द्रीय बजट को बताया निराशाजनक

**बागेश्वर।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने केंद्रीय बजट को आम नागरिकों व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का हिमालयी राज्य है, जिसके चलते राज्य के लिए अलग हिल एरिया पैकेज की जरूरत थी। आपदा की दृष्टि से राज्य काफी संवेदनशील है, बजट में राज्य के लिए आपदा बजट शामिल होना चाहिए था। बढ़ती महंगाई को देखते हुए उत्तराखंड में पहाड़ी जनपदों के युवाओं के लिए ठोस रोजगार नीति चाहिए थी। उन्होंने कहा कि बजट में पलायन रोकने का रोडमैप, सीमांत गांवों के लिए उत्तराखंड-विशेष बजट, बंद होते लघु उद्योगों और खनन उद्योग पर कही कोई बजट नहीं रखा गया है। ऐठनी ने कहा कि पिथौरागढ़, चमोली, बागेश्वर, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग जैसे जिलों की जरूरतें मैदानी राज्यों जैसी नहीं हैं, फिर भी बजट में इस जिलों की उपेक्षा की गई है।

### एंबुलेंस में बैठते समय गिरी प्रसूता, हंगामा

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल बागेश्वर में एक प्रसूता महिला को एंबुलेंस में बैठाते समय सड़क पर गिरने की घटना से अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बता दें कि कपकोट के पुनारा गांव निवासी 36 वर्षीय पूनम ने जिला अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया। बच्ची की हालत नाजुक बताते हुए दोनों जच्चा बच्चा को अल्मोड़ा रेफर किया गया। प्रसूता महिला एम्बुलेंस में बैठते समय सड़क में गिर गई। जो वहां से उठ नहीं पाई, जिसके बाद आस पास मौजूद लोगों महिला को उठाकर वाहन में बिठाया।

### इंटर कॉलेज में नए भवन का उद्घाटन

**बागेश्वर।** शिक्षा विभाग उत्तराखंड द्वारा विधानसभा क्षेत्र कपकोट में 3 करोड़ 2 लाख 62 हज़ार की लागत से पीएमश्री स्व. पान सिंह गढ़िया राजकीय इंटर कालेज, कपकोट के नव-निर्मित भवन का शनिवार को विधायक सुरेश गढ़िया व अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत उद्घाटन किया। विधायक सुरेश गढ़िया ने कहा कि यह नव-निर्मित आधुनिक एवं सुव्यवस्थित भवन क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक सशक्त आधार बनेगा। बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं, अनुकूल शिक्षण वातावरण तथा आधुनिक संसाधनों के माध्यम से यह भवन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करेगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कपकोट भावना शाही, हरीश मेहता, खंड शिक्षा अधिकारी चक्षुपती अवस्थी, विद्यालय के प्रधानाचार्य बची लाल, प्रेमा ऐठानी, अंकित ऐठानी, हरीश कपकोटी आदि मौजूद थे।

### पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक

**बागेश्वर।** शनिवार को बागेश्वर के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऋण-जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना और सरकारी ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी आकांक्षा कोड़े ने बैंकों को अगले तीन माह में ऋण-जमा अनुपात में 5 प्रतिशत वृद्धि करने और कृषि मियादी ऋण को 40 प्रतिशत तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटे व्यवसायों को ऋण देने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की भी बात की। बैठक में सभी बैंक अधिकारियों को कैरियर काउंसलिंग शिविरों में भाग लेने, शिक्षा ऋण और अन्य योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण अधिकारी को आधार सीडिंग के अवशेष आवेदनों की जानकारी देने और डीडीओ को बैंक सखियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। लीड बैंक अधिकारी सुखविंदर कादयान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितंबर तक जनपद का ऋण-जमा अनुपात 25.88 प्रतिशत रहा। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना में 08 में से 06 वाहन और 06 में से 02 गैर-वाहन ऋण आवेदनों को मंजूरी मिली है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी समेत सभी बैंकों के प्रबंधक और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### महिला होलीकोत्सव की तैयारियां तेज

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में महिला होलीकोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। शनिवार को महिला कल्याण संस्था की ओर से होलीकोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। तय किया गया कि इस बार कुमाऊंनी होली के साथ ही मथुरा वृंदावन, बंगाली, राजस्थानी और पंजाबी होली विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। नगर के दुगालखोला में आयोजित बैठक में संस्था की अध्यक्ष रीता दुर्गापाल ने बताया कि महिला होलीकोत्सव पूर्व में 20 व 21 फरवरी को आयोजित होना था, अपरिहार्य कारणों से पूर्व की तिथि को स्थगित कर आगामी 25 व 26 फरवरी को मल्ला महल में करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले दिन 25 फरवरी को अल्मोड़ा की सभी टीमें प्रतिभाग करेगी। इसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहने वाली टीमें अगले दिन 26 फरवरी को बाहर से आई टीमों के साथ प्रतिभाग करेगी। साथ ही भव्य सांस्कृतिक जुलूस का भी आयोजन किया जाएगा। यहां बैठक में संस्था की सचिव पुष्पा सती, सरंक्षक मीता उपाध्याय, ममता चौहान, चंद्रा अग्रवाल, आशा पंत, अनीता रावत, दीपा सतीश जोशी, गीता साह, राधिका जोशी, रमा जोशी, दीपा जोशी, सरला बिष्ट, आदिति अग्रवाल पांडे समेत अन्य महिलाएं मौजूद रही।

### हाईवे पर गड्ढे भरने के नाम पर हुई खानापूर्ति

**काशीपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर गड्ढे भरने में केवल खानापूर्ति हुई है। हालात ऐसे हैं कि सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं जो भरे भी थे वह पिछले दिनों हुई बारिश में उखड़ गए। काशीपुर से हल्दुआ तक इस मार्ग पर काफी गड्ढे हो गए हैं। इस कारण वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। उल्लेखनीय है कि काशीपुर से लेकर बुआखाल तक नेशनल हाईवे 309 है। इस हाइवे पर रोजाना हजारों की संख्या में लोग आवाजाही करते है। सड़क की हालत इतनी खस्ता है कि इस पर पैदल चलना भी दूभर है। बस, डंपर, ट्रक, कार, स्कूल बस, टैंपो, ई-रिक्शा के अलावा इस हाईवे पर रोजाना सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। सितंबर में बरसात खत्म होने के बाद प्रदेश सरकार के निर्देश पर नवंबर में इस हाईवे पर गड्ढे भरने का काम शुरू किया गया। एनएचएआई की ओर से गड्ढे भरे गए लेकिन उसमें महज खानापूर्ति हुई। एनएचएआई के सहायक अभियंता, मनोज भट्ट ने बताया कि काशीपुर से हल्दुआ तक सड़क ठीक करने के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की है। जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा।

### भाई-बहन पर डेढ़ करोड़ की ठगी का आरोप

**काशीपुर।** जमीन बेचने के नाम पर भाई-बहन द्वारा 1.50 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवास विकास पुष्प विहार कालोनी निवासी सोहन सिंह ने बताया कि 3 मई 2024 को ग्राम गढ़ी इंद्रजीत, तहसील काशीपुर निवासी एक व्यक्ति से 2.374 हेक्टेयर भूमि का सौदा 2.63 करोड़ रुपये में तय हुआ था। इसके तहत उन्होंने 1.50 करोड़ रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किए, जबकि शेष राशि के चेक रजिस्ट्री में अंकित किए गए। आरोप है कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया के दौरान भूमि विक्रेता की बहन ने आपत्ति दर्ज करा दी, जिससे प्रक्रिया रुक गई। पीड़ित का कहना है कि बार-बार आश्वासन के बावजूद आज तक दाखिल-खारिज नहीं हुआ और उनके रुपये हड़पने की साजिश की गई।

# यूएसआईसी रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तराखंड का शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तराखंड के शटलरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट में शटलरों ने एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। उत्तराखंड स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी ने बताया कि योनेक्स सनराइज आल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट बीते 31 जनवरी से 7 फरवरी तक बंगलौर में आयोजित हुआ। जिसमें अल्मोड़ा की अदिति भट्ट ने अपनी जोड़ीदार महाराष्ट्र की शरवनी वालेकर के साथ खेलते हुए महिला डबल्स में



स्वर्ण पदक का खिताब जीता। वहीं, अल्मोड़ा के ही पांडेखोला निवासी ध्रुव रावत ने दिल्ली की जैनिथ अविगैल के साथ जोड़ी बनाते हुए सेमीफाइनल तक अपना स्थान बनाया। जहां उन्हें दिल्ली के निमित्त कुमार और लक्षिता श्रीवास्तव से एक कड़े मुकाबले में पराजित होकर मिक्स डबल्स में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इसके साथ ही देहरादून के ध्रुव नेगी भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पुरुष सिंगल्स में कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड बैडमिंटन संघ के चीफ पैटर्न और पूर्व डीजीपी अशोक कुमार, संघ की अध्यक्ष डा. अलकनंदा अशोक, कोषाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल, कोच डीके सेन समेत कई खेल प्रेमियों ने खुशी जताई।

### ओवरलोड वाहन सीज

**काशीपुर।** दो दिन पूर्व बाजपुर में नेशनल हाईवे पर क्षमता से अधिक भूसा लादकर जा रहे एक अनियंत्रित ट्राला कार के ऊपर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत होने के बाद आरटीओ ने ओवरलोड भूसे से भरे एक ट्रक व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सूर्या चौकी के समीप पकड़कर उसे सीज किया है। आज सुबह मुरादाबाद क्षेत्र से एक ट्रक संख्या यूपी21 सीएन 9595 काशीपुर भूसे को चारों और लटकाकर ला रहा था। परिवहन कर अधिकारी काशीपुर सचिन कुमार ने उक्त ओवरलोट ट्रक को सीज कर दिया। उक्त ट्रक मुरादाबाद निवासी रवि कुमार का बताया जा रहा है। वहीं ठाकुरद्वारा निवासी सलीम भी अपनी ट्रैक्टर ट्राली में ओवरलोड भूसा भरकर ला रहा था। जिसे परिवहन कर अधिकारी ने सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि क्षमता से अधिक भूसा ले जाने वाले वाहनों पर कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# आसमान में पायलटों ने दिखाए रोमांचक करतब

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** कपकोट केदारेश्वर मैदान में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय एक्युरेसी पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता तीसरे दिन भी उत्साह और रोमांच के साथ चलती रही। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की व्यापक भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह आयोजन साहसिक खेलों के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में उभर रहा है। तीसरे दिन जालेख से उड़ान भरने वाले पैराग्लाइडरों से पूरा आसमान रंग-बिरंगी छतरियों से भर गया। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सटीक लैंडिंग का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और पर्यटकों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। प्रतियोगिता में पायलटों ने कपकोट क्षेत्र में साहसिक पर्यटन के लिए अनुकूल बताया। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण यह क्षेत्र पैराग्लाइडिंग में शामिल हुए प्रतिभागियों ने काफी सराहा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से कपकोट भविष्य में एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित हो सकता है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में स्थानीय प्रशासन, पर्यटन विभाग और आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आने वाले दो दिनों में भी प्रतियोगिता में और रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिनमें देशभर के शीर्ष पैराग्लाइडर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## कालोनी की सुविधाएं न देने पर कॉलोनाइजर पर मुकदमा दर्ज कराया

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** मूलभूत सुविधाओं का हवाला देकर प्लॉट खरीदने के बाद भी कॉलोनाइजर द्वारा कोई कार्य न कराने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्लॉट बेचने के मामले में कंपनी संचालक पर मुकदमा दर्ज किया है। कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में खुशहालपुर दिल्ली रोड मुरादाबाद निवासी गौरव सिंह पुत्र स्व. थान सिंह ने बताया कि उसकी माता ने शाहगंज निकट टेम्पलटन कॉलेज हरियावाला में एक प्लाट यूके कॉलोनाइजर एंड डेवलपर्स नाम की कंपनी संचालक शाकिर अली पुत्र साबिर अली से एक प्लॉट दिसंबर 2017 में खरीदा था जो प्लॉट बेचने व कॉलोनी काटने की कंपनी चलाता है जिसका कार्यालय गढ़वाल सभा रोड काशीपुर में है। शाकिर अली ने प्लाट बेचने व कंपनी के इश्तहार में दी गई मूलभूत सुविधाओं का पैसा जोडकर उनसे लेकर वर्ष दिसंबर 2018 में दाखिल खारिज करा दिया। इसके बाद कोरोना काल आंरभ हो गया और अब तक 6 वर्ष हो चुके हैं। कंपनी मालिक ने आज तक उक्त स्थान पर कोई भी पक्का काम नहीं किया जिससे वह वहां घर बनाकर परिवार सहित रहन-सहन कर सकें। कई सालों से मालिक और उसके कार्यालय के चक्कर लगाने के बाद भी उक्त कार्य न होने पर इसकी शिकायत पुलिस एप व कुंडा थाने में करने पर उन्हें पता चला कि प्लॉट मालिक विदेश जाने की तैयारी कर रहा है जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त कॉलोनाईजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# 12वीं की छात्राओं को दी विदाई

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**हल्दूचौड़।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दौलिया में शनिवार को कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डा. भारती नारायण भट्ट द्वारा रिबन



काटकर और दीप प्रज्वलन से किया गया। समारोह की शुरुआत मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और ईश वंदना से हुई। प्रधानाचार्या ने सभी छात्राओं को परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ प्रवक्ता कल्पना जोशी ने उज्जवल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की। कक्षा 11 और 12 की अध्यापिकाओं अभिलाषा कीर्ति, प्रियंका चम्याल, देवश्री मनराल और हंसा पांडे ने भी छात्राओं को सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्राओं मनसा नैनवाल, योग्यता कर्नाटक, जयश्री खोलिया और प्राची बनोला ने बारी-बारी से हिंदी और अंग्रेजी में किया। इस मौके पर शोभा देवी, बीना मेहरा, नीता भट्ट, रीता लसपाल, नीता बिष्ट, कंचन पांडे, बीना पंत, जया आर्या, विधोत्मा टम्टा, मोनिका किलकोटी, प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कुमार पाठक, हेमा पंत उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय बजट देशहित में: बिष्ट

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** केंद्रीय बजट पर राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने मीडिया से वार्ता करते हुए बजट को राज्य एवं देश हित में बताया। उन्होंने कहा कि बजट में उत्तराखंड राज्य के पहाड़ी जिलों दो जिलों अल्मोड़ा व चमोली में जंगली जानवरों से बचने के लिए बजट रखा गया है।

उसी की तर्ज पर आने वाले समय में अन्य जिलों को भी जंगली जानवरों एवं फसल नष्ट करने वाले जानवरों की सुरक्षा के उपाय किए जाएंगे। मंत्री बिष्ट ने कहा कि गंभीर बीमारी में कैंसर शुगर आदि दवाइयां को सस्ता करने का इस बजट में प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 12 लाख तक की राशि को आयकर से मुक्त किया गया। बजट में देश के सभी पर्यटन क्षेत्रों खासकर उत्तराखंड में डेवलपमेंट पर फोकस दिया गया है।



इसके साथ ही पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक क्षेत्र में वेटनरी हॉस्पिटलों को सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। कहा कि पूरे देश में नागरिकों की सुरक्षा एवं उनके संरक्षण का ध्यान दिया जाएगा प्रत्येक जिले में जड़ी बूटी उत्पाद एवं हर्बलपर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक जिले में महिला विकास के लिए गर्ल्स हॉस्टल खोले जाएंगे बिजली की खपत को कम करने एवं सोलर एनर्जी को बढ़ावा दे इस पर फोकस किया गया है। रेलवे के बजट में बढ़ोतरी की गई है, राज्य के हरिद्वार रेल लाइन को 2027 तक पूरा करने एवं अन्य लाइनों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राठौर, जिला महामंत्री संजय परिहार, घनश्याम जोशी, पूर्व उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श कठायत, जिला मीडिया प्रकाश शाह एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शराब की दुकानों पर दबिश

**हल्द्वानी।** डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को भी अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए फतेहपुर, लामाचौड़, गौलापार और दौलतपुर क्षेत्रों में दबिश दी। कार्यवाही के दौरान गोपाल सिंह पुत्र पूरन सिंह के आवास से कुल 65 टेट्रा पैक देशी शराब, 42 पव्वा अंग्रेजी शराब और 156 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद मदिरा को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई। अधिकारियों ने बताया यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। दबिश में आबकारी निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह, उप आबकारी निरीक्षक कैलाश जोशी, संजय कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही चंद्रशेखर, महेश, राहुल, शीतल मौजूद रहे।

# बजट संवाद में सीएम के समक्ष रखीं मांगें

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 7 फरवरी, 2026 को बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा आरके सुधांशु अपर मुख्य सचिव, दिलीप जावलकर प्रमुख सचिव वित्त, बीवीआरसी पुरुषोतम सचिव सहकारिता, धीरज गर्याल सचिव पर्यटन, दीपक रावत, आयुक्त कुमाऊँ मण्डल तथा दीपक बाली मेयर काशीपुर भी उपस्थित थे। पवन अग्रवाल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जारी होने वाले राज्य बजट में शामिल करने हेतु विभिन्न सुझाव दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री के अथक प्रयासो से यूरोपियन यूनियन के साथ एक बहुत



अच्छा फ्री ट्रेड एग्रीमेट हुआ है, जिससे उम्मीद है कि हमारी आर्थिक प्रगति को एक नई रफ्तार मिलेगी। इसके अतिरिक्त अभी जो अमेरिका के साथ डील हुई है उससे भी हमारी अर्थव्यवस्था की प्रगति में और अधिक वृद्धि होगी। उपरोक्त दोनों संधियों का फायदा निश्चित तौर पर हमारे राज्य उत्तराखण्ड को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य की सड़कों का निर्माण केवल मरम्मत तक सीमित न होकर चौडीकरण एव उच्च्य गुणवत्ता मानको के अनुरूप किया जाए। उन्होंने कहा कि काशीपुर-ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद, काशीपुर-बाजपुर-मुरादाबाद एवं काशीपुर-रामनगर मार्ग, जिन पर पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों का आवागमन अधिक रहता है। अतः इन सड़कों के शीघ्र निर्माण हेतु बजट में समुचित प्रावधान किया जाना आवश्यक है। राज्य में प्रभावी लॉजिस्टिक नीति बनाने की मांग की। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य के संपूर्ण पावर इफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ एव आधुनिक बनाने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उत्तराखंड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना, 2024 इस योजना के तहत पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नीति में सुधार की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों के लिए बंद की गई ट्रांसपोर्ट सब्सिडी को पुनः शुरू करने की आवश्यकता है। उत्तराखण्ड में टैक्स पर बात करते हुए उन्होंने मांग है कि उत्तराखण्ड में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर कम और न्यायसंगत सेस लागू किया जाए। कहा कि उत्तर प्रदेश में मण्डी शुल्क और विकास उपकर की दर 1.5 प्रतिशत है, जबकि उत्तराखंड में यह 25 प्रतिशत है। सुझाव है कि जो उद्योग दूसरे राज्यों में शुल्क देकर कच्चा गाल लाते हैं, उन पर राज्य में पुन मण्डी शुल्क न लगाया जाए। इसके अलावा उद्योगों पर लगने वाले उपकर को भी नहीं लगाने की मांग की। उक्त कार्यक्रम में केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल के साथ महाराविव नितिन अग्रवाल भी उपस्थित थे।

# द्वितीय चरण के आंदोलन में सरकार पर बरसे कर्मचारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को कर्मचारियों ने नगर के गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बनैर तले नगर के मालरोड स्थित गांधी पार्क में आयोजित धरना प्रदर्शन के बाद सभा में वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मांग के बावजूद कर्मचारी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई बार सरकार की ओर से आश्वासन भी दिए गए, लेकिन इसके बाद भी कोई अब तक कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। कहा कि कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड व वेतन विसंगति को लेकर भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां प्रदर्शन के बाद कर्मचारी कलक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने डीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। चेतावनी दी कि जल्द मांग पूरी नहीं की गई तो समस्त कर्मचारी आगामी 21 फरवरी को देहरादून में प्रदेश स्तरीय धरना देगें। वहीं, 22 फरवरी से 31 मार्च तक विधायकों के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजेंगे। 13 मार्च को देहरादून में परेड ग्राउंड से सचिवालय तक जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान सेवाकाल में तीन पदोन्नति प्राप्त न कर सकने पर 10, 16 व 26 साल की सेवा के बाद एसीपी के तहत पदोन्नत वेतनमान देने, गोल्डन कार्ड की विसंगति दूर करने, वेतन विसंगति दूर करने, पदोन्नति में शिथिलीकरण, पुरानी पेंशन लागू करने, केंद्र की भांति मकान किराया भत्ता देने, वाहन भत्ते में बढ़ोत्तरी करने समेत 18 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। यहां जिलाध्यक्ष उमापति पांडे, महामंत्री मोहन नेगी, संरक्षक केएन कांडपाल, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमोठी, प्रांतीय संरक्षक रमेश कनवाल, शीतल सिंह सत्यपाल, दलीप भंडारी, भास्कर जोशी, यशवन्त बिष्ट, वंदना कड़ाकोटी, नरदेश्वर, हरीश बिष्ट, मुकेश पुनेठा, दिनेश लाल साह, बीना बिष्ट, पंकज सुनौरी, चंदन बिष्ट, ओम प्रकाश देवाल, बची राम, हिमांशु जोशी, रुचि मेहता, हरिहर मेहता, अनीता रावत, प्रमोद जोशी, सूरज पाटनी, रियासत अली, नीरज सनवाल, मनीष रावत, भूपाल सिंह, दीपक बिष्ट, हर्षिता पांडे, पंकज रौतेला, सतीश पांडे समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। **बागेश्वर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड के बैनरतले स्थानीय विकास भवन में कर्मचारी संगठन ने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद कर्मचारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष नारायण सिंह किरमोलिया के नेतृत्व में शनिवार को कर्मचारियों ने धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि वे अपने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे हैं। लेकिन उसके बाबजूद सरकार उनकी मांगों को लगातार नजर अंदाज करते आ रही है। वक्ताओं ने प्रमुख मांग सम्पूर्ण सेवाकाल में तीन पदोन्नति, गोल्डन कार्ड के अंतर्गत ओपीडी को शामिल किए जाने व अन्य खामियां दूर किए करने, विभिन्न विभागों में वेतन विसंगतियां को दूर करने आदि मांगो को लंबे समय से लड़ाई लड़ रहे है। कर्मचारियों ने कहा कि हर बार उन्हें आश्वासन दिया जाता है। लेकिन इस बार उन्होंने आर या पार की लड़ाई लड़ने के लिए ठानी है। इस मौके पर संरक्षक गोकुल रावत, जिला महामंत्री सुरेंद्र बिष्ट, प्रमोद मिश्रा, दीपक, अनिल, वंदना, बिमला, हिमानी, भगवती, इंद्रा आदि शामिल थे।

# दृष्टिहीन संघ की बैठक में ब्रेल और शास्त्रीय संगीत प्रशिक्षण का निर्णय

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ उप शाखा अल्मोड़ा की मासिक बैठक तिलकपुर स्थित संघ कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह अधिकारी ने की, जबकि संचालन जमशेद सिंह चौहान ने किया। बैठक में दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों से जुड़ी सामाजिक, शैक्षिक और प्रशासनिक समस्याओं पर चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि मार्च से संघ कार्यालय में ब्रेल लिपि और शास्त्रीय संगीत की कार्यशालाएं शुरू की जाएंगी। दिव्यांग सदस्यों से इन कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए संपर्क करने का अनुरोध किया गया। इसके अलावा, दिव्यांग श्याम सुंदर लोहनी की शास्त्रीय संगीत शिक्षा को



जारी रखने का निर्णय भी लिया गया। दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही जिलाधिकारी अल्मोड़ा से मुलाकात करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि प्रतियोगी परीक्षाओं में दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को योग्य श्रुति लेखक नहीं मिलते, जिसके कारण कई बार उन्हें असफलता का सामना करना पड़ता है। इस पर मांग की गई कि उच्च शैक्षिक परीक्षाओं में दृष्टिबाधितों को प्रशिक्षित श्रुति लेखक उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में दिव्यांग मंजू दानू के सहायक अध्यापक पद पर चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। चन्द्रमणि भट्ट ने बताया कि शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी पदों के लिए दृष्टिबाधितों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है और दिव्यांगजनों से समय पर आवेदन करने की अपील की।

# धनंजय पर आईजी ने कसा शिकंजा

## जालसाज ठेकेदार को पकड़ने में नाकाम भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जमीनों के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी धनंजय गिरी महीनों से फरार है, और पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस मामले में पुलिस और प्रशासन दोनों ही अपनी जांच कर रहे हैं, लेकिन अब यह सामने आया है कि धनंजय गिरी के मामले की जांच कर रहे भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी एसआई अनिल कुमार ने आरोपी से सांठ-गांठ कर ली थी। इस मामले में एसआई अनिल कुमार को आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र के सुभाषनगर आवास विकास में रहने वाले धनंजय गिरी पर विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के करीब 9 मुकदमे दर्ज हैं। पिछले वर्ष वह तब चर्चा में आया जब उसने शहर के बीचो-बीच खड़ी एक बेशकीमती प्रॉपर्टी को न सिर्फ कई बैंकों में गिरवी



कर रख दिया, बल्कि इसी प्रॉपर्टी में बनी दुकानें भी बेच डाली। इसके बाद से प्रशासन और पुलिस ने धनंजय की घेराबंदी शुरू की, लेकिन तब वह फरार हो चुका था।

इस मामले में अब तक धनंजय से सताए भूमि धोखाधड़ी 20 शिकायतकर्ता सामने आ चुके हैं। जिसके बाद प्रशासन की ओर से एसआईटी गठित की गई। साथ ही आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने एसआई अनिल कुमार को धनंजय गिरी की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन जब जांच में अनिल कुमार द्वारा लगातार गुमराह किए जाने की बात सामने आई, आईजी ने बताया कि विवेचक की मिलीभगत और लापरवाही ने अभियुक्त को बचने का अवसर दिए। जिसके चलते एसआई अनिल कुमार, चौकी भोटियापड़ाव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि धनंजय गिरी प्रकरण में पिछले दो माह के दौरान अभियुक्त धनंजय गिरी से संबंधित कई पीड़ितों ने आईजी कार्यालय में लिखित शिकायतें दी हैं। सभी शिकायतों पर एफआईआर दर्ज की गई है। धनंजय ने धोखाधड़ी से जितनी भी संपत्तियां जोड़ी हैं, सबका लेखा-जोखा तैयार किया जा रही है। आईजी ने बताया कि एसआईटी का मुख्य उद्देश्य धोखाधड़ी से अर्जित धन को नए कानून बीएनएसएस की धारा 107 के अंतर्गत, न्यायालय के माध्यम से पीड़ितों को उनके निर्धारित प्रतिशत के अनुसार वापस दिलाया जा सके। पूर्व में कुछ जनपदों ने अपने स्तर पर एसआईटी का गठन किया गया था, जो अनुचित पाया गया। साथ ही यह भी सामने आया कि इन एसआईजी में जो भी शिकायतें आ रही थीं, उसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा था। आईजी ने ऐसी सभी एसआईटी भंग कर दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अब इस प्रकार का कोई भी मामला प्रकाश आया तो उसकी जांच संबंधित क्षेत्राधिकारी करा कर कार्रवाई की जाएगी।

### शिकायत दर्ज करने के लिए संपर्क करें

आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने अपील की है कि जिन पीड़ितों के साथ धनंजय गिरी या उसके सहयोगियों ने धोखाधड़ी की है, वे अपनी शिकायत 9411110057 पर दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा, वे एसआईटी प्रभारी एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल या एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी से भी संपर्क कर सकते हैं। आईजी ने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति या योजना में धन निवेश करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वह सरकार द्वारा अधिकृत है या नहीं।

### कई सफेदपोशों के कालेधन का राजदार है धनंजय

धनंजय की पहुंच और रुतबे से हर कोई वाकिफ था। इसी वजह से धनंजय एक के बाद एक बड़ी से बड़ी धोखाधड़ी को अंजाम देता रहा। सूत्रों की मानें तो धनंजय न कई अधिकारियों और सफेदपोशों की रकम भी जमीन की खरीद-फरोख्त में लगाई। यही वजह थी कि धनंजय के खिलाफ शिकायतों के बावजूद पुलिस के हाथ उसके गिरेबां तक पहुंच पाए। अगर धनंजय पकड़ा गया तो कई सफेदपोशों के कालेधन का चिठ्ठा भी खुल सकता है।

# बड़ा ड्रामेबाज़ निकला विकास

## जिसकी मौत पर फूट कर रोया था, उसका नाम-ओ-निशान तक नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाली ईवीसीएल टी-20 क्रिकेट लीग को लेकर बड़ा धोखाधड़ी मामला

### ईवीसीएल टी-20 क्रिकेट लीग फ्रॉड: बेंग्लुरू से सिडनी तक गढ़ी फर्जी कहानी

सामने आया है। लीग के आयोजक विकास ढाका ने अपनी बनाई हुई कहानी में दावा किया था कि क्रिकेट लीग के फाइनेंसर, बंग्लुरू निवासी प्रमोद सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। इस झूठे दावे के आधार पर लीग रद्द कर दी गई थी, और ढाका ने अपनी शोकसभा का आयोजन भी किया था, जहां वह फूट-फूट कर रोया था। लेकिन अब यह सामने आया है कि प्रमोद सिंह का कोई अस्तित्व ही नहीं था। ढाका ने यह कहानी पूरी तरह से गढ़ी थी। पुलिस ने ढाका को गिरफ्तार किया जब वह होटल से चेकआउट कर भागने की कोशिश कर रहा था। उससे पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि प्रमोद सिंह के बारे में ढाका द्वारा दी गई जानकारी पूरी तरह से झूठी थी। पहले उसने कहा कि प्रमोद की मौत दिल्ली में हुई, फिर दावा किया कि वह बंग्लुरू में मरा, और अंत में यह बताया कि उसकी मौत सिडनी में हुई थी। पुलिस जांच में यह सामने आया कि ढाका ने जिस प्रमोद की मौत का दावा किया, वह कभी पैदा ही नहीं हुआ था। 3 फरवरी से होने वाले इस क्रिकेट लीग के आयोजन में पहले ही कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, जैसे इरफान पठान और प्रवीण कुमार को शामिल किया गया था। लीग में कुल 6 टीमें बनाई गई थीं, जिनमें से उत्तराखंड सोल्जर्स टीम को पूर्व विधायक नारायण पाल और यूपी वॉरियर्स टीम को हरियाणा के हेमंत शर्मा ने खरीदी थी। इन टीमों को 23 लाख रुपये में बेचा गया था। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि ढाका अपनी ही गढ़ी कहानी में उलझ गया। मामले की जांच जारी है।

### प्रशासनिक अनुमति नहीं ली

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि इस तरह के बड़े आयोजन के लिए प्रशासन से अनुमति प्राप्त करना जरूरी था, लेकिन आयोजक ने अनुमति नहीं ली। सुरक्षा के लिए पुलिस से आवेदन किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के दौरे के कारण पुलिस ने सुरक्षा नहीं दी। आयोजक को यह हिदायत दी गई थी कि वह निजी सुरक्षा इंतजाम करे और मैदान के भीतर और बाहर 120 सुरक्षा कर्मी तैनात करे, साथ ही पार्किंग के लिए 30 कर्मी और 10 डीएफएमडी, 20 एचएचएमडी की व्यवस्था करे।

# आरटीओ दफ्तर में डीएम का छापा, भाग खड़े हुए दलाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आरटीओ कार्यालय में कोई भी एजेंट अधिकृत नहीं है और कानून का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित एजेंट के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कार्यालय से जुड़ी सेवाएं ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, रिन्यूवल और मोटर व्हीकल संबंधित कार्य प्रत्यक्ष रूप से आमजन से जुड़े हैं, इसलिए किसी बाहरी व्यक्ति की संलिप्तता कतई स्वीकार्य नहीं है। यह बात आरटीओ कार्यालय में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ललित मोहन रायल ने कहीं। शनिवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल अचानक संभागीय परिवहन कार्यालय पहुंचे और कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अचानक जिलाधिकारी के पहुंचने पर आरटीओ कार्यालय में मौजूद कर्मचारी व कार्यालय के बाहर घूम रहे एजेंट कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी ने स्पष्ट किया कि आरटीओ कार्यालय में कोई भी एजेंट अधिकृत नहीं है और कानून का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित एजेंट के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालय से जुड़ी सेवाएं ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, रिन्यूवल और मोटर व्हीकल संबंधित कार्य प्रत्यक्ष रूप से आमजन से जुड़े हैं, इसलिए किसी बाहरी व्यक्ति की संलिप्तता कतई स्वीकार्य नहीं है। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों के लिए ड्रेसकोड, नेम प्लेट और आईकार्ड अनिवार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक पटल पर नाम-प्लेट लगाना आवश्यक बताया, ताकि कार्यालय में आने वाले नागरिक को सही जानकारी और सुविधा मिले। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे चालू, शिकायत पेटी उपलब्ध और किसी भी तरह की अनियमितता पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य गेट पर एक फ्लेक्सी लगाने का निर्देश भी दिया, जिसमें यह स्पष्ट अंकित हो कि कार्यालय में कोई एजेंट अधिकृत नहीं है और सभी सेवाएं निर्धारित दर एवं समयबद्ध तरीके से प्रदान की जाती हैं। इसके साथ ही डीएम ने आरटीओ निर्देश दिए कि कार्यालय की नियमित मॉनिटरिंग के साथ ही चैकिंग अभियान भी चलाया जाए। निरीक्षण के दौरान संभागीय परिवहन अधिक. ारी प्रवर्तन अरविंद पाण्डे और प्रशास. निक अधिकारी गुरुदेव सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मानसून से पहले सभी कार्यों को पूरा करें: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में एडीबी एशियाई विकास बैंक द्वारा वित्त पोषित उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी यूयूएसडीए के तहत हल्द्वानी शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने परियोजनाओं की तेजी से प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि परियोजनाओं को गुणवत्ता और



समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी रयाल ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि मानसून से पहले सभी कार्यों को पूरा करना आवश्यक है, ताकि आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं, संबंधित विभागों और अन्य स्टेकहोल्डरों से आपसी समन्वय बनाने का निर्देश दिया ताकि कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो। जिलाधिकारी ने कार्यों की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयसीमा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी स्तर पर समन्वय की कमी के कारण कार्य प्रभावित होते हैं, तो नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। बैठक में हल्द्वानी शहर के कुछ क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता की बात भी उठी। इसके अतिरिक्त हल्द्वानी के शनिबाजार नाले को सिंचाई नहर में मिलाने से किसानों को हो रही समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों से बैठक कर त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर ध्रुव महतोलिया, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, एसडीएम राहुल शाह, जमरानी बांध परियोजना के उप महाप्रबंधक ललित कुमार सहित यूयूएसडीए, लोनिवि, पेयजल निगम, विद्युत विभाग सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूटी सवार दादा की सड़क दुर्घटना में मौत

**हल्द्वानी।** एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक दादा अपने नाती को कोचिंग से लेने जाते समय सड़क हादसे का शिकार हो गए। घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दादा की बाद में अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार बिदोरा मझोला सितारगंज ऊधमसिंह नगर निवासी 66 वर्षीय शिवराज सिंह राणा जो डाक विभाग से सेवानिवृत्त थे, रोजाना अपने नाती को कोचिंग से लेने जाते थे। बताया जा रहा कि बीते 5 फरवरी को भी वह अपनी स्कूटी से नाती को लेने निकले थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। डा. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी मौत हो गयी।

## 46 लोग पकड़े, 189 वाहनों के चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक बार फिर रात के समय चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई, जिसमें 46 लोग पुलिस के सवालों का सही जवाब नहीं दे पाए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही, पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नियमों का



उल्लंघन करने वाले 189 वाहन चालकों के चालान किए और हजारों रुपए का जुर्माना वसूला। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी के निर्देश पर शुक्रवार रात यह विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार, क्षेत्राधिकारियों की अगुवाई में जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस टीमों ने प्रमुख चौराहों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में गहन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान कुल 135 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें से 46 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और 11,250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, 217 वाहनों की चेकिंग में 189 वाहनों के चालान किए गए और 32,000 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त, 9 वाहनों को सीज भी किया गया।

# 35 शस्त्र लाइसेंस डीएम ने किए निरस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम ललित मोहन रयाल ने शस्त्र लाइसेंसों की समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय शस्त्र लाइसेंस पोर्टल नियमों का उल्लंघन करने और यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूआईएन) पंजीकरण न पाए जाने पर जनपद के 35 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। यह कार्रवाई केंद्र सरकार द्वारा लागू राष्ट्रीय शस्त्र लाइसेंस पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण एवं अद्यतन प्रक्रिया के तहत की गई है।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी लाइसेंस धारकों को समय-समय पर सूचना एवं अवसर दिए गए, इसके बाद भी शस्त्र लाइसेंस धारकों ने डिजिटल रिकार्ड अपडेट राष्ट्रीय शस्त्र लाइसेंस पोर्टल पर नहीं किया गया। इसे शस्त्र अधिनियम एवं शासन की ओर से जारी निर्देशों का उल्लंघन माना गया। डीएम ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस केवल अधिकार नहीं बल्कि एक गंभीर कानूनी दायित्व है। सार्वजनिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा अवैध शस्त्रों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील की है कि वे अपने शस्त्र लाइसेंस का समय से यूआईएन पंजीकरण, नवीनीकरण एवं समस्त विवरणों का अद्यतन अनिवार्य रूप से करें, अन्यथा राष्ट्रीय शस्त्र लाइसेंस पोर्टल पर पंजीकरण नहीं होने पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

# आत्मनिर्भर भारत का बजट: अजय भट्ट

## सांसद ने कहा- उत्तराखण्ड के विकास में नई संभावनाएं दिखेंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्रीय बजट 2026-27 को युवा शक्ति, किसानों, मध्यम वर्ग और ग्रामीण भारत को नई दिशा देने वाला है साथ ही यह आकांक्षाओं, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का बजट है, जो विकसित भारत-2047 की मजबूत नींव रखता है। यह बजट नारी सशक्तिकरण, महिला छात्रावास, लखपति दीदी योजना और शी मार्केट जैसी पहलों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा।



यह बात सांसद अजय भट्ट ने कही। शनिवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि इस बजट में 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक पूंजीगत व्यय, सात नए कॉरिडोर, आधुनिक परिवहन नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स का विस्तार शामिल है। इससे निवेश, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण भारत को 2,73,108 करोड़ की व्यवस्था से किसान, गांव और ग्रामीण युवाओं को लाभ मिलेगा। बजट नारी सशक्तिकरण, महिला छात्रावास, लखपति दीदी योजना और शी मार्केट जैसी पहलों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और पर्यटन क्षेत्र में अवसर बढ़ेंगे। सांसद भट्ट ने कहा कि पर्यावरण एवं पर्यटन को ध्यान में रखते हुए इको.सस्टेनेबल माउंटेन ट्रेल्स, इको टूरिज्म और टियर. 2 व टियर.3 शहरों पर फोकस से उत्तराखंड के विकास में नई संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट के लिए आभार व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया संयोजक प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, शानू खान आदि मौजूद रहे।

# अंडर-19: कोल्ट्स ने कब्जाई ट्रॉफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंडर-19 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया है। फाइनल मुकाबला जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और एचसीसी के बीच खेला गया। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एचसीसी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के सटीक गेंदबाजों के सामने 35वें ओवर में मात्र 140 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसमें संस्कार गुप्ता ने 56 रन, वंश कनोजिया ने 47 और विशाल खाती ने 11 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी की टीम ने 31वें ओवर में




वैभव मेहरा के 64, देवानंद जोशी के 37, प्रांजल रैकवाल और शशांक दुम्का के 14-14 रनों की बदौलत 4 विकेट खोकर 145 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शानदार गेंदबाजी के लिए राहुल नौलिया को दिया गया। जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज लक्ष्य नयाल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज राहुल नौलिया और मैन ऑफ-द टूर्नामेंट का खिताब प्रांजल रैकवाल को दिया गया। इससे पूर्व फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद तौलिया ने दोनों टीमों का परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, नरेंद्र अधिकारी, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, लीला कांडपाल, जगमो. हन बगड़वाल, करन बिष्ट, सुनील साह, दिग्विजय कनवाल, विजय कुकसाल, मनोज भट्ट, विजय आर्या, मोहम्मद रेहान, नवीन टम्टा, संजय जोशी, यतेंद्र सुयाल, नंदन बिष्ट, गजेंद्र रावत, संजय बिष्ट, योगेश चौहान, पंकज गुरुरानी, मदन मोहन जोशी, अभिषेक सिंह, दिलीप रावत, धीरेन्द्र डालाकोटी आदि मौजूद रहे।

## दमुवाढूंगा में बहुउद्देशीय शिविर कल

**हल्द्वानी।** जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत आगामी 9 फरवरी सोमवार को अंबेडकर पार्क, दमुवाढूंगा में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय द्वारा की जाएगी। इस बहुउद्देशीय शिविर में कुल 23 विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। एडीएम विवेक रॉय ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविर में सभी विभाग अपने-अपने स्टॉल अनिवार्य रूप से लगाएं और अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

# बालिका इंटर कॉलेज में 12वीं की छात्राओं को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगलिया में शैक्षिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत इंटरमीडिएट की छात्राओं के लिए कक्षा 11 की छात्राओं की ओर से भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। परिषदीय परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व परीक्षा एक उत्सव बैनर के अंतर्गत शिक्षिकाएं गीता जोशी एवं शोभा पंत ने परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्राओं को तनावमुक्त रहकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए उपयोगी टिप्स दिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कक्षा 12 की छात्राएं गुंजन जोशी, सानिया, ज्योति रुवाली, कविता, सोनिका सहित अन्य छात्राओं ने विद्यालय से जुड़ी अपनी यादें साझा की। वही विविध गतिविधियों के माध्यम से कविता रावत को मिस फेयरवेल तथा सोनिका मेवाड़ी को मिस ब्यूटीफुल का खिताब प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए एक सुमधुर गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की छात्राएं खुशबू बिष्ट एवं भावना परगाई ने किया। इस अवसर पर मीनाक्षी जोशी, बीना नगारी, ममता सुयाल, मंजुलता, रेखा जोशी, ललिता गौतम, अमिता जोशी सहित समस्त शिक्षिकाओं ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए अपने विचार रखे।

## रेडियो स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण किया

**हल्द्वानी।** पीएम श्री अटल आदर्श बालिका इंटर कालेज की 42 छात्राओं का दल शनिवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन में शैक्षिक भ्रमण पर पहुंचा। छात्राओं ने रेडियो के तकनीकी पहलुओं को जाना और समझा कि किस तरह विभिन्न विधाओं में कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं। विश्वविद्यालय में आयोजित महिला अध्ययन केंद्र की एक दिवसीय पीओएसएच एक्ट कार्यशाला में भी छात्राओं ने भाग लिया और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न कानून के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। रेडियो स्टेशन प्रभारी डा. राकेश रयाल ने छात्राओं को सामुदायिक रेडियो की विशेषताओं और लोक संस्कृति के संरक्षण में इसकी भूमिका से अवगत कराया। आरजे अनिल नैलवाल ने रेडियो कार्यक्रमों के तकनीकी पक्ष और विभिन्न विधाओं की जानकारी दी।

# दुग्ध उत्पादकों को मिली आत्मनिर्भरता की नई ऊर्जा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा दुग्ध उत्पादकों को सजग, प्रतिबद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने की। गोष्ठी में क्षेत्र की 7 दुग्ध समितियों से जुड़े 300 से अधिक उत्पादकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देशानुसार राज्य सरकार दुग्ध उत्पादकों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने दुग्ध उत्पादकों को सरकार द्वारा संचा. लित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ लेने का




आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान अधिक दुग्ध क्रय करने वाले 80 उत्पादकों को बोनस के रूप में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुकेश बोरा ने कहा कि दुग्ध संघ का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक उत्पादक को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना भी है। गोष्ठी में दुग्ध उत्पादकों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं पर चर्चा की गई और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में अनुराग शर्मा, संजय भाकुनी, सुभाष बाबू, दान सिंह भंडारी, बिमल भट्ट, गीता ओझा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# जकड़े हुए कंधे का एसटीएच में सफल ऑपरेशन

## मोटा हल्दू की दीपा भट्ट को कंधे के भयंकर दर्द से मिली निजात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के अस्थि रोग विभाग के नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर डा. गौरव जिंदल ने बताया कि मोटाहल्दू निवासी 45 वर्षीय महिला दीपा भट्ट पिछले एक वर्ष से बाएं कंधे में तेज दर्द एवं जकड़न से पीड़ित थी जिसके कारण उनका हाथ ऊपर उठाना संभव नहीं हो पा रहा था, जिस पर वह अपने परिजनों के साथ सुशीला तिवारी चिकित्सालय की अस्थि रोग विभाग की ओपीडी में उपचार के लिए पहुंची। आवश्यक जांच किए जाने पर महिला को फ्रोजन शोल्डर (कंधा जाम) होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई। अस्थि रोग विभाग के डा. गणेश सिंह के मार्गदर्शन में डा. गौरव जिंदल ने



ऑर्थोस्कोपी से दूरबीन विधि से कैप्सुलर रिलीज (फ्रोजन शोल्डर) की जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। डा. जिंदल ने बताया कि कंधे के जोड़ के चारों ओर एक कैप्सूल नामक परत होती है। जब यह कैप्सूल मोटी, सख्त एवं सिकुड़ी हुई हो जाती है तो कंधे में अत्यधिक दर्द, जकड़न एवं हाथ उठाने में कठिनाई होती है। इस स्थिति में कैप्सुलर रिलीज सर्जरी से कैप्सूल को ढीला किया जाता है जिससे मरीज को राहत मिलती है। निजी चिकित्सालयों में इस प्रकार की सर्जरी पर लगभग 1.5 से 2 लाख रुपये का खर्च आता है, जबकि एसटीएच में यह ऑपरेशन अत्यंत कम खर्च में किया गया। मरीज की सफल सर्जरी पर प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने डा. गौरव जिंदल एवं पूरी चिकित्सकीय टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीज जिनका उपचार निजी चिकित्सालयों में कराना आर्थिक रूप से संभव नहीं होता, उनके लिए एसटीएच वरदान सिद्ध हो रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने कहा कि चिकित्सक निरंतर नवीन तकनीकों को अपनाकर कठिन से कठिन सर्जरी सफलतापूर्वक कर रहे है जिससे गरीब एवं जरूरतमंद रोगियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल रहा है। सफल सर्जरी में अस्थि रोग विभाग के डा. गणेश सिंह, डा. गौरव जिंदल, डा. परमिंदर, डा. हरकीरत, एनेस्थीसिया विभाग व नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दोराहा में दिनदहाड़े तांडव

■ शराब के पैसे मांगने पर युवक पर धारदार हथियार से किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दोराहा क्षेत्र स्थित एक इंग्लिश वाइन शॉप कैंटीन पर शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया। जब शराब के पैसे मांगने पर बाइक सवार दो युवकों ने कैंटीन में मौजूद युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। मारपीट की यह पूरी घटना कैंटीन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

बाइक से आए दो युवक कैंटीन पर पहुंचे और वहां मौजूद ग्राम महेशपुरा निवासी 20 वर्षीय विपिन पुत्र घनश्याम से शराब की एक बोतल सहित कुछ अन्य सामान लिया। इसके बाद दोनों युवक कुछ देर तक कैंटीन के अंदर बैठकर शराब पीते रहे। जब विपिन ने उनसे लिए गए सामान के पैसे मांगे तो दोनों युवक उग्र हो गए। आरोप है कि पैसे मांगने पर दोनों युवकों ने पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने धारदार हथियार से विपिन पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार को करीब साढ़े बारह बजे की बताई जा रही है। हमले के बाद दोनों आरोपी युवक मौके से फरार हो गए।

घायल विपिन को पुलिस की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। घटना की सूचना मिलते ही घायल युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

बताया गया कि घटना के समय विपिन के पिता घनश्याम किसी कार्य से कैंटीन से घर गए हुए थे। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# पेड़ से टकराई कार, युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी नादेही से मात्र 100 मीटर दूरी पर जसपुर की ओर से आ रहे युवक की कार सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना बड़ा था कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में युवक की मृत्यु हो गई।

महुआ डाबरा निवासी विपिन लाहोरी बर्तमान में नादेही शुगर मिल में फोरमैन के पद पर कार्यरत है तथा हाल में उनका परिवार चीनी मिल परिसर में बी टाइप कॉलोनी में सहपरिवार निवास करता है। प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार रात्रि करीब दो बजे उनका अविवाहित छोटा पुत्र जितिन लोहारी उम्र लगभग 21 वर्ष जसपुर विवाह समारोह में शामिल होने के पश्चात अपनी कार स्विफ्ट डिजायर (UK18E-1987) से घर वापस आ रहा था। घर वापस जाते समय हादसे में जितिन लोहारी को गम्भीर अंदरूनी चोट लगी, जिसके पश्चात अस्पताल ले जाते समय रास्ते में युवक की मृत्यु हो गई।

ज्ञात हो कि विपिन लाहौरी के दो बेटे थे। छोटे बेटे जतिन लाहोरी उम्र 21 वर्ष की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई। जतिन लाहौरी भी मिल में डेली वेज नौकरी पर कार्यरत था। उनकी मौत पर चीनी मिल और आसपास के क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। बताया जा रहा है कि जतिन बहुत मिलनसार और सामाजिक व्यवहार कुशल थे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करें। चीनी मिल जीएम सीएस इमलाल, स्टेनो चंद्र शेखर, राजवीर चौधरी,भाजपा उपाध्यक्ष विनीत चौहान, गौहर अली, शरीफ खान पत्रकार, प्रशिष विश्नोई आदि ने उनके घर पहुंच शोक जताया।

## एक नजर

# दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता ने कोतवाली में दी तहरीर

पति व ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर में एक विवाहिता ने अपने पति समेत ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने के गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। शनिवार को पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम मुंडिया पिस्तौर देहात निवासी शाईन पत्नी अनीस ने बताया कि उसका विवाह 9 जून 2022 को केशवनगर बाजपुर निवासी अनीस पुत्र रईस के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से संपन्न हुआ था। विवाह से उसके एक पुत्र मोहम्मद सुफियान रजा भी है। शाईन का आरोप है कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। जिसमें करीब छह लाख रुपये मूल्य की अल्टो कार भी शामिल थी। पीड़िता के अनुसार विवाह के करीब दो माह बाद से ही पति, ससुर, सास, देवर, ननद, मामू और बहनोई द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि दहेज में मिली कार और जेवरात को ससुराल पक्ष के लोगों ने बिकवा दिया। लेकिन उसका पैसा पीड़िता को नहीं दिया गया। शाईन ने तहरीर में बताया कि 5 दिसंबर 2025 को दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया और तब से न तो उसकी और न ही उसके मासूम बेटे की कोई सुध ली गई। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष ने साफ कह दिया है कि जब तक और दहेज नहीं लाएगी। तब तक न तो उसे रखेंगे और न ही तलाक देंगे। फिलहाल पीड़िता अपने मायके में रहकर गुजर-बसर कर रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाइक सवारों ने अध्यापिका से लूटा मंगलसूत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम टांडा मल्लू क्षेत्र में एक महिला अध्यापिका से मंगलसूत्र लूटने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम टांडा मल्लू में अध्यापिका विजया लक्ष्मी सड़क किनारे पैदल जाते हुए चेन स्नैचर बाइक सवार दो युवकों ने गले से सोने का मंगल सूत्र लूट लिया लगभग चार तोले का मंगल सूत्र सोने का बताया जा रहा है। सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। ये घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीरुमदारा पुलिस चौकी इंचार्ज वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पीड़िता विजया लक्ष्मी ग्राम टांडा मल्लू की रहने वाली है और वह अध्यापिका है।वह टोटाम जिला अल्मोड़ा में एक स्कूल में पढ़ाती है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।उनको बक्शा नहीं जाएगा।

# रामनगर में अंकिता को न्याय दिलाने को जन सम्मेलन आज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच' ' द्वारा रविवार को परेड ग्राउंड देहरादून में जन सम्मेलन में शामिल होने उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे हैं।

इसी क्रम में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, केंद्रीय महासचिव प्रभात ध्यानी और सीएसटीयू के मुकुल के नेतृत्व में शनिवार को अल्मोड़ा,रामनगर और रुद्रपुर से काफी संख्या में लोग रवाना हो गए हैं।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि पूरा मामला उत्तराखंड की अस्मिता से जुड़ा है।अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी के खुलासे और इसमे वीआईपी को बचाने में संलिप्त लोगों को भी सजा दिलाने की मांग है। पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में वीआईपी को मद्देनजर रखते हुए ही सीबीआई जाँच होनी चाहिए।

# रास्ता रोककर युवक से मारपीट जान से मारने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मजरा प्रभु निवासी सौरभ पुत्र गजेन्द्र कुमार चन्द्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती रात 6 फरवरी को करीब रात दस बजे अपने काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान फैक्ट्री क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति व उसके साथी ने उसकी गली के पास रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपी नशे की हालत में थे और उन्होंने सौरभ के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान सौरभ के सिर पर ईंट मार दी गई। जिससे उसे गंभीर चोट आई। मौके पर पहुंचे अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया, लेकिन इसके बावजूद आरोपी लगातार मारते रहे और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों से उसे जान-माल का खतरा बना हुआ है और वे बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं। जो किसी से नहीं डरते। सौरभ ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने केशवनगर में बंद मकान को बनाया निशाना

■ लाखों के जेवर व घरेलू सामान किया पार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली बाजपुर क्षेत्र के केशवनगर वार्ड नंबर-06 में अज्ञात चोरों ने बंद पड़े एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात व कीमती घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

केशवनगर वार्ड नं-06 (चूना भट्टी रोड, जिम वाली गली) निवासी जुनैद पुत्र स्व. मुन्ने पंजाब में रहकर काम करते हैं। सुबह करीब साढ़े आठ बजे पड़ोसियों ने फोन कर उन्हें सूचना दी कि उनके मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही उन्होंने बाजपुर में रह रहे अपने रिश्तेदारों को मौके पर भेजा। कोतवाली बाजपुर पुलिस, रिश्तेदारों और मोहल्ले के लोगों की मौजूदगी में जब मकान खोला गया तो अंदर का नजारा देख सभी हैरान रह गए। कमरे के दरवाजे की कुंडी उखड़ी हुई थी। सन्दूक के ताले टूटे थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। गत देर रात पंजाब से घर लौटने के बाद जब जुनैद और उनकी माता ने सामान की जांच की तो पता चला कि सन्दूक में रखे सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती वस्तुएं चोरी हो चुकी हैं। चोरी गए सामान में रोने की मांग पट्टी, लककारा, गले का हार, दो जोड़ी लेडिज अंगूठियां, झाले, टीका, कान के कुंडल सहित करीब 6 तोला सोना, लगभग 38 तोला चांदी, दहेज में मिला घरेलू सामान, तांबे के बर्तन, पीतल के करीब 20 बर्तन, तीन डबल बेड के कंबल तथा 15 जोड़ी नए कपड़े शामिल हैं। शनिवार को पीड़ित जुनैद ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर चोरी गए सामान की बरामदगी व कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# आरएएन विद्यालय में 'वन नेचर, वन हार्ट' विषय पर रंगारंग कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन विद्यालय बिलासपुर के प्रांगण में एफ 1 ,2 ,3 और कक्षा एक के छात्र-छात्राओं ने 'वन नेचर, वन हार्ट' विषय पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जहां प्रकृति सबको एक साथ रखती है।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि मीनू मदान अर्ली बर्ड प्री-प्राइमरी स्कूल फाउंडिंग मेंबर, सामाजिक कार्यकर्ता सलोनी गोयल, चेयरमैन विंग कमांडर एचकेराय, मधु राय, निर्देशक मोर्ी. हत राय, विद्यालय निर्देशिका निधि राय, मुख्य अध्यापिका मेघना गुप्ते व विद्यालय सलाहकार रेखा कर्नाटक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। शहर के जाने-माने व्यक्ति जैसे श्रीमती बक्शी, एडवोकेट एवं जीशान मलिकतथा अनुरोध शर्मा भी उपस्थित थे। तत्पश्चात विद्यालय की मुख्य अध्यापिका मेघना गुप्ते ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत हरित चिन्ह देकर किया । कार्यक्रम में आगे एफ 3 व कक्षा 1 के सभी छात्रों ने तन और मन को शक्ति प्रदान करता हुआ योग प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में आगे एफ 1, एफ 2 व एफ 3 के छात्र- छात्राओं ने बटर-फ्लाई, धक -धक धरती व रेन ड्राप विषय पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीनू मदान एवं सलोनी गोयल ने विद्यालय की प्रशंसा की। अंत में विद्यालय सलाहकार रेखा कर्नाटक ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी छात्रों का उत्साह बढ़ाया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

# सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण का सफल समापन

■ राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिरिया को मिला बेस्ट एसएमसी का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** समग्र शिक्षा के तहत चल रहे सामुदायिक सहभागिता प्रशिक्षण का समापन प्रधानाचार्य मनोज कुमार चन्याल के द्वारा सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन और शुभकामना उद्बोधन के साथ हो गया। समापन दिवस पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला में 13 प्रधानाध्यापक और 65 एसएमसी अध्यक्ष और सदस्यों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण के गुर सीखे।

प्रशिक्षक रमेश चंद्र तिवारी,बलवंत सिंह खाती, पूर्व ब्लॉक समन्वयक करुणेश सिंह ,सीआरपी स्वाति भट्ट ने मेरा विद्यालय मेरा गौरव , सड़क सुरक्षा, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ महेन्द्र प्रताप पाण्डेय ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी शिक्षा और सर्वांगीण विकास की सारी गतिविधियां अपनाई जाती है और सरकारी विद्यालयों के पढ़े बच्चे उच्च पदों पर काबिज हैं।

वहीं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, अभिभावक और सचिव प्रधानाध्यापक मिलकर विद्यालय में आदर्श वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। इस मौके पर बेस्ट एसएमसी का सम्मान राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिरिया को प्रदान किया गया ।

वहीं प्राथमिक विद्यालय दिंया के छात्रों को राज्य स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर शिवानंद यादव और मंगल प्रसाद, बिरिया मझोला के दिनेश शर्मा और जमुना देवी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सक्सेना, लक्ष्मी चंद, तैयबा, भुवनेश्वरी शर्मा, हरकेश प्रसाद, ज्योति बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# सुखदेव की पहल, सितारगंज का विकास नगर पालिका ने दिखाया विकास का नया चेहरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में नगर के विकास के लिए सभी कार्य पूरी लगन और मेहनत के साथ किए गए हैं।

चेयरमैन ने बताया कि जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी गई थी, जिस पर शासन द्वारा साढ़े 16 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। तिरंगा चौराहे पर लगने वाले जाम को लेकर चेयरमैन ने कहा कि इस विषय में लगातार बातचीत चल रही है। नगर पालिका द्वारा इस वर्ष 12 लाख 20 हजार रुपए के बिजली बिलों का भुगतान किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए भी नगर पालिका लगातार कार्य कर रही है। चेयरमैन सुखदेव सिंह ने जानकारी दी कि नगर पालिका द्वारा अब तक 203 निर्माण कार्य कराए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 144 लाभार्थियों को आवास का लाभ दिया गया है, वहीं व्यक्तिगत शौचालय योजना के अंतर्गत 103 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया है। चेयरमैन ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य करती रहेगी।इस मौके सभासद दीपक गुप्ता,कंचन चौहान,रीतू गहतोड़ी,शिवपाल चौहान,सतीश उपाध्याय,चंदन श्रीवास्तव,अभिनाश वाल्मीकि,सचिन गंग. वार,इस्माइल, रेहान अंसारी, नाजरीन, सविनाज आदि मौजूद थे ।

# यूजीसी कानून वापस लेने की मांग को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग को लेकर शनिवार को कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने तहसीलदार दिनेश कुटोला के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नया यूजीसी कानून समाज को विभाजित करने वाला है और इसके लागू होने वाले नियम समस्त सवर्ण समाज के विरुद्ध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समानता की बात करने वाली सरकार सवर्ण समाज के खिलाफ कानून लाकर आने वाली पीढ़ियों पर अनावश्यक बोझ डाल रही है। महासभा ने इस कानून की निंदा करते हुए इसे तत्काल समाप्त करने की मांग की। ज्ञापन में कहा कि यूजीसी कानून के विरुद्ध दिया गया यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाए, ताकि सवर्ण समाज की भावनाओं और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार हो सके। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, उमेश तिवारी, आकाश शर्मा, बीडी शर्मा, राहुल शर्मा, चंद्रकांत द्विवेदी, जितेंद्र शर्मा, अनुज पंडित, विनोद तिवारी, पंकज शुक्ला, सचिन शुक्ला, सौरभ जोशी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खटीमा व वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली खटीमा के दिशा निर्देश में कोतवाली खटीमा के मुकदमा अपराध संख्या 23/2026, धारा 118(2), 352, 3(5) बनाम जावेद उर्फ फूल आदि से संबंधित नामजद अभियुक्त शमसुद्दीन पुत्र शौकत अली निवासी वार्ड नंबर 11 इस्लामनगर थाना खटीमा को बीते शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। जिसकी निशानादेही पर शनिवार को मारपीट में प्रयोग किए गए आला चोट लकड़ी की फण्टी को बरामद किया गया। वहीं अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जीवन सिंह चुफाल, कांस्टेबल इसाक मोहम्मद व राजेंद्र गिरी शामिल रहे।

# माता रमाबाई अंबेडकर को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** माता रमाबाई अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर डॉ अंबेडकर जयंती समारोह समिति के द्वारा नगर पालिका प्रांगण में डॉक्टर अंबेडकर पार्क में एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें वक्ताओं ने उनके त्याग और बलिदान पर विशेष चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोगो को चाहिए कि समाज के लिए इस प्रकार का त्याग और बलिदान करें। इस दौरान रेवी राम खेलिया,एड. विनोद अनजान,एस आर टम्टा,किशोरी लाल,प्रकाश शिल्पी,नवाब अहमद शाह,सगीर उद्दीन आदि मौजूद रहे।

# 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में पूरी ताकत से उतरेंगी आशा वर्कर्स



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ट्रेड यूनियन ऐक्टू से सम्बद्ध उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की बाजपुर ब्लॉक कमेटी ने शनिवार को 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में शामिल होने का नोटिस चिकित्साधिकारी को सौंप दिया है। इस हड़ताल में आशा वर्कर्स अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर में प्रदर्शन करेंगी।यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें आशा वर्कर्स को न तो न्यूनतम वेतन दे रही हैं और न ही कर्मचारी का दर्जा, जिससे उनका लगातार आर्थिक शोषण हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जिन सरकारों की जिम्मेदारी श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है, वही सरकारें उनके शोषण में लगी हुई हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। रीता कश्यप ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का बजट लगातार घटाया गया है। जिससे आशा वर्कर्स पर काम का बोझ बढ़ा है लेकिन उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा खटीमा में आशा यूनियन से किए गए डीजी हेल्थ के प्रस्ताव को लागू करने के वादे को पूरा कराने की मांग भी उठाई जाएगी। उत्तराखण्ड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन (ऐक्टू) की जिला उपसचिव अनीता अन्ना ने कहा कि मोदी सरकार मजदूरों और महिला कामगारों के अधिकारों पर लगातार हमले कर रही है। उन्होंने बताया कि शिशु मृत्यु दर कम करने और गर्भवती महिलाओं की देखभाल में आशा वर्कर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आशाओं को आधी रात में भी बिना किसी विभागीय सहायता के कार्य करना पड़ता है, इसके बावजूद उन्हें वेतन के नाम पर केवल नाममात्र की प्रोत्साहन राशि और योजनाओं का कमीशन दिया जाता है, जो खुला शोषण है। अनीता अन्ना ने कहा कि 12 फरवरी को ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत अखिल भारतीय आम हड़ताल में आशा वर्कर्स पूरी ताकत से शामिल होंगी। इस मौके पर रीता कश्यप, अनीता अन्ना, मातेश्वरी, राजरानी, पूजा, आरजू, सविता, परमजीत कौर, प्रेमा राना, कमलेश, अनीता, ऊषा रानी, रूबी, शाइस्ता, पिंकी, अनीता गुप्ता, निर्मला देवी, बबली शर्मा, बालावती, शशिवाला, रीता शर्मा, अर्चना, निशा शर्मा, राजकुमारी, सरोज सक्सेना, रानी, मंजीत कौर, पूजा, सुमन सैनी सहित बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-804/नामा0 सूचना/2025-26 दिनांक-07-02-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 10 क्रमांक 313 पर स्थित है। जिसका गृहकर 450 रू0 वार्षिक श्री राजकुमार पुत्र श्री श्यागलाल के नाम दर्ज है। उक्त सम्पत्ति श्री गौरव अरोरा पुत्र श्री राजकुमार को दाननामा द्वारा प्रदान की गयी है। जिसमें श्री गौरव अरोरा पुत्र श्री राजकुमार निवासी वार्ड नं0 11. ज्ञान विहार काला. नी गदरपुर द्वारा भवन का नामान्तरण अपने नाम से गृहकर दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है। पत्रावली में दाननामे की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति और दोनों के शपथ पत्र संलग्न किये गये है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-805/नामा0 सूचना/2025-26 दिनांक-07-02-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0-11 क्रमांक 145 पर स्थित है। जिसका गृहकर 445 रू0 वार्षिक श्री राजकुमार पुत्र स्व0 श्यामलाल के नाम दर्ज है। उक्त सम्पत्ति श्रीमती सुमन रानी पत्नी श्री राजकुमार को दाननामा द्वारा प्रदान की गयी है। जिसमें श्रीमती सुमन रानी पत्नी श्री राजकुमार निवासी वार्ड11. ज्ञान विहार कालोनी गदरपुर द्वारा भवन का नामान्तरण अपने नाम से गृहकर दर्ज कराने का अनुरोध किया गया है। पत्रावली में दाननामे की छायाप्रति आधार कार्ड, पैन कार्ड की छायाप्रति और दोनों के शपथ पत्र संलग्न किये गये हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद नियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त समझा जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, गदरपुर, ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक-806/नामा0 सूचना/2025-26 दिनांक-07-02-2026

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0-10 कमांक 60 पर श्रीमती रश्मि रानी पत्नी श्री हरवंश लाल का नाम अंकित है, जिसका गृहकर 725 रू0 वार्षिक है। इकरारनामा बिक्रीनामें के आधार पर गृहकर अभिलेखों में श्रीमती अंजू उनियाल पत्नी श्री दिनेश सती निवासी यार्ड नं0 01. गदरपुर ऊधम सिंह नगर ने अपने नाम से पत्रावली प्रस्तुत कर गृहकर नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया गया है, जो कि प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार नामान्तरण करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों राहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में नामान्तरण स्वत: निरस्त माना जायेगा, तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होग।

**अधिशासी अधिकारी**

# मांगों को लेकर राज्य कर्मचारियों ने विकास भवन में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 18 सूत्रीय मुद्दों को उठाते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद लामबंद हो गया है। जिसको लेकर परिषद के पदाधिकारियों ने विकास भवन के सामने प्रदर्शन किया। बाद में एडीएम कौस्तुभ मिश्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। वहीं पदाधिकारियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



शनिवार को प्रदर्शन के दौरान परिषद जिलाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले लंबे समय से कर्मचारी एसीपी पदोन्नत वेतनमान देने, गोल्डन कार्ड की सुविधा को बेहतर बनाने, सातवें वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर करते हुए रिपोर्ट सार्वजनिक करने, पदोन्नति शर्त को शीघ्र हटाने, वाहन भत्ता संशोधन कर मंत्रिमंडल के सामने पेश करने, सामंजस्य बनाकर पुनर्गठन व सेवा नियमावली को लागू करने, पंजाब-राजस्थान की तर्ज पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने करने की मांग कर रहे हैं।

इसके अलावा आठवें वेतन आयोग के सुझाव को राज्य सरकार प्रेषित करे, वर्कचार्ज कर्मियों को पेंशन-ग्रेच्युटी की समस्या का समाधान, सेवानिवृत कार्मिकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति का समाधान करने, सभी वर्दीधारी कर्मियों को पुलिस कर्मियों की भांति सुविधाएं मुहैया कराने, सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के वेतन वृद्धि शासनादेश में संशोधन करने, सेवानिवृत्त व सेवारत कार्मिकों के राशिकरण की कठौती पर समय में कमी करने, राज्य कर्मियों को केंद्र की भांति मकान किराया भत्ता देने सहित 18 मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने आगाह किया कि शासन-प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक एसके नैयर, जिला मंत्री सचिन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष मंडी बोर्ड संघ राजेंद्र प्रसाद, रविंदर जीत सिंह, सुभाष रयाल, भागीरथ सिंह, प्रताप सिंह, बलराज सिंह राज, रमा द्विवेदी, अनिल अरोरा, हरिकेश सिंह, राम सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।

# खेलों के नाम पर हो रही ठगी से रहें सतर्क : पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** हल्द्वानी में आयोजित होने वाले एक फर्जी क्रिकेट टूर्नामेंट का खुलासा होने पर पूर्व विधायक नारायण पाल ने रुद्रपुर में प्रेसवार्ता कर मामले की जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि जैसे ही उन्हें इस फर्जी टूर्नामेंट की सूचना मिली, उन्होंने तत्काल पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। शिकायत मिलते ही नैनीताल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आयोजक को गिरफ्तार कर लिया। इसके लिए नारायण पाल ने नैनीताल पुलिस की सराहना की। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 'उत्तराखंड सोल्जर' टीम को खरीदा गया था। पाल ने खेलों के नाम पर हो रही ठगी से खिलाड़ियों और आम लोगों से सतर्क रहने की अपील की।



उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस तरह के मामलों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी रोकी जा सके। राजनीतिक सवालों पर उन्होंने कहा कि वे आगामी विधानसभा चुनाव अवश्य लड़ेंगे, लेकिन भाजपा में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। आरोप लगाया कि प्रदेश में जनप्रतिनिधियों की नहीं, बल्कि अधिकारियों की सरकार चल रही है।

साथ ही उन्होंने पत्रकारों से जुड़े मामलों का भी जिक्र करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ हैं। पत्रकारों को धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और प्रशासन को उन्हें पूरा संरक्षण देना चाहिए।

## एक नजर

# पूर्णागिरि एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**बकरी चरहा रहे वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही रेलवे व स्त्रहमील पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया

शनिवार दोपहर समय लगभग 12 बजे पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन टनकपुर से दिल्ली जा रही थी जैसे ही ट्रेन गेट संख्या 21 सी के पास पहुंची उसी दौरान बकरी चरहा रहे जिला पीलीभीत थाना बिलसंडा ग्राम हमुपुरा निवासी अविवाहित नन्हेंलाल पुत्र स्व, प्यारेलाल 60 वर्ष जोकि अपने जीजा राम सिंह पुत्र गंगाराम के यहां रहकर रहता था

शनिवार दोपहर को बकरी चरहा था उसी समय बकरी रेलवे ट्रैक पर चली गई बकरी बचाने के चक्कर में हादसा हो गया और ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई हादसे के बाद ट्रेन देर ट्रेन रुकी रही अचानक की घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस खटीमा भेज दिया

# स्मार्ट मीटर को लेकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शनिवार को आवास विकास क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम को स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। स्मार्ट मीटर लगाए जाने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने मीटर लगाने से साफ इनकार कर दिया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। ऊर्जा विभाग की एसडीओ अनु अरोड़ा ने बताया कि लोगों को स्मार्ट मीटर के फायदे और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया गया। काफी समझाने और बातचीत के बाद लोग शांत हुए और मीटर लगाने पर सहमति बनी। इसके बाद टीम ने क्षेत्र में कुल 15 स्मार्ट मीटर स्थापित किए।

उन्होंने बताया कि शुरुआत में लोगों में भ्रम और आशंकाएं थीं, जिसके चलते विरोध हुआ, लेकिन जानकारी देने के बाद स्थिति सामान्य हो गई। मौके पर किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई, हालांकि कुछ समय तक माहौल गरमाया रहा। ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता राजीव चक्रवर्ती का कहना है कि भविष्य में भी स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान जारी रहेगा और लोगों को पहले से जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

# न्याय पंचायत अठखेत लगा शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद न्याय पंचायत अठखेत के रा.ई.का. गोल, विकासखण्ड डीडीहाट में शिविर का आयोजन खुशबू पाण्डेय उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में 28 जनप्रतिनिधियों एवं 61 अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति रही। शिविर में लगभग 460 व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया तथा 496 लाभार्थियों को विभिन्न केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 39 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 10 शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। शिविर में जन संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल, सड़क, स्मार्ट मीटर, विद्युत लाइन, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं पंचायत घर निर्माण जैसी समस्याओं को रखा गया। उप जिलाधिकारी द्वारा सभी समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए।

# 11.80 ग्राम स्मैक के साथ कारोबारी महिला को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** चौकी शक्तिफार्म पुलिस ने नशे की कारोबारी महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 11.80 ग्राम स्मैक (हेरोईन) व स्मैक ब्रिकी के 5700 रुपये बरामद किये हैं। महिला की पहचान सीमा कौर पत्नी प्रकाश सिंह उर्फ राजू निवासी ग्राम पिपलिया, शक्तिफार्म, सितारगंज के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सीमा कौर दो महिने से स्मैक बेचने का काम कर रही थी। वह स्मैक बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही थी, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसके खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सीमा कौर के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं और वह नशे के कारोबार में काफी समय से शामिल है।

# मेरा सपना-मेरा लक्ष्य' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## डीएम भटगांई की पहल से सीमांत क्षेत्र की बालिकाओं को मिला आत्मविश्वास और प्रशासन से सीधा जुड़ाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर सशक्त रूप देने की दिशा में जिलाधिकारी आशीष भटगांई के नेतृत्व में संचालित 'मेरा सपना-मेरा लक्ष्य' कार्यक्रम निरंतर प्रभावशाली परिणाम दे रहा है। इसी क्रम में कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, धारचूला की 26 छात्राओं को प्रशासन से सीधे जोड़ने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने जनपद के विभिन्न शासकीय कार्यालयों का शैक्षिक भ्रमण किया तथा महिला प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर प्रशास. निक व्यवस्था की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा।



यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एक सतत पहल है, जिसके तहत प्रत्येक माह दो बार दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों की बालिकाओं को प्रशासनिक तंत्र से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम की सबसे उल्लेखनीय विशेषता रही जिलाधिकारी द्वारा पारंपरिक औपचारिक भाषण शैली को छोड़कर छात्राओं से खुले, सहज और संवादात्मक रूप में बातचीत करना। उन्होंने छात्राओं के सपनों, करियर विकल्पों और जीवन लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा सपने तभी साकार होते हैं जब उनके लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता का असली मंत्र है। उन्होंने छात्राओं को ईमानदारी, करुणा, सम्मान, साहस, धैर्य, आत्मअनुशासन, कृतज्ञता एवं न्यायप्रियता जैसे मूल्यों को अपनाने का संदेश देते हुए इन्हें मजबूत चरित्र और सफल जीवन की आधारशिला बताया।

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह दूरदर्शी और प्रभावशाली पहल बालिकाओं के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और जागरूकता को सशक्त करेगी तथा उन्हें नेतृत्व की भूमिका के लिए तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास बालिकाओं को नए अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत आधार तैयार करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने "डिसिप्लिन और डेडिकेशन" को सफलता का मूलमंत्र बताते हुए छात्राओं को निरंतर लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, मुख्य शिक्षा अधिकारी तरुण पंत, उपजिलाधिकारी सदर जीतेन्द्र वर्मा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. चंद्रकला भैंसोड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी डा. निर्मल बसेड़ा, शिक्षकगण एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वन संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** बाराकोली रेंज में वन संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा के महत्व को लेकर एक आवश्यक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ग्रामीणों को वन्यजीव संघर्ष और वनाग्नि के प्रति जागरूक किया।

गोष्ठी में सुश्री शिरीन संजय पंडित, प्र.थै. प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी, बाराक. ोली रेंज ने कहा कि वन संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करें और वनों को आग से बचाएं। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, सभासद, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने पर्यावरण को बचाने और वनों को आग से बचाने हेतु प्रतिज्ञा ली। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। गोष्ठी में बाराकोली रेंज के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

# माघ मास खिचड़ी भोग में दिखी सामाजिक एकता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में व्रहत स्तर पर आयोजित माघ मास की खिचड़ी व प्रसाद कार्यक्रम ने सामा. जिक समरसता की एक अनूठी मिसाल पेश की। सनातन समाज के हर वर्ग के लोगों ने मिलकर खिचड़ी बनाई, परोसी और उसका प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान स्वयं मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से प्रसाद वितरित कर न केवल पुण्य अर्जित किया, बल्कि प्रदेशवासियों के लिए देवी-देवताओं का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। खिचड़ी भोग में दिखाई दी यह एकजुटता उन ताकतों के लिए स्पष्ट संदेश थी, जो सनातन समाज को विभाजित करने का प्रयास कर रही हैं।



कार्यक्रम में मौजूद लोगों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वह संदेश भी स्मरण हुआ "जब हम एक रहेंगे, तब ही नेक रहेंगे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड का सनातन समाज अब मुट्ठी की तरह एकजुट है और उसे कमजोर करने वाली ताकतों को जवाब देने के लिए मानसिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह तैयार है, जिसकी झलक इस खिचड़ी भोग में साफ दिखाई दी। बाद में मुख्यमंत्री ने महिलाओं के साथ खड़ी होली खेली।

# चंपावत को मिली विकास की चार बड़ी सौगातें

- **मुख्यमंत्री धामी की ऐतिहासिक घोषणाएं, पर्यटन संस्कृति और शिक्षा को मिलेगा नया आयाम**
- **300 सीटों का ऑडिटोरियम, पैराग्लाइडिंग हब, ट्राइबल टूरिज्म सेंटर और बालिका शिक्षा को मजबूती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत जिले के लिए चार महत्वपूर्ण और दूरगामी घोषणाएं करते हुए जिले को विकास की नई दिशा देने का संकेत दिया। तालियों की गूंज और जनसमर्थन के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत को सांस्कृतिक, शैक्षिक और पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि चंपावत में 300 लोगों की क्षमता वाला एक आधुनिक ऑडिटोरियम स्थापित किया जाएगा, जहां विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक व शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। यह ऑडिटोरियम न केवल पार्वती संस्कृति और चेतना को सशक्त करेगा, बल्कि पर्यटन को भी नई गति देगा। दूसरी बड़ी घोषणा के तहत मुख्यमंत्री ने सुदूरवर्ती डांडा ककनई क्षेत्र को पैराग्लाइडिंग का विश्व प्रसिद्ध केंद्र बनाने का ऐलान किया। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और चंपावत साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर उभरेगा।

तीसरी घोषणा में उन्होंने एकमात्र आदिमजाति के लोगों के गांव खिरद्वारी क्षेत्र में ट्राइबल टूरिज्म का वृहद केंद्र स्थापित करने की बात कही, जहां होमस्टे सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। चौथी घोषणा के तहत टनकपुर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एजुकेशन ब्लॉक की स्थापना की जाएगी, जिससे बालिका शिक्षा को और अधिक मजबूत आधार मिलेगा।

# एआरटीओ ने विद्यार्थियों को सड़क यातायात के नियमों की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विद्यार्थियों को सड़क यातायात के नियमों व सड़क चिन्हों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बताया कि इनका पालन कर दुर्घटनाओं को मात देते हुए असामयिक मौत को भी टाला जा सकता है। वहीं शिक्षकों व विद्यार्थियों को सड़क यातायात के नियमों की शपथ दिलाई।

पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी एआरटीओ काशीपुर प्रमोद कर्नाटक ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए दी। बताया कि निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाएं , वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, नींद आने पर वाहन न चलाएं, वाहन में ओवरलोडिंग न करें, वाहन की यांत्रिक स्थिति सही रखें, वाहन चलाते समय समस्त सवारी सीट बेल्ट का प्रयोग करें , दो पहिया वाहन चालक व सवार अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें और अठारह वर्ष से कम आयु के बच्चे वाहन न चलाएं। पालन न करने पर पच्चीस हजार रुपए का जुर्माना व तीन साल की सजा हो सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि दुर्घटना होने पर चोटिल व्यक्ति को शीघ्र अस्पताल पहुंचाएं पुलिस कार्रवाही से न डरे। उन्होंने पोस्टर के माध्यम से सचेत सड़क चिन्ह, सूचनात्मक सड़क चिन्ह और आदेशात्मक सड़क चिन्ह के विषय में विस्तार पूर्वक बच्चों को जानकारी दी ।

इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य नाजिम कमर ने टीम का आभार जताते हुए विद्यार्थियों से उनके द्वारा दिए गए सुझावों को अपनाकर उस पर अमल करें और दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नाजिम कमर, शारीरिक राजेश चौधरी, योगेश पंत, महेंद्र सिंह, हरीश शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, डॉक्टर तजम्मुल हसन, अरुण कुमार वर्मा , आर के तिवारी, के पी सुमन, राजवीर सिंह, सतेंद्र कुमार, नीतू सैनी,मोनिका, नूतन रानी, नफीस अहमद,राम सजीवन, मनीष जोशी, राजीव कुमार , अरुण कुमार, सोमपाल, नसीम जहां, राम कीर्ति, सुनीता समेत सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

# नगर निगम का भव्य कार्यालय बनेगा : डॉ. रावत

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर बोर्ड के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को नवनिर्मित रजत जयंती पार्किंग में विकास का एक साल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के दौरान रजत जयंती पार्क (वेस्ट टू वंडर पार्क), महादेव पार्किंग, वाल्मीकि चौक का भूमि पूजन, मां धारी देवी ग्लो साइन बोर्ड, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का शिलान्यास, श्वान पशुओं के लिए एबीसी सेंटर का लोकार्पण, डांग सिन्द्रीगाड़ एवं ग्लास हाउस तक पथ प्रकाश हेतु विद्युत स्तंभों का लोकार्पण सहित अनेक जनहितकारी योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदों को विकास कु एक साल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही निगम के स्वच्छता प्रहरी पर्यावरण मित्रों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम श्रीनगर के पंचांग (कैलेंडर) का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि श्रीनगर के विकास के लिये पैसों की कमी नहीं रहेगी। बताया कि पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिये 70 करोड़ की लागत से 24 घंटे पानी उपलब्ध मिलेगा। मंत्री डॉ रावत ने कहा कि देशभर में यदि किसी विधानसभा में सबसे ज्यादा विकास कार्य हुए हैं तो वह श्रीनगर विधानसभा है। बताया कि नगर निगम कार्यालय को भव्य बनाया जायेगा।

कैबिनेट मंत्री ने 16 करोड़ की लागत से नदी कटाव की रोकथाम करने, नगर निगम क्षेत्र में पांच चौक बनाए जाने, मकान, पानी, उज्ज्वला कनेक्शन प्रत्येक जरूरतमंद को लाभ देने, अल्केश्वर घाट के जल्द शिलान्यास किये जाने की बात कही। मंत्री ने नगर निगम श्रीनगर से स्वच्छता में टॉप रैंकिंग लाने को लेकर बेहतर कार्य किये जाने को प्रोत्साहित भी किया। महापौर आरती भंडारी ने कहा कि एक वर्ष विकास का सिर्फ नारा नहीं, जमीनी बदलाव है। कहा कि स्वच्छ श्रीनगर, सुंदर श्रीनगर की परिकल्पना के साथ निगम बोर्ड ने बीते एक वर्ष में जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। कहा कि तिवारी मोहल्ले के वासियों को लंबे समय से परेशान कर रहा नाला अब पूरी तरह बनकर तैयार हो चुका है। निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान व्यवस्था शुरू की गई है। अब सुबह और शाम कूड़ा वाहन घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र करते हैं। आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से 100 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठान किया जा रहा है और सभी वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नुपूर वर्मा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रमिला भंडारी, नगर अध्यक्ष विनय घिल्ड़ियाल, सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी, सफाई निरीक्षक शशि पंवार सहित आदि मौजूद थे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कुटुम्ब विहार, ग्रा0 व पो0 सिनौला, मसूरी, देहरादून-248003
फोन नं. : 0135-2736032 e-mail: jalnigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक-310/135/15 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक:- 06.02.2026

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो के लिये सम्मुख अंकित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 21.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक कार्यालय में आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन (अथवा अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में) अपराह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय मे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा का मूल्य (रु0 में) | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मसूरी सीवरेज योजनान्तर्गत मसूरी नगर के फायर स्टेशन, रिवेरा होटल व आसपास के क्षेत्रों को सीवर लाईन से मुख्य सीवर लाईन तक जोड़ना एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 50000.00 | 03 माह | 1500.00 + GST@18% | 20.02.2026 | ''डी'' श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी (पाईप लाईन) |
| 2. | मसूरी सीवरेज योजनान्तर्गत मसूरी नगर के वार्ड नं0-7 में हीराभवन, रॉक्सी होटल व काली मन्दिर व वार्ड नं0-02 के मैरीविल स्टेट के आसपास के क्षेत्रों में सीवर लाईन बिछाना एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 50000.00 | 03 माह | 1500.00 + GST@18% | 20.02.2026 | |

नोट:- शर्ते कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।
अधिशासी अभियन्ता

UTTARAKHAND
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग नैनीताल।
Email:-eecdntl.pwduk@gov.in, eecdnainitalpwd@rediffmail.com

पत्रांक:- 225 /12 ए0सी0 दिनांक:- 07/02/2026

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड के ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदाऐं दिनांक 23.02.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2026 से 22.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय अवकाश को छोड़कर) 10:00 बजे पूर्वान्ह से 5:00 बजे सायं तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 23.02.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।
1- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 रामनगर 2- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 नैनीताल।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2025-26 में बाढ़ एवं भूस्खलन मद के अन्तर्गत भवाली-धानाचूली-पतलोट राज्य मार्ग 64 के कि0मी0 26 (6-8) में क्षतिग्रस्त मार्ग का दीवार द्वारा पुर्ननिर्माण कार्य। | 1500.00 + 18% जी0एस0टी0 | 46000.00 | 01 माह | 45 दिन | मार्ग कार्य में पंजीकृत ''डी'' एव उच्चतर |

निविदा दिनांक 23.02.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
ठेकेदार द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र विकय किया जायेगा।
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोकर निर्माण विभाग
नैनीताल

# नशा कारोबारियों को सज़ा

## 12-12 साल का कठोर कारावास, 1.20 लाख अर्थदंड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट संजीव कुमार की अदालत ने शनिवार को नशीली दवाओं का कारोबार करने के जुर्म में बनभूलपुरा (हल्द्वानी) निवासी मो. अफसार तथा मो. अजीम अली को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 1.20 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार औषधि नियंत्रक विभाग की जांच में 4 सितंबर 2019 में शनि बाजार गेट, नूरी मस्जिद के निकट बनभूलपुरा में संचालित सिटी मेडिकोज व सिटी क्लीनिक के संचालक मो. अफसार व मो. अजीम अली को नशीली गोलियां तथा नशीले कैप्सूल आदि रखने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पूजा साह ने कई गवाह व प्रतिबंधित नशीली दवाओं से संबंधित विस्तृत विवरण कोर्ट के समक्ष रखा। बता दें इन नशीली दवाओं में ट्रामाडोल, कलोनाजिफाम, सिकलोफाम तथा कंबूटोल की गोलियां तथा आर-साइनस के कैप्सूल व पाउडर शामिल था, जो एनडीपीएस एक्ट के अनुसार प्रतिबंधित हैं और नशे के उपयोग में लाई जाती हैं। इन तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को नशीली दवाओं का कारोबार करने के जुर्म में एनडीपीएस एकट के तहत 12-12 वर्ष के कठोर कारावास व 1.20 -1. 20 लाख रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

## गांवों में अखरोट के पौधे भेंट करने के साथ विद्यार्थियों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर क्षेत्र में कसियालेख, बूढ़ीबना तथा गंगवाचौड़ व सुनकिया के ग्रामीणों को अखरोट के पौधे निशुल्क भेंट किए। राजकीय इंटर कॉलेज कसियालेख के अध्यापकों के सहयोग से छात्र छात्राओं से रूबरु होने का मौका मिला। छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किये उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। हिंसक पशुओं से बचाव के टिप्स दिये। छात्रों को पॉलिथीन का प्रयोग ना करने और अपने व अपने परिजनों के जन्मदिन पर पौधे लगाने का संकल्प दिलाया। जिला आयुर्वेद अधिकारी/पर्यावरणविद् डा. आशुतोष पंत के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में योगाचार्य गौरव नेगी, सुनकिया की प्रधान पूनम देवी, स्थानीय सुरेश डंगवाल, गोविंद डंगवाल व डा. हिमाचल सिंह ने सहयोग दिया।

# मकानों के नक्शे पास न होने पर आमजन परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** शनिवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय श्रीनगर में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में जिला विकास प्राधिकरण, पौड़ी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मकानों के नक्शे पास न होने की समस्याओं का रखा गया। बैठक में जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार से दूरभाष पर वार्ता की और समस्या के त्वरित समाधान के लिए मंगलवार को अपने शासकीय आवास पर बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इसके बाद भी समाधान नहीं

**■ कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने प्राधिकरण के सचिव राजेश कुमार से की वार्ता**

निकलता है, तो महायोजना में आवश्यक संशोधन के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर एडीएम पौड़ी अनील सिंह गर्ब्याल, एसडीएम श्रीनगर नूपुर वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत, डॉ. कोठियाल, विभोर बहुगुणा, दिनेश असवाल सहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### शनि मंदिर का 24वां स्थापना दिवस मनाया

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित शनि मंदिर का शनिवार को 24वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। बता दें सुबह शनि मंदिर में रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना की गई। मुख्य पुजारी भगवती प्रसाद जोशी द्वारा पूजा अर्चना तथा मन्त्रोच्चार गणेश पूजन, कलश विधान, शनि देव पूजन, नव ग्रह पूजन, हवन तथा सुंदरकांड कराया गया जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान यजमान डा. कपिल जोशी समेत राजेश अधिकारी रहे जबकि सुंदरकांड में पारस जोशी, हीरा बिष्ट, ईश्वर तिवारी, विनोद जोशी, हेम जोशी, वंश जोशी, रोहित राज, दिग्विजय सिंह बिष्ट तथा वेद साह आदि मौजूद रहे। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी ने सभी का आभार जताया।

### इंस्पायर मानक में 10 बाल वैज्ञानिक चयनित

**नैनीताल।** नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन और एससीईआरटी के दिशा-निर्देशन में नैनीताल जिले में जनपद स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज हल्दुचौड़ में हुआ। इस प्रतियोगिता में 102 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया, जिनका मूल्यांकन एनआईएफ के निर्णायकों सुनील भास्कर, सुरेश चंद्र ओझा और डा. सचिन पाठक ने किया। राज्य स्तर के लिए 10 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया, जिनमें बेतालघाट की निशा सुयाल, रामगढ़ की स्नेहा, कोटाबाग के कार्तिक सती, रामनगर की कोमल दीप कौर, भीमताल के युगल किशोर, बिरला विद्या मंदिर के प्रभव खंडेलवाल, सूर्यागांव की अंजलि, बमोरी की गोरी तिवारी, दौलतपुर के पंकज सिंह और व्हाइट हाल स्कूल के भावेश जोशी शामिल हैं। इस आयोजन में डा. हिमांशु पांडे, रविंद्र तिवारी, संतोष कुमार, ललित मोहन पाठक, त्रिभुवन पांडे जैसे अनेक व्यक्तियों ने योगदान दिया। साथ ही, स्काउट गाइड और रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों को भी सम्मानित किया गया।

### पंत पार्क बना बाइक पार्क करने का अड्डा

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल स्थित चर्चित पंत पार्क में गेट निर्माण के बाद लोगों ने पंत पार्क क्षेत्र में बाइक पार्क करना शुरू कर दिया है, यही नहीं पंत पार्क क्षेत्र में पैदल घूमते पर्यटकों के बीच लोग बाइकों को दौड़ा रहे हैं, जो कभी भी बड़े हादसों का कारण बन सकते हैं। बता दें कि मंदिर माला मिशन के तहत मल्लीताल में पंत पार्क में श्री मां नयना देवी मंदिर का भव्य गेट बनाकर सौंदर्यीकरण किया गया है। गेट बनने के बाद पर्यटकों को पंत पार्क की ओर से जाने में सुविधा मिल रही है, वहीं स्कूटी बाइक सवारों के लिए भी पंत पार्क पार्किंग स्थल बन गया है। यही नहीं पर्यटकों की भीड़ के बीच भी लोग यहां स्कूटी बाइकें दौड़ा रहे हैं। जिससे रोजाना हादसों का भय बना रहता है। सामने ड्यूटी के बाद भी पुलिस प्रतिबंधित क्षेत्र में बाइक स्कूटी जाने से नहीं रोक रही है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि प्रतिबंधित क्षेत्र में स्कूटी बाइक ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### आंतरिक मार्गों पर नशेड़ियों का कब्जा: जगाती

**नैनीताल।** नैनीताल के आंतरिक मोटर मार्गों में लगातार नशेड़ियों की अराज. कताएं बढ़ रही हैं। लोगों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है। मामले को



बेहद गंभीरता से लेते हुए आयारपाटा क्षेत्र के युवा पालिका सभासद मनोज साह जगाती ने बताया कि मल्लीताल से डीएसबी परिसर को जाने वाली कालेज रोड, आयारपाटा रोड तथा मेट्रोपोल क्षेत्र व अंडा मार्केट क्षेत्र में रोजाना नशेड़ी बैठे रहते हैं, जो राहगीरों को परेशान भी करते हैं। उन्होंने बताया कि नशेड़ियों के कारण क्षेत्र में महिलाओं और बच्चियों का शाम के समय बाजार आना जाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कई बार पुलिस से क्षेत्र में गश्त करने की मांग की है लेकिन लगातार गश्त नहीं होने के चलते क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। मामले में पूछे जाने पर एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि क्षेत्र में रोजाना गश्त कराई जा रही है साथ ही नशेड़ियों और अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। बताया कि गश्त बढ़ाकर नशेड़ियों पर लगाम कसी जाएगी ताकि लोगों को क्षेत्र सुरक्षित महसूस लगे।

### 18 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने शनिवार को 18 सूत्रीय मांगों के संबंध में जनपद मुख्यालय नैनीताल स्थित डीएम कार्यालय के समक्ष धरना



प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र भी उप जिलाधिकारी को सौंपा। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने को संबोधित करते हुए परिषद के प्रमुख नेता बहादुर सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता के कारण कर्मचारी सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। सेवानिवृत कर्मचारी नेता गिरीश जोशी ने लोक निर्माण विभाग के वर्कचार्ज कर्मचारियों की पेंशन और वेतन रोकने के सरकार के आदेश पर चिंता जताई और इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। कार्यक्रम में परिषद के मंडलीय अध्यक्ष के एस सामंत, महामंत्री उमेश सनवाल, और अन्य नेताओं ने कर्मचारियों के हक में शीघ्र कदम उठाने की बात की। धरने में सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए।

# फरवरी से गूंजने लगीं शहनाइयां, 2026 में 56 शुभ मुहूर्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विगत 4 फरवरी से शहनाइयों की गूंज के साथ विवाह समारोहों का शुभारंभ हो चुका है। इस वर्ष फरवरी से दिसंबर तक स्थानीय पंचांग की गणना के अनुसार कुल 56 शुद्ध विवाह लग्न उपलब्ध रहेंगे, हालांकि अन्य पंचांगों के आधार पर तिथियों में आंशिक परिवर्तन संभव है।

सीमित मुहूर्तों के कारण विवाह आयोजनों को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि सनातन कैलेंडर के अनुसार यह वर्ष तेरह माह का है। सौर ज्येष्ठ मास में अधिकमास (मलमास/पुरुषोत्तम मास) पड़ने के कारण इस अवधि में विवाह सहित सभी शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। इसके अतिरिक्त 24 फरवरी से होलाष्टक, 14 मार्च से 13 अप्रैल तक खरमास, 17 मई से 15 जून तक मलमास, 25 जुलाई से चातुर्मास तथा 16 दिसंबर से दूसरा खरमास रहेगा, जिनमें विवाह मुहूर्त नहीं होंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस वर्ष उपलब्ध वैवाहिक तिथियां इस प्रकार हैं फरवरी में 4, 5, 8, 10, 19, 20, 21, 22, मार्च में 6, 7, 9, 10, 11, अप्रैल में 19, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, 30, मई में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 12, जून में 19, 22, 23, 24, 26, 27, 28, 29, जुलाई में 1, 3, 4, 6, 7, 8, 9, 11, नवंबर में 21, 24, 25, 26, 30 तथा दिसंबर में 2, 4, 5, 11 व 12 तिथियां शुभ मानी गई हैं।

# महाशिवरात्रि पर विराट सद्भावना सम्मेलन




■ 15 को सतपाल महाराज करेंगे संबोधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** श्री हंस प्रेम योग आश्रम, संजय नगर द्वितीय बिंदुखत्ता में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर विराट सद्भावना सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय संत और मानव धर्म के प्रणेता सद्गुरुदेव श्री सतपाल महाराज मुख्य रूप से संबोधित करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए मानव उत्थान सेवा समिति के राष्ट्रीय संगठन सचिव महात्मा सत्यबोधानंद जी ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान पूज्य अमृता माताजी सहित कई दिव्य विभूतियाँ और विभिन्न तीर्थ स्थलों से आए संत महात्मा भी उपस्थित रहेंगे। सत्यबोधानंद जी ने कहा कि सम्मेलन में 63 विभागों का गठन किया गया है, जिनकी जिम्मेदारी कर्मठ कार्यकर्ताओं को दी गई है। सम्मेलन से पूर्व, सद्गुरुदेव श्री सतपाल महाराज बिंदेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। साथ ही, पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित मातृशक्ति मंगल कलश यात्रा में शामिल होंगी, और कुमाऊं के पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन में नेपाल से भी श्रद्धालु शामिल होंगे और आश्रम तक पहुँचने के लिए दो मार्ग बनाए गए हैं। सम्मेलन की सफलता के लिए स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, और नगर पंचायत से सहयोग लिया जा रहा है। मानव उत्थान सेवा समिति, जो देश की प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संस्था है, समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत है। पत्रकार वार्ता में महात्मा प्रभाकरानंद जी, महात्मा आलोकनंद जी, महात्मा नित्यानंद जी, महात्मा मानसानंद जी, घनश्याम रस्तोगी, भुवन भट्ट, और मीडिया कोऑर्डिनेटर अजय उप्रेती भी उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यकों को मिले योजनाओं का लाभ: फरज़ाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अल्पसंख्यक कल्याण आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने शनिवार को नैनीताल जिले के भीमताल स्थित विकास भवन में पहुँचकर अल्पसंख्यक कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने कुछ विभागों के अधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रारूप डाटा मुहैया न कराने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि सोमवार यानी 9 फरवरी तक ई-मेल के माध्यम से आयोग को डाटा मुहैया कराया जाए।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग प्रतिबद्धताओं के अनुसार अल्पसंख्यक समुदाय का कल्याण एवं उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए प्रयास किए जायें जिनमें शिक्षा, गरीबी रेखा से ऊपर उठाने तथा कौशल विकास तथा स्व-रोजगार हेतु सहायता प्राथमिकता से मुहैया कराई जाये। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र प्राथमिकता के आधार पर जारी किये जायें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक विलम्ब करने या आनाकानी करने वालों के खिलाफ आयोग को शिकायत मिलते ही आयोग द्वारा सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में पात्र अल्पसंख्यक व्यक्तियों को भी प्राथमिकता के आधार पर लाभांवित किया जाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार का प्रयास है कि जनता परेशान न हो और जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये तथा जनता को योजनाओं का लाभ समय पर व आसानी से मिले। बैठक में आयोग के सचिव जेएस रावत ने बताया कि 30 विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत संचालित योजनाओं से अल्संख्यकों के लाभांवित होने एवं न होने से संबन्धित सभी पहलुओं को शामिल करते हुए आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन में शामिल किया जाएगा। बैठक में आयोग के सदस्य सुरेन्द्र जैन, नफीस अहमद, येशी थुप्तेन, शकील अहमद, मौहम्मद तस्लीम, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, जिला पंचायतराज अधिक. ारी सुरेश बैनी सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## भवाली में पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा विगत दिनों भवाली क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुराचार की घटित घटना के दृष्टिगत शनिवार को वृहद सत्यापन अभियान चलाकर क्षेत्र में निवासरत बाहरी अराजक



तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बता दें एसपी नैनीताल डा. जगदीश चंद्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक भवाली प्रकाश मेहरा के नेतृत्व में भवाली पुलिस द्वारा वृहद सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस टीम गठित कर कस्बा भवाली के वार्ड नंबर 01 तथा 2 (रेहड़/गांधी कालोनी/टम्ट्यूड़ा/ रामगढ़ रोड व बाजार क्षेत्र) में पुलिस व पीएसी टीमों द्वारा कुल 125 मकानों में रह रहे 280 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन चेक किया गया। इस दौरान बिना सत्यापन निवासरत 30 लोगों के विरुद्ध धारा 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही 7 मकान मालिकों के विरुद्ध धारा 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कोर्ट के 10-10 हजार धनराशि के भारी भरकम चालान किए गए। इसके अतिरिक्त सभी थानों में वृहद सत्यापन अभियान चलाते हुए बिना सत्यापन निवासरत लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। साथ ही बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर मकान मालिकों के विरुद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जा रही है।

# अगस्त्यमुनि में विज्ञान और नवाचार का उत्सव मनाया

**■ जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत भव्य विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता संपन्न**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि/रूद्रप्रयाग।** जनपद स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज, अगस्त्यमुनि में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए छात्रख्रछात्राओं ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार से जुड़े अपने-अपने प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या-समाधान क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन कर अतिथियों व निर्णायकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृषि अनुसंधान केंद्र, जाखधार की वैज्ञानिक निवेदिता कुकरेती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे मंच छात्रों में वैज्ञानिक सोच विक. सित करने के साथ-साथ समाज की समस्याओं के समाधान को लेकर नवाचार को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयोग, खोज और अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह विष्ट ने कहा कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें वैज्ञानिक नवाचार की दिशा में प्रोत्साहित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक हैं। ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास के साथ-साथ समस्या-समाधान की क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम में राजकीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष आलोक रौथाण, महामंत्री शंकर भट्ट, प्रधानाचार्य राइका अगस्त्यमुनि संजय सजवाण, रविंद्र पंवार, आशुतोष गौड़, दलीप सिंह, पंकज भट्ट, अश्विनी गौड़, लीला गैरोला, कुसुम गुसाईं सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## वीकेंड पर लौट आई नैनीताल की रौनक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में इस वीकेंड पर रौनक लौट आई है। पर्यटन स्थलों में सैलानियों की पूरे दिन बनी रही आवाजाही तो मालरोड में की रौनक में भी निखार नजर आया। पिछले करीब दो सप्ताह से सैलानियों के अभाव में सुनसानी छाई रही और वीकेंड में भी बहुत कम संख्या में सैलानी पहुंचे थे। अब यह वीकेंड उम्मीद लेकर आया है। शुक्रवार शाम से सैलानियों का पहुं. चना शुरू हो गया था जो शनिवार देर रात तक जारी रहा। इस बीच नगर के पर्यटन स्थलों में खासी रौनक रही तो बड़ी संख्या में सैलानी पंत पार्क और झील किनारे सैर करते नजर आए तो कई सैलानियों ने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया। नगर के सभी दर्शनीय स्थलों पर सैलानी काफी संख्या में नजर आए।



# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड

पत्रांक: 706/ल0सिं0नि0सू0/2025-26 दिनांक: 05 फरवरी 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदा वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 17.02.2026 के अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 02:00 बजे अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकरण ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि के साथ निविदा प्रपत्र दिनांक 16.02.2026 को खण्डीय कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। किसी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकर अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। निविदा क्रय के समय जी0एस0टी0 नम्बर चालू होना अनिवार्य है तथा निविदा क्रय हेतु प्रत्येक योजना की अलग-2 धरोहर धनराशि दिखाया जाना अनिवार्य है एवं निविदाकर्ता के पास एक सोलर पम्प लिफ्ट सिंचाई योजना का अनुभव प्रमाण पत्र होना आवश्यक है अन्यथा निविदा विक्रय नहीं किया जाएगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | दरों की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सोलर पम्पर लिफ्ट सिंचाई योजना निर्माण कार्य गिमाई | 29900.00 | 1000 + 18%GST | 30 दिन | 90 दिन | ई0 एवं उच्च |
| 2 | सोलर पम्पर लिफ्ट सिंचाई योजना निर्माण कार्य धारगारा | 30900.00 | 1000 + 18%GST | 30 दिन | 90 दिन | ई0 एवं उच्च |

निविदा संबंधी अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं। अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई खण्ड बागेश्वर


# नगर पालिका में 'एक साल बेमिसाल'



■ जनता ने सराहे अध्यक्ष रेखा कत्यूरा के कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी नगर पालिका के पहले कार्यकाल को एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को पालिका सभागार में एक साल बेमिसाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा के कार्यों की सराहना करते हुए उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने कहा कि जन सहयोग, पूर्व अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा के मार्गदर्शन, अधिशासी अधिकारी, सभी सभासदों और पालि. का कर्मियों के सहयोग से एक वर्ष के भीतर कई ऐसे विकास कार्य पूरे किए गए, जो वर्षों से लंबित चले आ रहे थे। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 6 में सड़क निर्माण, कानियाबैल से होकर वार्ड 6 में जंगल से आने वाले बरसाती पानी की समस्या का समाधान किया गया। इसके साथ ही हाईटेक शौचालयों का निर्माण, बालि. का इंटर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय के सामने कूड़े के ढेर की समस्या का स्थायी समाधान किया गया। चेयरमैन कत्यूरा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पॉलीथिन लाओ, पैसा ले जाओ अभियान की शुरुआत की गई। नगर क्षेत्र में जगह-जगह वाटर कूलर लगाए गए हैं। नैनीताल तिराहे पर ओपन प्रतीक्षालय का निर्माण, तिरंगा लाइट सहित सौंदर्यीकरण के कई कार्य कराए गए। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए साप्ताहिक बाजार को एक साइड लगाने का ठोस निर्णय भी लिया गया, जिससे आमजन को राहत मिली है, पशुओं की समस्या के मद्देनजर बैलपड़ाव स्थित गौशाला से अनुबंध कार्य भी जारी है। उन्होंने बताया लाइब्रेरी, रैन बसेरा, एक नया पार्क, ओपन जिम बनाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पालि. का अध्यक्ष के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह विकास कार्य जारी रखने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम का संचालन कैलाश बुधलाकोटी ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष पुष्कर कत्यूरा, अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार सहित सभासद रोहित बुधलाकोटी, सुमन अधिकारी, सरवर अली, नसीम जहां, शमा परवीन, हरीश मेहरा, चंद्रा टम्टा, गोधन सैनी, सईद अहमद, दीवान सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह देऊपा, गोपाल बुधलाकोटी, राजेंद्र सिंह नेगी, ललित कांडपाल, चौतन मेहरा, मेहमूद हसन बंजारा, साक्षी शाही, हंसी जोशी, जैनब सैफी, मनोज अधिकारी, गिरीश भट्ट, नसीर बाबा सहित मौजूद रहे।

## अवैध गाइड ने कार से पर्यटक का पर्स निकाला

**नैनीताल।** नैनीताल के मल्लीताल क्षेत्र में कार से अवैध गाइड की ओर से पर्यटक के पर्स निकालने का मामला सामने आया है। गाइड में पर्यटक को होटल दिखाने के बहाने कार में प्रवेश किया था। बता दें कि नैनीताल में फर्जी गाइडों की अराज. कता के मामले दिनों दिन बढ़ते ही जा रहे हैं। शनिवार को भी गाइड की अराजकता का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार हरियाणा से पर्यटक अपनी कार में घूमने के लिए नैनीताल आए थे। मल्लीताल में होटल में कमरे दिखाने की बात कहकर गाइड पर्यटक की आगे की सीट पर बैठ गया। गाइड ने पर्यटक को होटल पहुंचाने के दौरान उसकी कार में आगे रखा पर्स उठा लिया। दोपहर में जब पर्यटक को यह बात पता चली तो वह घूमने के दौरान तल्लीताल पुलिस सहायता केंद्र में पहुंच गया। पुलिस ने युवक को मल्लीताल कोतवाली में शिकायत करने की सलाह दी।

# प्रदेश के विकास को ध्यान में रखा गया है केंद्रीय बजट में: सरिता आर्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** केंद्रीय बजट को लेकर नैनीताल क्लब में विधायक सरिता आर्य द्वारा शनिवार को प्रेस वार्ता की गई। इस दौरान विधायक ने कहा कि वर्ष 2026 का केंद्रीय बजट उत्तराखंड प्रदेश में विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क तथा पर्यटन और रोजगार को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों की जरूरतों को विशेष रूप से बजट में शामिल किया गया है जिससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर होंगे। महिलाओं के सशक्तिकरण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार पर सरकार का विशेष फोकस है। बजट में लखपति दीदी योजना को काफी



लाभ मिलेगा। इसी के साथ धार्मिक पर्यटकों को बढ़ावा दिया जाएगा। मंदिरों की कायाकल्प मानसखंड योजना के तरह किया जाएगा तथा पर्यटकों को बढ़ावा दिया जाएगा जिसमें ट्रेकिंग रूट को भी रखा गया है। सीए एवं अधिवक्ता पवन नाथ ने बजट की प्रमुख धाराओं पर विस्तृत जानकारी दी जबकि बैंकिंग सेक्टर के पार्थ पाल ने कहा कि कम समय में ट्रेंडिंग इन्वेस्टमेंट विकल्पों पर निवेशकों की खास नजर है। कुणाल जय सिंघानिया ने भी कई जानकारियां दी। इस दौरान नितिन कार्की, दया किशन पोखरिया, मनोज जोशी, मारुती नंदन साह, डा. मोहित रौतेला, पूरन बिष्ट, लता दफौटी, अमिता साह, मयंक पंत, मोहित लाल साह, ज्योति ढौंडियाल, विक्की राठौर, आयुष भंडारी, गजाला कमाल, रेखा जोशी, प्रदीप कुमार, हरीश सिंह राणा, जीवंती भट्ट, रितुल कुमार, मीनू बुधलाकोटी तथा विक्रम रावत आदि मौजूद रहें।

## सीएम धामी के दिशा-निर्देशों में विजन से विजिबल डेवलपमेंट की ओर एमडीडीए

# एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी की अध्यक्षता में लिए गए बड़े फैसले

■ मानचित्र स्वीकृति प्रणाली पर कड़ा फोकस, शुल्क न जमा करने वाले प्रकरणों पर शिकंजा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड को सुनियोजित, सुरक्षित और भविष्य के अनुरूप विकसित करने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के क्रम में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) अब विजन को साकार करने के मिशन मोड में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में 07 फरवरी 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि देहरादून-मसूरी शहरी क्षेत्र के भविष्य का रोडमैप तय करने वाली बैठक साबित हुई। यह बैठक उस सोच का प्रतिबिंब रही, जिसमें विकास सिर्फ निर्माण तक सीमित नहीं, बल्कि कानून, पारदर्शिता, सुरक्षा, पर्यावरण और जनहित के संतुलन से जुड़ा हुआ है।



**अवैध निर्माण के खिलाफ मैदान में पूरा तंत्र**

शहर की बेतरतीब होती तस्वीर पर लगाम कसने के लिए एमडीडीए अब सेक्टरवार संयुक्त अभियान चलाएगा। निर्धारित दिन पर समस्त अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगे और अवैध निर्माणों पर तत्काल कार्रवाई होगी। उपाध्यक्ष तिवारी ने दो टूक कहा कि "अवैध निर्माणों पर अब जीरो टॉलरेंस नीति लागू रहेगी।" आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से एमडीडीए द्वारा अवैध प्लॉटिंग पर की गई कार्रवाई की जानकारी अब प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।इस पहल से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि लोग फर्जी कॉलोनियों के जाल में फंसने से भी बच सकेंगे।

**प्लानिंग से परफॉर्मेंस तक:** बैठक की शुरुआत विगत तीन माह में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत आवासीय एवं व्यवसायिक मानचित्रों की सेक्टरवार समीक्षा से हुई। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और नियमानुसार कार्य शीघ्र पूरा हो।

**नियम तोड़ने वालों पर नर्मी नहीं:** बैठक में उन प्रकरणों को लेकर सख्त रुख अपनाया गया, जिनमें मानचित्र शमन अथवा स्वीकृति के बाद भी निर्धारित शुल्क जमा नहीं किया गया। इस विषय पर उपाध्यक्ष ने समिति गठित करने के निर्देश दिए। समिति द्वारा चिन्हित प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई कर यह संदेश साफ किया गया कि नियम सबके लिए समान हैं।

**शहर को मिलेगी नई हरियाली:** सहस्त्रधारा रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड को एक आधुनिक पार्क के रूप में विकसित करने के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए। दिल्ली विकास प्राधिकरण के पार्कों की तर्ज पर विकसित होने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए एमडीडीए की टीम दिल्ली जाकर अध्ययन करेगी। यह परियोजना शहरी जीवन में हरित विराम (ग्रीन ब्रेक) देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि शहरी विकास नियोजित, सुरक्षित और पारदर्शी हो। एमडीडीए इसी सोच के साथ कार्य कर रहा है। अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हमारी प्राथमिकता है। साथ ही हम ऐसे विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनसे शहर को बेहतर बुनियादी ढांचा, हरियाली और सुरक्षित यातायात मिल सके। मानचित्र स्वीकृति से लेकर आवासीय योजनाओं तक हर स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। हमारा उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संतुलित शहरी विकास करना है।

**उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी**

एमडीडीए उपाध्यक्ष के नेतृत्व में प्राधिकरण पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। सभी विभागों को समयबद्ध कार्य, गुणवत्ता और नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश दिए गए हैं। अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

**सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया**

**मसूरी रोड पर रोशनी, सुरक्षा में बढ़ोतरी:** मुख्य सचिव के निर्देशों के क्रम में मसूरी रोड की वैली साइड पर लाइटिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में यह योजना बेहद अहम साबित होगी। धर्मपुर चौक के समीप मंदिर के पास खाली भूमि पर पार्क निर्माण और भगवान शिव की प्रतिमा स्थापना के निर्देश दिए गए। यह स्थल धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा।

**धूल पर नियंत्रण, हरियाली पर जोर:** सड़कों के किनारे खाली स्थानों पर फुटपाथ निर्माण और व्यापक पौधारोपण कर प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

लैंड पूलिंग के तहत खरीदी गई भूमि पर प्लॉटेड आवासीय योजना को मई 2026 तक धरातल पर लाने के निर्देश दिए गए। धौरण क्षेत्र में प्रस्तावित आवासीय योजना सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सामग्री के साथ विकसित की जाएगी।

## सीएम धामी के निर्देश पर 'गोदान' उत्तराखंड में टैक्स फ्री



■ समाज को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त संदेश देती है फिल्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर किसान परंपरा, ग्रामीण जीवन और गोवंश के महत्व पर आधारित फिल्म 'गोदान' को उत्तराखंड राज्य में टैक्स फ्री कर दिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है, जिसके साथ ही यह निर्णय प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म भारतीय संस्कृति, ग्रामीण परिवेश और किसान जीवन की संवेदनशील झलक प्रस्तुत करते हुए समाज को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त संदेश देती है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि गाय केवल धर्म और आस्था का विषय नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, समाज और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। इस तरह की फिल्मों के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक चेतना विकसित होती है, इसलिए ऐसी फिल्मों को प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार गोवंश संरक्षण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में गोसदनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे निराश्रित और बेसहारा गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके। साथ ही गोपालकों और पशुपालकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उत्तराखंड सरकार सामाजिक, सांस्कृतिक और जनहित से जुड़े विषयों पर आधारित फिल्मों एवं रचनात्मक प्रयासों को भविष्य में भी निरंतर प्रोत्साहन देती रहेगी।

## 589 जनसेवा कैंपों में अब तक कुल 4,63,956 लाभान्वित

# जन-जन की सरकार बना सुशासन का सशक्त मॉडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और त्वरित सेवा वितरण का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरा है। इस अभिनव अभियान के माध्यम से सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रही है।

इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी जनपदों में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनसेवा शिविरों (कैंपों) के माध्यम से आमजन को प्रशासनिक सेवाएं, शिकायत निवारण, प्रमाण पत्र तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

**प्रमाण पत्र एवं योजनाओं का लाभ:** जन-जन के द्वार अभियान के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के लिए भी नागरिकों से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। अब तक कुल 65,528 प्रमाण पत्रों हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिससे आमजन को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। साथ ही, विभिन्न राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अब तक 2,58,056 नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है, जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया है कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान इसी सोच का परिणाम है, जिसमें प्रशासन स्वयं जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान प्रदेश में लोक विश्वास को सुदृढ़ करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

**सुशासन की ओर सशक्त कदम:** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान ने यह सिद्ध कर दिया है कि उत्तराखंड सरकार आमजन के साथ संवाद, सेवा और समाधान के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

**अभियान की प्रगति एवं उपलब्धियाँ**

अब तक प्रदेश भर में कुल 589 जनसेवा कैंप आयोजित किये जा चुके हैं, जिनमें से 8 कैंप 07 फरवरी, को आयोजित किये गये। इन कैंपों में अब तक कुल 4,63,956 नागरिकों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 4,237 नागरिकों ने रविवार को आयोजित कैंपों में सहभागिता की। अभियान के अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। अब तक कुल 45,601 शिकायत/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 30,723 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है।

# सीएमओ डॉ. शर्मा औचक निरीक्षण पर पहुंचे जिला चिकित्सालय

■ भर्ती मरीजों का हालचाल जाना तथा रोगियों की समस्या तथा दिए जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गुंज्याल द्वारा कोरोनेशन जिला चिकित्सालय तथा गांधी शताब्दी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया।

कोरोनेशन जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनु जैन तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गुंज्याल के उपस्थित में निरीक्षण किया गया।

आपताकालीन चिकित्सा कक्ष में निरीक्षण के दौरान सीएमओ द्वारा संबंधित इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि आपात चिकित्सा कक्ष में कम से कम 10 स्टिचिंग सेट की हर समय उपलब्धता रखें। ड्रेसिंग से संबंधित सामग्री एवं उपकरण ऑटोक्लेव हों तथा सुव्यवस्थित हो।

चिकित्सालय में आईपीडी के निरीक्षण के दौरान डॉ मनोज कुमार शर्मा ने वार्डों में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना तथा रोगियों की समस्या तथा दिये जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली। सीएमओ द्वारा उपस्थित चिकित्सा सिस्टर इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक वार्ड के बाहर मरीजों के खाने का मेन्यू चस्पा करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सालय में आई.पी.डी. को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

ओटी कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण के दौरान डॉ0 संजीव कटारिया द्वारा सीएमओ को व्यवस्थाओं की जानकारी दी गयी। कक्षों में साफ सफाई की उचित व्यवस्था पायी गयी तथा शल्य चिकित्सा सेवाएं व्यवस्थित पायी गयी।इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय स्थिति पोस्टमार्टम हाउस का निरीक्षण किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को मेडली-पीआर पोर्टल पर दर्ज करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु एक डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था करने के लिए डॉ मनोज कुमार शर्मा द्वारा एसीएमओ डॉ कैलाश गुंज्याल को निर्देशित किया गया। पोस्टमार्टम हाउस परिसर में एक वॉशबेसिन और शेड सहित परिजनों हेतु एक वेटिंग एरिया की व्यवस्था हेतु प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सालय परिसर में एलीवेटेड कार पार्किंग का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें पार्किंग सुव्यवस्थित एवं क्रियाशील पायी गयी। आपातकालीन कक्ष एवं ओपीडी में व्हीलचेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध पाये गये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनु जैन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गुंज्याल, डॉ यतेन्द्र सिंह, डॉ निखिल, डॉ प्रवीण पंवार, डॉ आलोक जैन, डॉ प्रियंका सहित जन संपर्क अधिकारी प्रमोद पंवार उपस्थित रहे।

**गांधी शताब्दी चिकित्सालय का भी किया निरीक्षण**

गांधी शताब्दी चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान पेजयल आरओ में तकनीकी खराबी पायी गयी, जिसे मौके पर ही तकनीशियन को बुला कर ठीक करवाया गया। निरीक्षण में चिकित्सालय परिसर एवं वार्डों में साफ सफाई पायी गयी। चिकित्सालय परिसर में मॉडल टीकाकरण केन्द्र, एसएनसीयू तथा वार्डों का निरीक्षण भी किया गया, जहां व्यवस्था सही पायी गयी। बेसमेंट तथा सभी तलों का निरीक्षण किया गया, इस दौरान बेसमेंट में पानी जमा पाया गया। पूछने पर जानकारी दी गयी कि सीवर का पानी ओवरफ्लो होने के कारण पानी का जमाव हो रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी जल संस्थान को अवगत कराया गया था, जिसके बाद सफाई भी की गयी, किंतु जल रिसाव की समस्या बनी हुई है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कोरोनेशन हॉस्पिटल द्वारा ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत हेतु महानिदेशक स्वास्थ्य से बजट की मांग हेतु पूर्व में ही पत्र प्रेषित किया गया है। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के इंचार्ज डॉ अनिल आर्य, मैटर्न इंचार्ज तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# राज्य की दिशा तय करता है बजट : सीएम

■ एनएचपीसी बनबसा सभागार में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बजट-पूर्व संवाद कार्यक्रम आयोजित

■ जनभागीदारी, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था और संतुलित विकास पर हुआ व्यापक मंथन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** एनएचपीसी बनबसा सभागार में माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित बजट-पूर्व संवाद कार्यक्रम में राज्य के समग्र विकास, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था तथा जनभागीदारी को केंद्र में रखते हुए व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अपर सचिव मुख्यमंत्री मनमोहन मैनाली ने किया ।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गाँव में पिंक टॉयलेट जैसी सुविधाओं की दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने वर्ष 2047 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि छोटा राज्य होने के बावजूद उत्तराखण्ड ने वित्तीय प्रबंधन में देशभर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है, जो गर्व का विषय है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों का गंभीरता से परीक्षण कर उन्हें आगामी बजट में यथासंभव सम्मिलित किया जाएगा, ताकि राज्य का संतुलित, समावेशी और सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट राज्य की दिशा तय करता है और यह नागरिकों की सहभागिता से ही प्रभावी बनता है। प्रत्येक वर्ग की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार निर्णय ले रही है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि जिनके सुझाव अभी प्राप्त नहीं हुए हैं, वे भी अपने विचार प्रेषित करें, ताकि सभी की आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जा सके।

उन्होंने कहा रजत जयंती वर्ष में राज्य ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं और अब नए संकल्प के साथ विकसित उत्तराखण्ड की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि सभी लोग अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तो राज्य प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा और प्रत्येक निर्णय जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ता रहेगा।

संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों, विशेषज्ञों तथा हितधारकों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

ग्रामीण विकास को गति देने के लिए अनुदान में वृद्धि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सीवर लाइन एवं शौचालय निर्माण, पंचायतों को सशक्त बनाने हेतु रिक्त भूमि के उपयोग तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए मानदेय एवं अध्ययन भ्रमण की व्यवस्था जैसे सुझाव दिए गए।

शहरी विकास के अंतर्गत नगर निकायों के बजट और संसाधनों में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण के लिए सोलर पैनल स्थापना, सड़कों और नालियों के बेहतर रखरखाव तथा रजिस्ट्री शुल्क का आंशिक हिस्सा नगर निगमों को उपलब्ध कराने के सुझाव रखे गए।

कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में बागवानी और वैल्यू क्रॉप्स को बढ़ावा देने, कीवी और ब्लूबेरी जैसे फलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने, पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन और प्रोसेसिंग पर ध्यान केंद्रित करने, किसानों तथा विभागीय कार्मिकों के तकनीकी प्रशिक्षण, दूरस्थ क्षेत्रों के कृषकों को विशेष सहायता तथा फल उत्पादन सब्सिडी को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 80 प्रतिशत किए जाने के सुझाव सामने आए। उद्योग विकास के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्रों में उपलब्ध खाली भूमि पर उद्योग स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं पलायन रोकने, एमएसएमई को वित्तीय सहायता, सेवा क्षेत्र आधारित उद्योगों को बढ़ावा तथा औद्योगिक आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर बल दिया गया। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक जनपद में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने, महिलाओं को ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराने तथा अस्पतालों की कैंटीन जैसी सेवाओं में महिलाओं को प्राथमिकता से रोजगार देने के सुझाव प्रस्तुत किए गए।

पर्यटन क्षेत्र में हैली सेवा का विस्तार, वैकल्पिक मार्गों का निर्माण, सस्टेनेबल टूरिज्म को बढ़ावा, छोटे पर्यटन स्थलों का विकास, नेचर टूरिज्म एवं ट्रैकिंग को प्रोत्साहन तथा एग्री-टूरिज्म के माध्यम से स्थानीय समुदाय को पर्यटन से जोड़ने की बात कही गई। इसके अतिरिक्त राज्य में सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, ऊर्जा संकट के समाधान के लिए ऊर्जा नेटवर्क सुदृढ़ीकरण, कृषि आधारित उद्योगों पर जीएसटी में कमी, मंडी शुल्क में कमी, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, नगर निकायों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने तथा जिला पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त बजट देने जैसे सुझाव भी प्राप्त हुए।

**उत्तराखण्ड के कैपिटल आउटले में उल्लेखनीय वृद्धि: जावलकर**

इस अवसर पर सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने राज्य की आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पिछले पाँच वर्षों में उत्तराखण्ड के कैपिटल आउटले में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह राशि 7,534 करोड़ से बढ़कर 14,765 करोड़ तक पहुँच गई है। राज्य की जीडीपी वर्ष 2021-22 के 2,54,000 करोड़ से बढ़कर वर्तमान में 4,29,000 करोड़ हो गई है, जो लगभग 60 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। इसे राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

**कार्यक्रम में ये अधिकारी रहे मौजूद**

कार्यक्रम के दौरान आरके सुधांशु प्रमुख सचिव वन, दिलीप जावलकर, सचिव वित्त, धीराज गर्ब्याल, सचिव पर्यटन, नरेन्द्र सिंह भण्डारी, अपर सचिव नियोजन, मनुज गोयल, अपर सचिव तकनीकि शिक्षा, विनोद गोस्वामी, निदेशक शहरी विकास, मनमोहन मैनाली, अपर सचिव मुख्यमंत्री, दीपक रावत, आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल, मनीष कुमार, जिलाधिकारी चम्पावत, कृष्ण नाथ गोस्वामी, अपर जिलाधिकारी चम्पावत, डॉ जीएस खाती, मुख्य विकास अधिकारी चम्पावत, सौरभ गहरवार, महानिदेशक/आयुक्त, उद्योग, मनबर सिंह राणा, संयुक्त निदेशक, पचायती राज विभाग, पूनम चंद, अपर निदेशक पर्यटन, संदीप भट्ट, उप मुख्य परियोजना अधिकारी, उरेडा, पी0के0 सिंह, संयुक्त निदेशक, कृषि कुमायूँ हल्द्वानी, अशोक कुमार जोशी, निदेशक, डेयरी विकास, अवीनाश कुमार, सहायक निदेशक, मत्स्य विभाग अल्मोड़ा, महेन्द्र पाल, निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, श्री प्रदीप कुमार पाण्डे, एसीईओ, यूएसआरएलएम, देहरादून, मेहरबान सिंह बिष्ट, अपर सचिव, ऊर्जा विभाग, संदीप भट्ट, उप मुख्य परियोजना अधिकारी, उरेडा, डॉ बी0वी0आर0सी0 पुरुषोत्तम, सचिव डेयरी, अशोक कुमार जोशी, बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विकास कार्यों की अनदेखी पर नपेंगे अधिकारी: रेखा आर्या

■ कैबिनेट मंत्री ने की सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा

■ डीएम को दिए पेयजल योजना निर्माण कार्य की जांच के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतरें और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यह निर्देश उन्होंने शनिवार को अल्मोड़ा विकास भवन में सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री घोषणाओं व अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा किया जाए ताकि आम जनता को समय पर लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सोमेश्वर में नवनिर्मित उप जिला अस्पताल का उद्घाटन जल्द से जल्द किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्घाटन के दिन अस्पताल में चिकित्सकों व अन्य आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे कि उद्घाटन के साथ ही अस्पताल की सेवाएं आम जनता के लिए शुरू हो सकें।

बैठक के दौरान विकासखंड ताकुला के गांव बीना के तोक दुर्गाथल और गांव भेटुली के तोक लोहारखोला में सोलर पेयजल पंपिंग योजना के निर्माण कार्य में गड़बड़ी की जानकारी सामने आने पर कैबिनेट मंत्री ने जिलाधिकारी को मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि फरवरी माह में बड़ी संख्या में योजनाओं का शिलान्यास किया जाना प्रस्तावित है, इसके लिए सभी विभाग समय रहते प्रारंभिक औपचारिकताएं पूरी करें, ताकि कार्यक्रमों का आयोजन सुचारु रूप से किया जा सके।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी जनहित के कार्यों की अवहेलना करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार की मंशा है कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनी रहे तथा जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिले।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश नयाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह, मंडल अध्यक्ष गणेश जलाल, जगदीश डंगवाल, सुंदर राणा, जिला मंत्री बिशन कन्वाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पंकज भाकुनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र चीलवाल, ललित तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के एन तिवारी, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी अरविंद पांगती, जिला विकास अधिकारी एसके पंत, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रेणु भंडारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महास्वच्छता : शहर से देहात तक चला अभियान

## शहर में नगर आयुक्त व जेएम नेतृत्व में चला सफाई अभियान, अफसरों, जन प्रतिनिधियों व शिक्षकों ने लगाई झाड़ू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पर जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद में शहर से देहात तक खूब सफाई अभियान चला।

❖निगम अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में निभाई अपनी अहम भूमिका

❖पार्कों, गली मोहल्लों व नगर व ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर आज नहीं दिखाई दी गंदगी

शिक्षानगरी में नगर आयुक्त राकेश चंद तिवारी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्रन सेठ व निगम के अधिकारियों कर्मचारियों के नेतृत्व में शहर के गली माहल्लों व सडकों पर सफाई अभियान चलाया गया जिसमें अनेक सामाजिक संगठनों ने भी भागीदारी की। इस शहर के महा स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में निगम के सफाई कर्मियों व अधिकारियों का अहम किरदार रहा। आज सुबह से ही अफसर' जन- प्रतिनिधि' समाजसेवी व स्कूल के शिक्षक व छात्र अपने हाथों में झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे और शहर की सड़कों के अलावा गली मोहल्लों व देहात में गांव की सड़कों पर भी जमकर स्वच्छता अभियान चलाया ।शनिवार को दिन निकलते ही शहर की सड़कों पर गंदगी नहीं दिखाई दी ।इस स्वच्छता अभियान में नगर निगम रुड़की के अधिकारी कर्मचारियों ने जहां अहम भूमिका निभाई तो निकाय क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों ने भी अपने क्षेत्र में सफाई अभियान में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया । और नगर निगम व निकाय कर्मचारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में इस स्वच्छता महा अभियान को सफल बनाने में अहम किरदार निभाया।



## बीएसएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में चला स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** स्वच्छ हरिद्वार' के संकल्प को साकार करने हेतु "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" अभियान में सम्मिलित होकर सभी छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ ने श्रमदान किया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत कॉलेज से हरिद्वार नेशनल हाईवे फ्लाईओवर ग्राम नगला इमरती तक रैली निकालकर अपने घर, परिवार, पड़ोस व अन्य को स्वच्छता का संदेश देने की शपथ ली। एडवोकेट श्री ममतेश कुमार शर्मा जी (अध्यक्ष बी0एस0एम0 शिक्षण संस्थान, रुड़की) सचिव एडवोकेट श्री रजनीश कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष श्री राम कुमार शर्मा, सहसचिव श्री संजीव कुमार शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर संस्थान निदेशक डॉ0 राजाराम प्रसाद, श्री आनंद भारद्वाज, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय लेखपाल एवं कॉलेज स्टाफ मे पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य श्री विवेक सैनी, रजिस्ट्रार श्री रामनारायण, पल्लव जोशी, सादिक रजा, राव मोहम्मद शारीफ, रूबी शर्मा, वर्णिका सिंह, योगेश्वर, सुहेल अली आदि का सहयोग रहा।




## खंड विकास अधिकारी लक्सर के नेतृत्व में चला सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड सरकार और जिलाधिकारी हरिद्वार के कड़े निर्देशों के अनुपालन में, लक्सर विकासखंड में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज लक्सर ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट के नेतृत्व में समस्त स्टाफ द्वारा विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्ट ने बताया कि शासन के आदेशानुसार ब्लॉक के सभी कार्यालयों, ग्राम पंचायतोंव पंचायत घरों, आम रास्तों, तालाबों, नालियों और सड़कों पर सफाई अभियान युद्धस्तर पर जारी है।उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों और ग्राम पंचायत अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छता से ही बीमारियों को कम किया जा सकता है और आम जनमानस को सुरक्षित रखा जा सकता है। आज के स्वच्छता अभियान में ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड का भव्य शपथ ग्रहण समारोह

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में पत्रकारों की जिम्मेदारी अहम : जेएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पत्रकारिता की गरिमा, निष्पक्षता और सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने के उद्देश्य से प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने प्रेस क्लब के नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेते समय पूरे सभागार में तालियों की गूंज और उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रेस क्लब रुड़की रजिस्टर्ड के अध्यक्ष पद की शपथ दीपक मिश्रा ने ली, जबकि उपाध्यक्ष रियाज कुरेशी, महासचिव



अश्वनी उपाध्याय, कोषाध्यक्ष विनीत त्यागी, सचिव नितिन कश्यप, डायरेक्टर दीपक अरोड़ा एवं अंकित त्यागी ने भी अपने-अपने दायित्वों की शपथ लेकर पत्रकार हितों की रक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेट ने अपने संबोध न में कहा कि पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं और उनकी जिम्मेदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाने में बेहद अहम है। उन्होंने प्रेस क्लब की नई टीम को शुभकामनाएँ देते हुए निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की अपेक्षा जताई। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, जिला सूचना अधिकारी,रोटी लाल शाह , बीएसएम डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर सुरजीत सिंह गांधी, सिविल अस्पताल रुड़की के सीएमएस एवं बाल रोग विशेषज्ञ एसके मिश्रा तथा डीएवी डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल एमपी सिंह उपस्थित रहे।

❖ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्रम सेठ ने दिलाई पत्रकारों को शपथ

## ज्ञानदीप स्कूल में स्वच्छता अभियान पर निकाली रैली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ज्ञानदीप पब्लिक हाई स्कूल में आज दिनांक 7 फरवरी 2026 को स्वच्छता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा रैली निकाली गई। इसमें सभी छात्रों ने प्रतिभाग किया । छात्रों ने रैली के माध्यम से क्षेत्र की जनता को स्वच्छता रखने के लिए जागरूक किया। विद्यालय प्रबंधक वासुदेव पंत ने कहा कि कहा कि यह सिर्फ एक औपचारिक अभियान नहीं है, बल्कि लोगों की सोच और जीवनशैली में स्वच्छता को शामिल करने की पहल है। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रेखा बने कहा कि भविष्य में भी हमारे छात्र जनता को स्वच्छता के लिए जागरुक करते रहेंगे।

### बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की के छात्रों ने

## रेलवे स्टेशन तक चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज महा स्वच्छता अभियान .के तहत बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की के छात्रों द्वारा बी एस एम तिराहे से लेकर रेलवे स्टेशन तक विशेष स्वच्छ भारत अभियान दिनांक 7 फरवरी 2026 को सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र अपने हाथों में झाड़ू व अन्य सामान लेकर सड़कपर निकले जिनकी रहनुमाई खुद कॉलेज के प्रधानाचार्य में शिक्षकों ने की और शिक्षकों ने बीएम किराए से लेकर रेलवे स्टेशन तक झाड़ू लगाई वह जहां ज्यादा गंदगी थी उसको इकट्ठा करके भी सही जगह फेंका।

प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने बताया कि आज मुख्यमंत्री के आदेश पर जिलाधिकारी के निर्देशन में पूरे जनपद में शहर से देहात तक स्वच्छता महा अभियान चल रहा है जिसमें बीएसएम



इंटर कॉलेज के छात्रों व शिक्षकों है खुलकर भागीदारी कीस्कूल के छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी बीएम तिराहे से रेलवे स्टेशन तक सड़क पर झाड़ू लगाई और मांस स्वच्छता अभियान में भागीदारी की।

## नगर पालिका मंगलौर ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर पालिका परिषद मंगलौर ने कस्बे में आज स्वच्छता अभियान चलाया इस अभियान में अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी व अधि शासी अधिकारी के अलावा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अहम किरदार निभाया नगर पालिका के कर्मचारी आज सुबह से ही जनप्रतिनिधियों के साथ गली मोहल्ले में पहुंचे औ रकूड़ा इकट्ठा करने के लिए छोटी गाड़ियां साथ रहे वहीं सब ने हाथों में झाड़ू लेकर गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाया और लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। नगर पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर जिलाधिकारी के निर्देशन मेंयह स्वच्छता अभियान चल रहा है जिसमें नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि भी स्वच्छता अभियान में जिम्मेदारी सेकाम कर रहे हैं पूरे कस्बे की गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाया गया नगर पालिका के कर्मचारियों ने इस अभियान में अहम किरदार निभाया।

## गंगनहर में पैर फिसलने से एक युवक डूबा, दूसरे को पुलिस ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गंगनहर में फिसलने से एक युवक डूबकर लापता हो गया, जबकि उसके साथी को जल पुलिस के जवान ने स्थानीय गोताखोर की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया ओर डूबकर लापता युवक की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय आदित्य पुत्र फोनी एवं 18 वर्षीय कृष्णा पुत्र राकेश, निवासी अलावलपुर भगवानपुर पिरान कलियर आए हुए थे। इस दौरान दोनों युवक बिजली घर के पास कांवड़ पटरी की ओर गंगनहर किनारे गए। इसी बीच पैर फिसलने से दोनों युवक गंगनहर में गिर गए और डूबने लगे। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे ओर पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल रविन्द्र बालियान व जल पुलिस के जवान राधे पाटिल ने तत्परता दिखाते हुए स्थानीय गोताखोर की मदद से कृष्णा को सकुशल बाहर निकाल लिया। लेकिन आदित्य तेज बहाव में बहकर लापता हो गया। गंगनहर में डूबे युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका था।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार में बताया कि डूबकर लापता हुए युवक की तलाश जारी है।

### जमीनी रंजिश में भतीजे ने किया था चाचा पर जानलेवा हमला

## पुलिस ने 12 घंटे में दबोचा आरोपी, हमले में इस्तेमाल लोहे की पाठल भी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेडा थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर खेलमऊ में पुश्तैनी जमीन को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब एक भतीजे ने अपने ही चाचा पर जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि, झबरेडा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना 05 फरवरी 2026 की है, जब सुबह करीब 11 बजे ग्राम शेरपुर खेलमऊ निवासी अनुज पुत्र महेन्द्र अपने घर की सीढ़ियों पर मौजूद थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर उनके भतीजे अभिषेक पुत्र नीटू ने जान से मारने की नीयत से उन पर पाठल से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे अनुज गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की मां की तहरीर पर 06 फरवरी 2026 को थाना झबरेडा में मुकदमा अपराध संख्या 18/2026 धारा 109(1), 352, 351(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष झबरेडा अजय शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शेरपुर खेलमऊ गेट के पास सड़क से आरोपी अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर गांव के बाहर से घटना में प्रयुक्त पाठल भी बरामद कर ली गई। पूछताछ में सामने आया कि जमीन को लेकर चल रहा विवाद ही इस खौफनाक हमले की मुख्य वजह था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीममें थानाध्यक्ष अजय शाह, उप निरीक्षक रोहित कुमार, हेड कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार शामिल रहे

## स्कूल टीचर पर छोटे बच्चे के साथ गलत टच का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर कक्षा एक में पढ़ने वाले अपने पुत्र के साथ स्कूल के एक शिक्षक पर गलत टच करने तथा गलत काम करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका 8 वर्षीय पुत्र गांव के पास स्थित एक पब्लिक स्कूल में कक्षा एक में पढता है। शुक्रवार को जब उसका पुत्र स्कूल गया तो स्कूल के ही एक शिक्षक द्वारा उसके पुत्र को गलत तरीके से टच किया गया तथा उसके साथ गलत काम किया गया। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## फैक्ट्री के गंदे जहरीले पानी की शिकायत पर जांच करने को पहुंचे कानूनगो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** बेडपुर स्थित सिल्वर क्राउन फूड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से निकलने वाले गंदे और जहरीले पानी से फसलों को हो रहे भारी नुकसान को लेकर किसानों द्वारा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की से की गई शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार अनिल कांबोज ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और कंपनी से खेतों की ओर जा रहे दूषित पानी को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। नायब तहसीलदार अनिल कांबोज ने बताया कि किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कंपनी से निकलने वाला गंदा पानी खेतों में पहुंच रहा था, जिससे फसलों को नुकसान हो रहा था। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पानी की निकासी को बंद कराया गया है।उन्होंने बताया कि संबंधित लेखपालों को फसलों को हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दे दिए गए हैं। लेखपालों द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट कृषि विभाग को भेजी जाएगी। कृषि विभाग की जांच के बाद किसानों को फसल क्षति के अनुसार उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## नपं लंढौरा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ नसीम ने कर्मचारियों व वार्ड सभासदों के साथ कस्बे में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ नसीम ने कर्मचारियों वार्ड सभासदों राजकीय इंटर कॉलेज व कन्या हाईस्कूल की छात्र-छात्राओं के साथ स्वच्छता की शपथ ली। बाद में नगर पंचायत कर्मचारियों व पर्यावरण मित्रो के साथ जौरासी मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाकर सड़क के दोनों ओर सफाई की इस मौके पर डॉ नसीम ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है जो एक स्वस्थ जीवन और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करता है। हर व्यक्ति के लिए उनके आस-पास स्वच्छता बनाए रखना जरूरी है। एक साफ वातावरण न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। बल्कि रोगों से बचाव में भी मदद करता है। अधिशासी अधि कारी हेमंत गुप्ता ने बताया कि सरकार ने स्वच्छता महाअभियान चलाया हुआ है। जिससे समय समय पर कस्बे में अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, राव



गुलशेर, राहुल पाल, अब्दुर्रहमान, अमित तिवारी, मुंतजिर, तसलीम, सफाई नायक राजू, परवेज के अलावा सभासद राजेश वालिया, फरमान अली, हाजी सलीम अहमद, यशविन्दर सिंह, मोहम्मद रब्बान आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक शहजाद व पालिका अध्यक्ष संजीव के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद नगर पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू के नेतृत्व में जोर-शोर से स्वच्छता अभियान चलाया गया है लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि आज लक्सर नगर अध्यक्ष के साथ केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा भारत को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने कहा लक्सर नगर पालिका क्षेत्र में अलग-अलग मोहल्ले गलियों व सड़कों पर स्वच्छता अभियान जोर शोर से चला जा रहा है उन्होंने कहा अगर इसी तरह से सभी जगह सभी लोग स्वच्छता पर जोर दें तो तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है इसीलिए सभी को स्वच्छता अभियान में भाग लेना चाहिए । नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने कहा कि आज नगर पालिका परिषद क्षेत्र की छोटी-छोटी नालियों में छोटी-छोटी सड़कों में लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है उन्होंने कहा अगर सभी जगह स्वच्छता अभियान सही तरीके से चलाया जाए तो आम जन को सभी बीमारी से बचाया जा सकता है इस स्वच्छता अभियान में नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारियों ने भी अहम किरदार निभाया ।





कोलकाता। केंद्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन के तहत सुनवाई के दौरान इंतजार करते लोग।

## यूक्रेन के पास गतिविधि की रिपोर्ट, पोलैंड ने विमानों को अलर्ट किया

**वारसॉ।** यूक्रेन में युद्ध के संबंध में रूस की 'लंबी दूरी की हवाई गतिविधि' का हवाला देते हुए पोलैंड ने शनिवार को सैन्य विमानों को सतर्क किया और हवाई रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा। देश की सशस्त्र सेना परिचालन कमान ने यह जानकारी दी। कमान ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि यूक्रेन में लक्ष्यों पर किए गए हमलों के संबंध में संचालित रूस की लंबी दूरी की विमानन गतिविधि के कारण, पोलैंड के और सहयोगी विमानों ने पोलिश हवाई क्षेत्र में परिचालन शुरू कर दिया है।

## सेना प्रमुख ने पूंछ दौरे पर तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में अग्रिम क्षेत्रों में तैनात जवानों से मुलाकात की और सेना की तैयारियों का जायजा लेने के साथ पड़ोस के गांव में अपने पुराने सहकर्मी सेवानिवृत सूबेदार परवेज अहमद से मुलाकात कर उनकी कुशल क्षेम भी पहुंची। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्थानीय स्तर पर जवानों की मदद करने के लिए सूबेदार अहमद को सम्मानित भी किया। उन्होंने अग्रिम इलाकों में तैनात जवानों के मनोबल और सतर्कता की भी सराहना की। अग्रिम क्षेत्रों के दौरे के बाद जनरल द्विवेदी पूंछ के कामसर गांव भी गए। वहां उन्होंने 18 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सूबेदार (मानद कैप्टन) परवेज़ अहमद से मुलाकात की।

# मलेशिया में मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

## रिसीव करने पहुंचे प्रधानमंत्री इब्राहिम, मोदी ने कहा: ये उनका भारतीयों के लिए प्रेम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए।

वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा: पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था,



■ मलेशियाई पीएम अनवर बोले: हमारे भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्ते

लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है। पीएम मोदी और मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम एक ही कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी के स्वागत में भारतीय मूल के कलाकारों ने क्लासिकल डांस किया। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि आपने रोटी चनाई को मलाबार परोट्टा से जोड़ा है। नारियल, मसाले और चाय भी हमारे रिश्ते को जोड़ते हैं। चाहे कुआलालंपुर हो या कोच्चि, स्वाद एक जैसे लगते हैं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं, शायद इसलिए क्योंकि हमारी भाषाओं और मलय भाषा में कई शब्द समान हैं। मोदी ने कहा कि मैंने सुना है कि मलेशिया में भारतीय संगीत और फिल्में काफी लोकप्रिय हैं। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बहुत अच्छा गाते हैं, लेकिन भारत में बहुत से लोगों को यह बात पहले नहीं पता थी। उनके पिछले भारत दौरे के दौरान जब उन्होंने एक पुराना हिंदी गीत गाया, तो उसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। भारतीय पीएम ने कहा कि यह जानकर खुशी होती है कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को महान अभिनेता और नेता एमजीआर के तमिल गीत बहुत पसंद हैं। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को सिर्फ एक बड़ा बाजार मानती थी, लेकिन अब भारत निवेश और व्यापार का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। आज भारत को विकास के लिए एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखा जाता है। चाहे ब्रिटेन हो, यूएई, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ (ईयू) या अमेरिका, कई देशों ने भारत के साथ व्यापार समझौते किए हैं। भारत आपके दिलों में एक खास जगह रखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 लोगों की मौत

**टोक्यो।** जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आई। बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग-अलग गंभीरता से घायल हुए हैं, इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले सप्ताह, उत्तरी जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी की दूसरी लहर देखी गई।

### मिस्र के अबू फना मठ में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के मिस्न्या प्रांत में स्थित प्राचीन कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स संत फना मठ (देइर अबू फना, जिसे क्रॉस मठ के नाम से भी जाना जाता है) में दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। मिस्र के मीडिया ने यह जानकारी दी है। अल मसरी अल यौम अखबार के अनुसार, यह हादसा हुआ, जब चौथी शताब्दी के इस मठ की एक इमारत की भीतरी दीवार गिर गई। कॉप्टिक ईसाई संत फना के नाम पर बने इस मठ में इमारत की ईंटें और बड़े-बड़े पत्थर आगंतुकों पर गिर पड़े।


### 'अय्यावास्का' पेय का नए केंद्र बने स्पेन, पुर्तगाल

**बार्सिलोना/मैड्रिड।** अमेजन के घने जंगलों में तैयार होने वाला 'अय्यावास्का' पेय अब यूरोप के आलीशान होटलों तक पहुंच गया है और खासकर स्पेन, यूरोप के उन गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है जहां कानूनी अस्पष्टता के कारण इसके सेवन संबंधी 'रिट्रीट' बड़े पैमाने पर आयोजित किए जा रहे हैं। यूरोप के देशों में हाल के वर्षों में 'अय्यावास्का' पेय का सेवन एक वेलनेस प्रैक्टिस के रूप में तेजी से लोकप्रिय हुआ है। यह अय्यावास्का पेय दक्षिण अमेरिका के अमेजन बेसिन में मिलने वाली औषधियों से बनने वाला विशेष काढ़ा है।

# एपस्टीन फाइल्स: अनिल अंबानी की चैट आई सामने

## दावा: सुनहरे बालों वाली स्वीडिश महिला की पेशकश हुई, अनिल बोले: अरेंज करो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफी एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं।



■ ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बात. चीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा: क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा: मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लान्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। यौन अपराधी जेफी एपस्टीन की जेल में मौत हो गई थी। आधिकारिक रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने आत्महत्या की थी। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्सटीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी। इसके बावजूद एप्सटीन दुनिया के कई प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के संपर्क में बना हुआ था। रिकॉर्ड बताते हैं कि दोनों के बीच पेरिस और न्यूयॉर्क में मिलने की योजना बनीं। मई 2019 में अनिल अंबानी के न्यूयॉर्क दौरे के वक्त एपस्टीन ने उन्हें मैनहैटन स्थित अपने घर बुलाया, जहां दोनों मिले। दूसरे ईमेल्स से यह भी पता चलता है कि अंबानी और एपस्टीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं, बिजनेस मीटिंग्स और वैश्विक मंचों पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बातचीत हुई थी। इनमें पेरिस, न्यूयॉर्क और वर्ल्ड इकोनामिक फोरम के कार्यक्रमों में संभावित मुलाकातों का जिक्र है। एप्सटीन को 2019 में संघीय स्तर पर सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में फिर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मुकदमा शुरू होने से पहले ही उसकी हिरासत में मौत हो गई। इसके बाद दुनियाभर में विवाद खड़ा हुआ और उसके नेटवर्क को लेकर कई तरह की जांच शुरू हुई। चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हालीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हालीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म 'घोस्ट इन द शेल' की सह-निर्माता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डालर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे। इनमें फिल्मकार मीरा नायर, डायरेक्टर अनुराग कश्यप, अभिनेत्री नंदिता दास, वेलनेस गुरु दीपक चोपड़ा का नाम शामिल है। हालांकि, फाइल में नाम होना किसी अपराध का सबूत नहीं है। ये सिर्फ सामाजिक या पेशेवर संपर्क दिखाते हैं। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी पब्लिसिटी मैनेजर पेगी सीगल ने एपस्टीन को 21 अक्टूबर 2009 को भेजा था। इसमें सीगल ने लिखा है कि वह गिस्लीन मैक्सवेल (एपस्टीन की गर्लफ्रेंड और अपराधी) के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी हैं। मीरा नायर न्यूयार्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं।


## ब्रिटेन में डॉक्टर को 24 साल जेल की सजा बच्चों के यौन शोषण मामले में दोषी

**लंदन।** ब्रिटेन में बच्चों के यौन शोषण के एक गंभीर मामले में 76 साल के रिटायर्ड वेटनरी डाक्टर जान रुबेन को 23 साल 10 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। आरोपी ने समर कैंप में बच्चों को दी जाने वाली कैंडी में नशीली दवाएं मिलाकर उनका यौन शोषण किया। यह मामला पिछले साल जुलाई का है, जब इंग्लैंड के एक समर कैंप से जुड़े 8 से 11 साल के 8 बच्चों और एक वयस्क को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जांच के बाद पुलिस ने रुबेन को गिरफ्तार किया था। जान रुबेन ने नवम्बर में कोर्ट में 17 मामलों में दोष स्वीकार किया था। इनमें 13 साल से कम उम्र के दो बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न और 8 बच्चों के साथ क्रूरता के आरोप शामिल हैं। कोर्ट में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी पत्नी सूसन रुबेन को भी नशीली दवाई दी थी, ताकि वह सोती रहे और उसे पता न चले कि वह बच्चों के साथ यौन शोषण कर रहा है। बाद में आरोपी ने इस बात को भी स्वीकार किया। प्रासिक्यूटर मैरी प्रायर ने कोर्ट को बताया कि आरोपी ने अपने धार्मिक छवि का इस्तेमाल कर बच्चों का यौन शोषण किया। साथ ही, उसने वेटनरी सर्जन के तौर पर अपने मेडिकल ज्ञान का इस्तेमाल बच्चों को बेहोश करने के लिए किया।

## इस्लामाबाद शिया मस्जिद धमाका मामला, तीन गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो भाई और एक महिला शामिल है। ये तीनों लोग शुक्रवार को इस्लामाबाद के एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन तीनों से पूछताछ जारी है और जांच एजेंसियां इस हमले के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने में जुटी हुई हैं।

दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा-यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे।



■ पाक ने भारत को जिम्मेदार बताया, विदेश मंत्रालय बोला: पाकिस्तान खुद को धोखा दे रहा

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने धमाके में मारे गए लोगों के लिए शोक जताया है। उन्होंने कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। जरदारी ने घायलों के जल्द ठीक होने की दुआ की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों को हर संभव बेहतर इलाज की सुविधा दी जाए। पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मंत्री डा. तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस्लामाबाद में हुए धमाके की मैं कड़ी निंदा करता हूं। इस हमले में मारे गए लोगों के लिए दुखी हूं। ऐसी आतंकी घटनाएं देश और लोगों का हौसला नहीं तोड़ सकती। जरूरत है कि हम सब मिलकर शांति के लिए एकजुट हों और कानून व्यवस्था संभालने वाली एजेंसियों के साथ मजबूती से खड़े रहें।

## ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर टैरिफ को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान संबंधी एक खास कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आदेश अमेरिका को उन देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की अनुमति देता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ईरान से सामान या सेवाएं खरीदते हैं।

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है, लेकिन अधिकारियों को बदलती परिस्थितियों के आधार पर उन्हें तय करने और समायोजित करने के लिए अधिकृत करता है। इस आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर हालात बदलते हैं, जवाबी कार्रवाई होती है, या यदि ईरान अथवा कोई प्रभावित देश राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति एवं आर्थिक मामलों पर

■ यह आदेश विशिष्ट टैरिफ स्तर तो निर्धारित नहीं करता है

संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बिठाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाता है, तो राष्ट्रपति इस आदेश में संशोधन कर सकते हैं। यह आदेश विदेश मंत्री, वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि को टैरिफ प्रणाली एवं संबंधित उपायों को लागू करने के लिए नियम और दिशा-निर्देश जारी करने सहित सभी आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अधिकृत करता है। इसका उद्देश्य ईरान के ऐसे कदमों का सामना करना है, जिसमें उसकी परमाणु क्षमता हासिल करने की कोशिश, आतंकवाद का समर्थन, बैलिस्टिक मिसाइल विकास और क्षेत्रीय अस्थिरता शामिल है।

## एआई शिखर सम्मेलन समावेशी, जिम्मेदार राष्ट्रों को एक मंच पर लाएगा


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट' समिट का उद्देश्य वैश्विक एआई चर्चाओं को जमीनी स्तर पर लोगों, विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए वास्तविक और उपयोगी परिणामों में बदलना है। यह बात इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर इंडिया एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को डिजिटल इंडिया-हमारे विशेषज्ञों से पूछो (आस्क अवर एक्सपर्ट्स) कार्यक्रम में कही। सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अब भविष्य की अवधारणा नहीं है। यह भारतीयों के सीखने, काम करने, सेवाओं तक पहुंचने और रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने के तरीके को नया आकार दे रहा है।

# बांग्लादेश को 30 साल बाद नया पीएम मिलेगा

## चुनाव पर भारत-पाक व चीन की टिकी है नजर, बदल जाएगा साउथ एशिया का पावर बैलेंस

**ढाका।** बांग्लादेश में 12 फरवरी को संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने और खालिदा जिया के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। 1991 से 2024 तक बांग्लादेश की राजनीति में इन दो नेताओं का दबदबा रहा। ऐसे में 35 साल बाद देश को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है।

चुनाव आयोग का कहना है कि 2024 में हुए छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा में पार्टी की भूमिका की वजह से यह फैसला लिया गया है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि बांग्लादेश के ये चुनाव सिर्फ देश की राजनीति ही नहीं, बल्कि पूरे साउथ एशिया की डिप्लोमेसी और पावर बैलेंस को बदल सकते हैं। इसलिए भारत, पाकिस्तान और चीन भी इन चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं। बांग्लादेश में अगस्त 2024 से नोबेल विजेता मोहम्मद यूनुस की लीडरशिप में अंतरिम सरकार काम कर रही है। राजनीतिक



■ शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को इस चुनाव में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी गई है

जानकारों के मुताबिक, हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश की विदेश नीति में बड़ा बदलाव आया है। भारत के साथ रिश्ते अब अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं, जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध बेहतर हुए हैं और चीन के साथ रणनीतिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना को सत्ता छोड़नी पड़ी। वे भारत आ गईं, जिससे दोनों देशों में तनाव शुरू हुआ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले, मंदिर तोड़ने और हिंसा की खबरें आने लगीं, जिस पर भारत ने चिंता जताई। बांग्लादेशी सोशल मीडिया पर 'ग्रेटर बांग्लादेश' के नक्शे और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर भड़काऊ बातें फैलीं। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड-लाक बताया, जिससे विवाद छिड़ा। पाकिस्तान से संबंध बेहतर हुए तथा दोनों देशों के बड़े नेताओं और अधिकारियों ने आपस में सीधे बात करना शुरू किया, जिससे पुराने तनाव धीरे-धीरे कम होने लगे। 2025 में कराची और चटगांव के बीच कार्गो जहाज फिर से चलने लगे, जिससे समुद्री व्यापार आसान हो गया। 2026 की शुरुआत में ढाका और कराची के बीच कई साल बाद सीधी फ्लाइट्स शुरू हुईं। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने वीजा के नियम आसान करने पर बात की, खासकर सरकारी काम से आने-जाने वालों के लिए। अंतर्राष्ट्रीय बैठकों में पाकिस्तान और बांग्लादेश कई मुद्दों पर एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आए, जिससे तालमेल बढ़ा।

# बराक और मिशेल ओबामा से माफी नही मांगूंगा: ट्रम्प

## कहा: स्टाफ की गलती से वीडियो शेयर हुआ, पूर्व राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को बंदर दिखाया था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था।



■ वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था

हालांकि, ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी। इसके बाद उन्होंने इसे किसी स्टाफ को भेज दिया, जिन्हें पूरा वीडियो देखना चाहिए था।' ट्रम्प का दावा है कि स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया। ट्रम्प ने स्पष्ट रूप से माफी मांगने से इन्कार करते हुए कहा 'नहीं, मैंने कोई गलती नहीं की। हालांकि, उन्होंने नस्लवादी हिस्से की निंदा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट एक स्टाफ की गलती से शेयर हुई थी। कुछ घंटे पहले प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा था कि पोस्ट में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। वीडियो को लेकर ओबामा ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जाएगी। यह वीडियो ट्रम्प के उन कई पोस्ट्स में से एक था, जिनमें उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धांधली का दावा किया। करीब एक मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा किया कि 2020 के चुनाव में बैलेट गिनने वाली कंपनी डोमिनियन वोटिंग सिस्टम्स ने ट्रम्प के खिलाफ गड़बड़ी की थी। वीडियो के आखिर में कुछ सेकंड के लिए ओबामा दंपती के चेहरे बंदरों के शरीर पर दिखाए जाते हैं। उसी दौरान बैकग्राउंड में 'द लायन स्लीप्स टुनाइट' गाना बजता है। यह सीन एक अलग इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया था, जिसे पहले भी एक प्रभावशाली कंजर्वेटिव मीम मेकर ने फैलाया था। उस वीडियो में ट्रम्प को 'जंगल का राजा' और डेमोक्रेट नेताओं को जानवरों के रूप में दिखाया गया था। बराक ओबामा के करीबी और पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बेन रोड्स ने इसे लेकर ट्रम्प के इतिहास का काला धब्बा बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अमेरिकी लोग ओबामा दंपती को सम्मानित शख्सियतों के तौर पर याद करेंगे, जबकि ट्रम्प को इतिहास के एक काले अध्याय की तरह पढ़ा जाएगा। यह विवाद ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका में ब्लैक हिस्ट्री मंथ चल रहा है। कुछ दिन पहले ही ट्रम्प ने एक आधिकारिक घोषणा में अश्वेत अमेरिकियों के योगदान और आजादी, न्याय और समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की बात कही थी। यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का वीडियो पोस्ट किया हो। पिछले साल उन्होंने एक एआई वीडियो डाला था, जिसमें बराक ओबामा को ओवल ऑफिस में गिरफ्तार होते और जेल में दिखाया गया था। बाद में उन्होंने एक और एआई वीडियो पोस्ट किया, जिसमें अश्वेत नेता हकीम जेफीज को नकली मूंछ और सोमब्रेरो पहने दिखाया गया था।

# अमेरिका ने लागू की नई हथियार हस्तांतरण रणनीति

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर 'अमेरिका फर्स्ट आर्म्स ट्रांसफर स्ट्रेटेजी' की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य विदेशी सैन्य बिक्री में अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देना और घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व और तकनीकी बढ़त बनाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि अमेरिका को आगे रखने वाली हथियार हस्तांतरण रणनीति को स्थापित, लागू और क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति एक तकनीकी रूप से श्रेष्ठ, तैयार और लचीले राष्ट्रीय

■ वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया

सुरक्षा औद्योगिक उद्यम को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल अमेरिकी रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करेगी, ताकि उसमें अमेरिकी सेना, उसके सहयोगियों और साझेदारों का समर्थन करने की पर्याप्त क्षमता बनी रहे, विशेष रूप से ऐसे समय में जब अमेरिका साझा रक्षा बोझ बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस आदेश के तहत युद्ध, विदेश और वाणिज्य विभागों को आपसी समन्वय से काम करने का निर्देश दिया गया है, ताकि अमेरिकी निर्मित सैन्य उपकरणों का उपयोग एक ओर विदेश नीति के साधन के रूप में किया जा सके और दूसरी ओर देश के रक्षा औद्योगिक आधार को सशक्त बनाया जा सके। आदेश में कहा गया है, अमेरिका में निर्मित सैन्य उपकरण दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। आदेश में कहा गया है कि यह रणनीति सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में होने वाले हथियार हस्तांतरण घरेलू उत्पादन, तकनीकी श्रेष्ठता और राष्ट्रीय सुरक्षा को समर्थन दें। रणनीति के तहत संघीय एजेंसियों के लिए समय-सीमा तय की गई है, जिसके भीतर उन्हें विदेशी बिक्री के लिए प्राथमिक हथियारों और प्रणालियों की पहचान करनी होगी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है शाहिद-रश्मिका की जोड़ी





**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की जोड़ी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती है। शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना बहुत जल्द कॉकटेल 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्म इसी साल सितम्बर के महीने में रिलीज होगी।इस जोड़ी को एक नया प्रोजेक्ट भी मिल गया है। बॉलीवुड में चर्चा है कि निर्देशक अमित शर्मा शाहिद और रश्मिका को लेकर रोमांटिक कॉमेडी फिल्म बना रहे है। इस फिल्म का जियो स्टूडियोज के सहयोग से किया जाएगा। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं किया गया है। चर्चा है कि शाहिद और रश्मिका अपने मौजूदा प्रोजेक्ट्स पूरे करने के बाद

# दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी बने भंसाली के आइकॉनिक हीरो



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का सिर्फ हिस्सा नहीं बने हैं, बल्कि इस फिल्म के घरिए उन्होंने अपने दमदार अभिनय, भावनात्मक समझ और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस के साथ अपने करियर को एक अहम और नया मोड़ दिया है। संजय लीला भंसाली ने अपने करियर में सिर्फ फिल्में नहीं बनाई हैं, बल्कि सिनेमा की एक अलग ही दुनिया रची है। उनकी फिल्मों में एक खास तरह की भव्यता और भावनात्मक गहराई होती है, जो दर्शकों के दिलों में लंबे समय तक बस जाती है। भंसाली के सिनेमा में नायक सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं होते, बल्कि ऐसे किरदार बन जाते हैं जिन्हें लोग सालों तक याद रखते हैं। उनके नायकों में जुनून होता है, तो दर्द भी, मजबूती होती है, तो नाजुकपन भी। फिलहाल 'दो दीवाने शहर में' के जरिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने भंसाली यूनिवर्स में कदम रखा है। संजय लीला भंसाली की फिल्मों के नायक हमेशा खास होते हैं। वे ताक़तवर होने के साथ, भीतर से टूटे हुए भी होते हैं। प्रेम उनके जीवन का केंद्र भले हो, लेकिन कर्तव्य और संघर्ष उनकी पहचान होते हैं। ए किरदार सिर्फ परदे तक सीमित नहीं रहते, बल्कि फिल्म खत्म होने के बाद भी दर्शकों के जहन में बने रहते हैं। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान का समीर आज भी याद किया जाता है।

वह एक भावुक, जल्दबाज और सच्चे प्रेम में डूबा हुआ इंसान है। इस किरदार ने भंसाली के आधुनिक नायकों की नींव रखी, जो अपनी कमजोरियों के साथ भी बेहद सच्चा लगता है। फिल्म गुजारिश में ऋतिक रोशन ने बेहद संयमित और गहराई भरा अभिनय किया है। दर्द और गरिमा के बीच संतुलन बनाते हुए उन्होंने साबित किया कि खामोशी भी उतनी ही असरदार हो सकती है जितनी भव्यता। बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में भंसाली के साथ रणवीर सिंह का सफर बेहद दमदार रहा है। बाजीराव मस्तानी में बाजीराव और पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदारों में उन्होंने जुनून, पागलपन और त्रासदी को पूरी शिद्दत से जिया। यही वजह है कि उनकी ए भूमिकाएं उन्हें भंसाली के सबसे यादगार अभिनेताओं में शामिल करती हैं। भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर एक ऐसे नायक के रूप में नजर आनेवाले हैं, जो भीतर से उलझा हुआ है। सांवरिया के बाद इस फिल्म में भी रणबीर कपूर की संजीदा और भावनात्मक अभिनय शैली, भंसाली के सिनेमा से अच्छी तरह मिलकर दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसी फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आएंगे। विक्की कौशल के किरदारों में सादगी, सच्चाई और भावनात्मक ताक़त दिखाई देती है, जो भव्य कहानियों को और ज्यादा जमीन से जोड़ती है। दो दीवाने सहर में के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी, भंसाली सिनेमा में एक ऐसे नायक के रूप में उभरे हैं, जो अपनी आंखों से ही सारी बातें बयान करने का हुनर रखता है। फिल्म की झलकियों में वह एक संवेदनशील और भावुक प्रेमी के रूप में दिखाई देते हैं, जो शांत भी है और भीतर से गहराई से महसूस करने वाला भी। उनकी आंखों में एक अलग सी बेचैनी और सच्चाई दिखती है, जो भंसाली के नायकों की पहचान रही है।



# माधुरी दीक्षित ने देवदास में भंसाली संग काम करने के अनुभव पर की बात

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार माधुरी दीक्षित ने संजय लीला भंसाली की सुपरहिट फिल्म देवदास में उनके साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया है। यह फिल्म आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे विजुअली रिच और भव्य क्लासिक्स में गिनी जाती है।

अपनी ग्रैंड सिनेमैटिक विजन के लिए अक्सर गुरु दत्त और राज कपूर जैसे दिग्गज फिल्ममेकर्स से तुलना किए जाने वाले भंसाली के बारे में माधुरी का कहना है कि उन्होंने सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि फिल्ममेकिंग की पूरी प्रक्रिया में भी कविता घोल दी थी।

माधुरी दीक्षित ने फिल्म देवदास में चंद्रमुखी के अपने किरदार के बारे में बात करते हुए इसे बेहद लेयर्ड और इमोशनली रिच बताया। उन्होंने कहा, ष्मुझे भंसाली जी के साथ काम करके बहुत मजा आया। चंद्रमुखी फिल्म का एक बेहद अहम किरदार था। सिर्फ डांस मूव्स ही नहीं, बल्कि फिल्म का हर सीन कविता जैसा लगता है। माधुरी दीक्षित ने बताया कि चंद्रमुखी की जर्नी उन्हें मीरा बाई की याद दिलाती है। माधुरी ने साझा किया, ष्उसके भीतर एक जन्मजात मासूमियत है। वह बिल्कुल मीरा जैसी है, क्योंकि वह ऐसे इंसान से प्यार करती है जिसे वह जानती है कि वह उसे कभी वापस प्यार नहीं कर पाएगा। इसलिए हम उस पैशन को, उन छोटे-छोटे एक्सप्रेशंस को कैप्चर करना चाहते थे, जो भाषा और भावनाओं के जरिए सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि उनका और भंसाली का साथ काम करने का अनुभव ष्बेहद खूबसूरत रहा। माधुरी दीक्षित ने भंसाली की बारीकी से गढ़ी गई सीक्वेंस की फिजकिल डिमांड्स पर भी विस्तार से बात की, खासतौर पर आइकॉनिक गाने काहे छेड़ छेड़ मुझे के दौरान। उस भारी-भरकम कॉस्ट्यूम को याद करते हुए माधुरी ने बताया कि उन्होंने जो घाघरा पहना था, वह बेहद वजनदार था। उन्होंने साझा किया, ष्वह असली वेलवेट से बना था और उस पर असली एम्ब्रॉयडरी का काम किया गया था। असली मोतियों के इस्तेमाल ने उसे और भी भारी बना दिया था। उन्होंने बताया कि कॉस्ट्यूम का वजन इतना ज्यादा था कि जब वह घूमना बंद भी कर देती थीं, तब भी घाघरा अपने आप उनके चारों ओर घूमता रहता था। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद माधुरी मानती हैं कि सारी मेहनत पूरी तरह वाजिब थी।

उन्होंने कहा, जब आप उसे पर्दे पर देखते हैं डिटेल पर उनकी नजर, हर सीन को शूट करने का तरीका तो लगता है कि यह सब कुछ करना पूरी तरह सार्थक था। माधुरी दीक्षित ने कहा, लोग भंसाली को टास्कमास्टर कहते हैं, लेकिन जब हम साथ काम कर रहे थे तो वह सेट पर बहुत स्वीट थे। वह बस एक ही बात कहते थे, मुझे थोड़ा सा मैजिक दे दो। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।




# निर्माता हरमन और निर्देशक आरती फिर दिखेंगे साथ



**मुंबई।** बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व आगामी फिल्म के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। बावेजा स्टूडियोज के निर्माता हरमन बावेजा और निर्देशक आरती कड़व, जिन्होंने हाल के वर्षों की सबसे सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्मों में से एक दी, अब एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से हाथ मिला रहे हैं। फिल्म 'मिसेज' की पहली सालगिरह के मौके पर हरमन और आरती दोनों ने इंस्टाग्राम के जरिए इस री-यूनियन की जानकारी दी।

'मिसेज' बावेजा स्टूडियोज और आरती कड़व के लिए एक माइलस्टोन साबित हुई। संवेदनशील निर्देशन, दमदार लेखन और सधे हुए प्रोडक्शन के लिए फिल्म को खूब सराहा गया। वहीं सान्या मल्होत्रा की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने उन्हें कई अवॉर्ड्स दिलाए। इस फिल्म ने हरमन बावेजा को सिर्फ सार्थक सिनेमा का समर्थन करने वाले निर्माता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक कहानीकार के रूप में भी स्थापित किया, क्योंकि वह इस प्रोजेक्ट के सह-लेखक भी थे। हरमन बावेजा ने कहा, मिसेज उन गिनी-चुनी फिल्मों में से है, जो बनने के बाद भी लंबे समय तक आपके साथ रहती है। सिर्फ इसलिए नहीं कि इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, बल्कि इसलिए कि इसे पूरी ईमानदारी से बनाया गया। आरती के साथ काम करके मुझे फिर एहसास हुआ कि जब पूरी टीम एक ही सोच और संवे. दनशीलता के साथ काम करती है, तो सिनेमा कितना ताकतवर हो सकता है। पिछले एक साल में, जैसे-जैसे फिल्म ने अपना दर्शक और पहचान पाई, मेरा यह भरोसा और मजबूत हुआ कि यही वो कहानियां हैं, जिन्हें मैं आगे भी सपोर्ट करना चाहता हूं। दोबारा साथ आना किसी री-यूनियन जैसा नहीं, बल्कि उस क्रिएटिव सफर का अगला स्वाभाविक कदम लगता है, जिस पर हमें पूरा भरोसा है।

# नागबंधम से सामने आया ऋषभ साहनी का पावरफुल लुक

**मुंबई।** निर्देशक अभिषेक नामा की मोस्ट अवेटेड माइथोलॉजिकल एक्शन ड्रामा नागबंधम, जिसमें वीरत कर्णा लीड रोल में नजर आएंगे, इस समर ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज के लिए तैयार है। 15 घ्रवरी को महाशिवरात्रि के शुभ मौके पर फिल्म का टीजर रिलीज होने वाला है, जिससे पहले मेकर्स ने इस एपिक कहानी के एक अहम किरदार का फर्स्ट लुक भी सामने ला दिया है, जिसने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। फाइटर में अपने दमदार अंदाज से पहचान बना चुके ऋषभ साहनी ने नागबंधम में भी जबरदस्त असर छोड़ा है। इस फिल्म में वह कुख्यात अफगान सुल्तान अब्दाली के रोल में नजर आएंगे। 1750 के दौर पर बनी यह कहानी भारत में अब्दाली के हमलों को दिखाती है, जहां मंदिरों की लूट, दौलत की भूख और उसकी बेरहम फितरत को सामने रखा गया है। फर्स्ट-लुक पोस्टर एक जबरदस्त और डरावने माहौल को दिखाता है, जहां बर्फ से ढका जंग का मैदान तूफानी हवाओं से घिरा है। ऋषभ मिड-चार्ज में नजर आते हैं, हाथ में खून से सना विशाल बैटल एक्स लिए हुए, आंखों में खौफ और जुनून साफ झलकता है। उनके पीछे विशाल सेना आगे बढ़ती दिखती है, ठंडी हवाओं में लहराते हरे जंगी झंडे, तीरंदाज, योद्धा और विशाल युद्ध हाथी इस हाई-वोल्टेज वॉर कैनवास को और भव्य बना देते हैं।

